चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 16 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-79, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

शनि के उपग्रह एन्सेलाडस में ठहरी जीवन की तलाश 16

फिल्म के लिए मिल रही तारीफ से भावुक हुईं परिणीति 15

एक नजर

हुसैन की याचिका पर कोर्ट ने ईडी से मांगी दलील

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को ईडी से उस तर्क में लिखित दलील देने को कहा, जिसमें एजेंसी ने दावा किया है कि 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के संबंध में हुसैन के खिलाफ धन शोधन मामले को रद करने के अनुरोध वाली पूर्व आप नेता की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने ईडी के वकील द्वारा पूर्व पार्षद हुसैन की याचिका की पोषणीयता पर सवाल खड़ा करने के बाद यह आदेश पारित किया। कोर्ट ने अगली सुनवाई सितंबर के लिए सूचीबद्ध की और हुसैन के वकील को ईडी के जवाब पर प्रत्युत्तर दाखिल करने की छूट दी। साथ ही अगली तारीख पर निचली अदालत के रिकॉर्ड भी पेश करने का निर्देश दिया।

प. एशिया में तनाव बढ़ने से सेंसेक्स 845 अंक लुढ़का

मुंबई : शेयर बाजारों में सोमवार को दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और सेंसेक्स 845 अंक और लुढ़क गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित रही। तीस शेयरों वाले बीएसई सेंसेक्स 845.12 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ दो सप्ताह के निचले स्तर 73,399.78 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 929.74 अंक तक टूटा था। एनएसई का निफ्टी भी 246.90 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,272.50 अंक पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 793.25 अंक और निफ्टी 234.40 अंक के नुकसान में था।

17 तक बढ़ी पूर्व मंत्री सेंथिल की हिरासत

चेन्नई। सत्र अदालत ने सोमवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी.सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। उन्हें ईडी ने धनशोधन के मामले में जून 2023 में गिरफ्तार किया था।

पीसीएस अधिकारी ने फंदे पर लटककर की आत्महत्या

आजमगढ़, एजेंसी

- पत्नी के निधन के बाद अवसाद में चल रहे थे, गाजीपुर में थे तैनात

जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र में पीसीएस अधिकारी ने रविवार देर रात फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली।

पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बूढ़नपुर कस्बा निवासी आलोक कुमार सिंह (43) गाजीपुर जिले में बतौर एसडीएम तैनात थे और नगर पालिका गाजीपुर के प्रभारी ईओ का काम भी देख रहे थे। 2003 बैच के पीसीएस अधिकारी बीते 15 दिनों से अवकाश पर थे। उन्होंने बताया कि एक साल पूर्व आलोक कुमार की पत्नी का निधन हो गया था। उसके बाद से ही वे डिप्रेशन में चल रहे थे। रविवार को आलोक कुमार घर पर अकेले थे और इसी दौरान उन्होंने घर में ही फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात पट्टीदारों व पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर अतरौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की दो पुत्रियों हैं। दोनों बाहर रहकर पढ़ाई कर रही हैं।



इस बार मानसून में सामान्य से ज्यादा बरसेंगे मेघ

देश के 20 राज्यों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक इस बार जून से सितंबर माह तक मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा। 104 से 110 फीसद के बीच बारिश को मौसम विभाग सामान्य से बेहतर मानता है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक 20 राज्यों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है।

आईएमडी के महानिदेशक (डीजी) मृत्युंजय महापात्र ने सोमवार को बताया कि आईएमडी अपने पूर्वानुमान में अल नीनो, ला नीनो, हिंद महासागर द्विध्रुव स्थितियां और उत्तरी गोलार्ध में बर्फीले आवरण संबंधी स्थिति के प्रभाव पर विचार करता है। यह सभी स्थितियां इस बार भारत में अच्छे मानसून के अनुकूल हैं। महापात्र ने कहा कि 1971 से 2020 तक के बारिश के आंकड़ों पर गौर करें तो हाल के वर्षों में 1 जून से 30 सितंबर के बीच पूरे देश में औसतन 87 सेंटीमीटर बारिश होती है। अगर वर्षा 96 फीसदी से 104 प्रतिशत के बीच होती है तो वह सामान्य मानी जाती है। दीर्घावधि औसत की 106 फीसदी बारिश सामान्य से अधिक की श्रेणी में आती है और अगर वर्षा दीर्घावधि औसत की 105 फीसदी से 110 फीसदी के बीच होती है तो इसे सामान्य से अधिक माना जाता है। बारिश एलपीए का 90-96 प्रतिशत के बीच होती है तो उसे सामान्य से कम माना जाता है।

इन राज्यों में सामान्य से ज्यादा हो सकती है बारिश

केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, प.बंगाल, सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, पुडुचेरी, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, लक्षदीप, दादरा और नगर हवेली, दमन-दीव।

- **इन राज्यों में सामान्य बारिश का अनुमान :** छत्तीसगढ़, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख।
- **यहां सामान्य से कम बारिश का अनुमान :** ओडिशा, असम, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा।

प्रदेश में सबसे गर्म रहा प्रयागराज, पारा 42 के पार

लखनऊ : मौसम बदलने की संभावनाओं के साथ तापमान तेजी से बढ़ा है। प्रदेश में सबसे गर्म प्रयागराज रहा। यहां का तापमान 42 डिग्री रहा। सोमवार को प्रदेश के अधिकतर जनपदों का तापमान 34 डिग्री से अधिक रहा। लखनऊ का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के करीब रहा। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, आगे भी तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। इस बार वर्षा मई माह के अंतिम सप्ताह से आरंभ हो जाएगी। वर्षा का क्रम दो चरणों में रहेगा। इस बार सामान्य से अधिक होने वाली वर्षा कई वर्षों के रिकार्ड से अधिक रहेगी।

जो प्रधानमंत्री मोदी का विजन वही हमारे लिए मिशन : योगी

मुख्यमंत्री ने भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर पार्टी कार्यालय में की पत्रकार वार्ता

- सीएम बोले, देश को मोदी की गारंटी पर है विश्वास
- नारा दिया- 80 बनेगा आधार एनडीए 400 के पार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी बताते हुए इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की उद्घोषणा करार दिया है। योगी के मुताबिक, आज देश का जो भी एंबीशन है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है। इस देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है।

सोमवार को यहां भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, इस घोषणापत्र में हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने उप्र. में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा कि '80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार।'

योगी ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है। बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर प्रभावी ढंग से लागू करने के 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है। संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है।

उन्होंने यह भी बताया कि संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। आजादी के अमृतकाल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है। हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अंत्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं।

लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

21 सेवानिवृत्त जजों का सीजेआई को पत्र न्यायपालिका को किया जा रहा कमजोर

पत्र लिखने वालों में उच्चतम न्यायालय के चार सेवानिवृत्त न्यायाधीश भी शामिल

नयी दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के 21 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के एक समूह ने सोचे समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक रूप से अपमान के जरिए न्यायपालिका को कमजोर करने के कुछ गुटों के बढ़ते प्रयासों पर प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को एक पत्र लिखा है। जजों ने कहा कि ये आलोचक संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित हैं तथा न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं।

यह पत्र भ्रष्टाचार के मामलों में कुछ विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों में वाकयुद्ध के बीच लिखा गया है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को भेजी गई चिट्ठी पर हस्ताक्षर करने वालों में सुप्रीम कोर्ट के चार पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एमआर शाह शामिल हैं। बाकी 17 विभिन्न उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने आलोचकों पर अदालतों और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के स्पष्ट प्रयासों के साथ कपटपूर्ण तरीके अपनाने का आरोप लगाया है।

- न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर अपनाए जा रहे कपटपूर्ण तरीके

पूर्व न्यायाधीशों ने न्यायपालिका से ऐसे दबावों के खिलाफ मजबूत होने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि कानूनी प्रणाली की पवित्रता और स्वायत्तता संरक्षित रहे। पत्र में कहा, हम विशेष रूप से गलत सूचना की रणनीति और न्यायपालिका के खिलाफ जनता की भावनाओं को भड़काने के प्रयासों में चिंतित हैं। यह कोशिश न केवल अनैतिक हैं, बल्कि हमारे लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के लिए नुकसानदायक भी हैं। पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि यह हमारे संज्ञान में आया है कि ये तत्व संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित होकर हमारी न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। उनके इस मामले में काम करने के तरीके कहीं अधिक कपटपूर्ण हैं। उन्होंने उन तरीकों से स्पष्ट रूप से दोषारोपण करके न्यायिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का प्रयास किया। इस तरह की कोशिश न केवल हमारी न्यायपालिका की पवित्रता का अपमान करती हैं, बल्कि न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती भी हैं।

डराने-धमकाने के लिए पत्र लिखवाया गया: कांग्रेस

न्यायाधीशों के एक समूह द्वारा प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखा जाना न्यायपालिका को डराने-धमकाने की रणनीति का हिस्सा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि न्यायपालिका को सबसे बड़ा खतरा कांग्रेस से नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से है। 21 पूर्व न्यायाधीशों ने खत लिखा है जो इस बात की एक और मिसाल है कि किस प्रकार से प्रधानमंत्री और गृह मंत्री उच्चतम न्यायालय को धमकी दे रहे हैं, डरा रहे हैं और दबाव बना रहे हैं। उनका कहना था, उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि मणिपुर में संविधान नहीं बचा है। इसके बाद उसने कहा था कि चुनावी बॉण्ड असंवैधानिक है। उच्चतम न्यायालय में एक न्यायाधीश ने नोटबंदी की आलोचना की थी। इसलिए एक निष्पक्ष न्यायपालिका को डराने और धमकी देने के लिए यह तरीका अपनाया गया है।

23 तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत सोमवार को 23 अप्रैल तक बढ़ा दी।

सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की हिरासत की अवधि बढ़ा दी। इससे पहले, केजरीवाल को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। उनकी पूर्व की हिरासत अवधि सोमवार को समाप्त हो रही थी। ईडी ने यह कहते हुए केजरीवाल की हिरासत 14 दिन बढ़ाने की मांग की कि जांच महत्वपूर्ण चरण में है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार को ईडी से 24 अप्रैल तक जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तारी को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के नौ अप्रैल के उस आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखा गया था।

आबकारी नीति घोटाला

- वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री

कविता की अर्जी पर सीबीआई को नोटिस

नई दिल्ली। अदालत ने कविता की जमानत अर्जी पर सीबीआई को नोटिस जारी किया। सीबीआई और ईडी के मामलों के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया और संघीय एजेंसी को 22 अप्रैल तक अर्जी पर जवाब देने का निर्देश दिया। सीबीआई ने कविता को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में ईडी के गिरफ्तार करने के बाद से वह तिहाड़ जेल में थीं।

ईडी ने चनप्रीत को किया गिरफ्तार, 18 तक हिरासत में

नई दिल्ली। ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में चनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए आप के कोष का कथित तौर पर प्रबंधन किया था। सूत्रों ने बताया कि सिंह को धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था और अगले दिन विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने सिंह को 18 अप्रैल तक ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी द्वारा इस मामले में यह 17वीं गिरफ्तारी है।

रामनवमी पर श्रद्धालुओं को 19 घंटे दर्शन

अयोध्या। रामनवमी पर रामलला भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे। रामलला के जन्मोत्सव पर 17 अप्रैल को सुबह चार से रात 11 बजे तक मंदिर में प्रवेश मिलेगा। दोपहर में 12:16 बजे सूर्याभिषेक होगा।

पांच मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने सोमवार को उत्सव की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रृंगार, आरती आदि दर्शन के साथ-साथ चलते रहेंगे। दोपहर 12 बजे से पहले वस्त्र श्रृंगार होगा और 12 बजते ही पर्दा खुल जाएगा। मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नपेंद्र मिश्र ने बताया कि 12:16 बजे रामलला का सूर्याभिषेक होगा।

चुनावी बॉण्ड रद करने के फैसले पर पुनर्विचार याचिका दायर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने 2018 की चुनावी बॉण्ड योजना को कर दिया था रद

सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 15 फरवरी के उस फैसले पर पुनर्विचार का अनुरोध किया गया है, जिसमें मोदी सरकार की राजनीतिक चंदे की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया गया था।

वकील मैथ्यूज जे. नेदुम्पारा द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका में कहा गया कि अदालत ने योजना के खिलाफ याचिका पर विचार किया और इस बात पर ध्यान दिए बिना ही कानून और योजना को रद कर दिया कि ऐसा करके वह संसद पर अपीलीय प्राधिकारी के रूप में कार्य कर रहा है। याचिका में कहा गया कि अदालत ने ऐसे मामले पर अपने विवेक का प्रयोग किया, जो विधायी और कार्यकारी नीति के विशिष्ट क्षेत्र में आता है। नेदुम्पारा ने दावा किया कि न्यायालय इस बात पर ध्यान देने में विफल रहा कि जनता की राय इस मामले में अलग-अलग हो सकती है और देशवासी संभवतः इस योजना के समर्थन में हो सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 2018 की चुनावी बॉण्ड योजना को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सूचना के अधिकार का उल्लंघन करार देते रद किया था।

मुंबई अपराध शाखा ने दो संदिग्ध को पकड़ा

मुंबई : महाराष्ट्र में मुंबई के पॉश बांद्रा इलाके में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के आवास के बाहर कई राउंड फायरिंग के 24 घंटे में मुंबई अपराध शाखा ने नवी मुंबई से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य अनमोल बिश्नोई ने कल शाम हमले की जिम्मेदारी ली थी।

मुंबई पुलिस अपराध शाखा के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि बांद्रा पुलिस की प्रारंभिक जांच के बाद अब मामले की जांच अपराध शाखा कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह पांच बजे बाइक सवार दो हमलावरों ने बांद्रा स्थित सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर पांच राउंड फायरिंग की।

एक अक्टूबर से कर्ज लेने वालों को पूरी जानकारी उपलब्ध कराएंगे बैंक

मुंबई, एजेंसी

- व्यक्तिगत कर्जदारों, डिजिटल और छोटी राशि के कर्ज के संबंध में सभी जानकारी देना अनिवार्य

आरबीआई ने सोमवार को कहा कि बैंकों और एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां) को एक अक्टूबर से खुदरा और एमएसएमई कर्ज के लिए ऋण लेने वाले को ब्याज और अन्य लागत समेत ऋण समझौते के बारे में सभी जानकारी (केएफएस) देनी होगी। वर्तमान में, विशेष रूप से वाणिज्यिक बैंकों की तरफ से दिये गये व्यक्तिगत कर्जदारों, आरबीआई के दायरे में आने वाली इकाइयों के डिजिटल ऋण और छोटी राशि के कर्ज के संबंध में ऋण समझौते के बारे में सभी जानकारी देना अनिवार्य किया गया है।

रिजर्व बैंक ने बयान में कहा कि कर्ज के लिए केएफएस पर निर्देशों को सुसंगत बनाने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा, यह आरबीआई के दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के उत्पादों को लेकर पारदर्शिता बढ़ाने और सूचना की कमी को दूर करने के लिए किया गया है। इससे कर्ज लेने वाला सोच-विचारकर वित्तीय निर्णय कर सकेंगे। यह निर्देश आरबीआई के नियमन के दायरे में आने वाले सभी इकाइयों (आरई) की तरफ से दिये जाने वाले खुदरा और एमएसएमई सावधि ऋण के मामलों में लागू होगा। कर्ज लेने वालों को एक मानकीकृत प्रारूप में प्रदान किया जाता है। एक अक्टूबर, 2024 को या उसके बाद स्वीकृत सभी नये खुदरा और एमएसएमई सावधि ऋण के मामले में दिशानिर्देश बिना किसी अपवाद के अक्षरशः पालन किया जाएगा। इसमें मौजूदा ग्राहकों को दिये गये नये कर्ज भी शामिल हैं।

योगी और कंगना पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

गोंडा, अमृत विचार: वजीरगंज थाना क्षेत्र के शिवशंकर ने सीएम योगी व अभिनेत्री कंगना रानौत का आपत्तिजनक कार्टून बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल डाल दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वजीरगंज के परसिया गांव निवासी शिवशंकर ने फेसबुक पर शिवशंकर यदुवंश के नाम से फेसबुक आईडी बना रखी है। उसने खुद को यादव संगठन का महासचिव व वीर अहीर सेन निर्माण का जिला सचिव लिख रखा है। शिवशंकर ने सीएम योगी व कंगना रानौत का अभद्र पोस्टर बनाकर उसे फेसबुक पर पोस्ट किया था। साथ ही कंगना से मंडी (हिमाचल प्रदेश) का भाव पूछा था। यही नहीं, मुख्यमंत्री योगी का महिला वेष में अभद्र पोस्टर बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया था। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपी पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गंगा एक्शन प्लान का 26 जिलों से मांगा हिसाब

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- गंगा ग्रामों में खर्च राशि का ऑडिट के साथ देना होगा उपभोग प्रमाण
- नदी से सटे जिलों में कराए थे ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य

अमृत विचार : गंगा एक्शन प्लान के तहत 26 जिलों के गंगा ग्रामों को स्वच्छ बनाने में खर्च धनराशि का केंद्र ने हिसाब मांगा है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत नदी किनारे गंगा ग्रामों में क्या काम हुए, कितनी धनराशि खर्च हुई व कितनी शेष है। यह संबंधित जिला पंचायत राज अधिकारी को ऑडिट रिपोर्ट के साथ देना है। क्योंकि, कहीं अधूरे कार्य तो कहीं लाभार्थियों को योजना का लाभ न मिलने के कारण हिसाब नहीं दिया है। साथ ही 2023-24 में खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाणपत्र भी मांगा है। इस योजना में केंद्र और राज्य सरकार ने समय-समय पर करोड़ों रुपये दिए थे। केंद्र और राज्य अंश का अलग-अलग हिसाब देना है। रिपोर्ट में किसी तरह का अंतर न आए यह पंचायती राज निदेशालय ने हिदायत दी है। जो निदेशालय में ग्राम पंचायत वार रिपोर्ट का परीक्षण करेगा और केंद्र को भेजेगा।

> तीन जिलों में कुछ शौचालयों की धनराशि बकाया है। इसका समाधान करा रहे हैं। संबंधित जिलों से ऑडिट रिपोर्ट और खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाणपत्र मांगा है। जो शीघ्र ही केंद्र को भेजेंगे। - **राज कुमार**, मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उप्र

प्रयागराज, हरदोई, मुजफ्फरनगर में फंसी पहली किस्त

गंगा एक्शन प्लान के तहत गांवों में ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य कराए गए हैं। इसमें साफ-सफाई, नाली निर्माण, व्यक्तिगत शौचालय, आरआरसी सेंटर आदि शामिल हैं। जिनके इस्तेमाल से नदी में सीवेज, कूड़ा, गंदा पानी, कृषि के अपशिष्ट आदि का प्रवाह रोकना है। इसमें व्यक्तिगत शौचालय मुख्य हैं। इनके लाभार्थियों का चयन पूर्व में हुआ था और सबसे अधिक धनराशि उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन, प्रयागराज, हरदोई और मुजफ्फरनगर में कुछ लाभार्थियों को शौचालय निर्माण की पहली किस्त नहीं मिल पाई है तो किसी की दूसरी बकाया है। इस वजह से उपभोग प्रमाणपत्र और ऑडिट प्रभावित है।

29 जनपद **1004** ग्राम पंचायत **1605** राजस्व ग्राम

गंगा एक्शन प्लान में यह जिले: अमरोहा, बलिया, भदोही, बिजनौर, बदायूं, बुलंदशहर, चंदौली, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, गाजीपुर, हापुड़, हरदोई, कन्नौज, कानपुर नगर, कासगंज, कौशांबी, मेरठ, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, सम्भल, शाहजहांपुर, उन्नाव व वाराणसी।

एक नजर

मुख्य अभियंता ने अधिकारियों संग की समीक्षा

अमृत विचार,लखनऊ : ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता ने सोमवार को उपकेंद्र अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से 11 केवी तारों को डालने के कार्य को जल्द पूरा करने के लिए निर्देश दिए।मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि समीक्षा बैठक में क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए प्रयास तेज करने और कर्मचारी को बिना अधिकारी के अनुमति के शटडाउन ना देने के लिए कहा है। इसके साथ ही बकायेदारों से राजस्व की वसूली को तेज करने और प्रीपेड मीटरों के स्टॉक को चेक करने के लिए भी निर्देशित किया है।उपकेंद्र अधिकारियों को उपभोक्ताओं की समस्या को निपटाने के लिए ऑफिस में मौजूद रहने के लिए कहा है।

40 जिलों ने नहीं दिया युवा उत्सव का उपयोगिता प्रमाण पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल द्वारा कराए गए युवा उत्सव के उपयोगिता प्रमाण पत्र 40 जिलों ने नहीं दिए हैं। जबकि महानिदेशालय से बराबर पत्राचार कर कार्यकम संबंधित प्रमाण पत्र मांगे जा रहे हैं। वर्ष 2023-24 में मंडल व जनपद स्तर पर युवा उत्सव कार्यक्रमों हुए थे। इन कार्यक्रमों की महानिदेशालय ने पुष्टि के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र जिला युवा कल्याण अधिकारियों से मांगे हैं। जो सोनभद्र, लखीमपुर, महोबा, उन्नाव, सुल्तानपुर, चंदौली, प्रतापगढ़, कानपुर नगर, कन्नौज, जालौन, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, बुलंदशहर, ललितपुर, इटावा, शामली, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, वाराणसी, मिर्जापुर, कौशांबी, कानपुर देहात, हापुड़, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, अयोध्या, बाराबंकी संत कबीर नगर, देवरिया, चित्रकूट व हाथरस ने दिए हैं। जबकि शेष जिले प्रमाण पत्र नहीं उपलब्ध करा रहे हैं।

लालू आबादी बढ़ाएं, मोदी पीएम आवास बढ़ाएंगे

मुख्यमंत्री योगी ने बिहार में दो जनसभाओं को किया संबोधित, विपक्षियों पर जमकर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बिहार में औरंगाबाद और नवादा में जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान योगी ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल पर जमकर प्रहार किया।

योगी ने वहां औरंगाबाद में भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में जनसभा की, वहीं नवादा में विवेक ठाकुर के पक्ष में विजय संकल्प रैली को उन्होंने संबोधित किया। भाजपा पार्टी कार्यालय लखनऊ से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ ने लालू प्रसाद यादव पर तंज कसते हुए कहा कि ईश्वर उन्हें स्वस्थ्य रखे, वो आबादी बढ़ाएं, वहीं प्रधानमंत्री

मुख्यमंत्री योगी।

नरेन्द्र मोदी पांच साल में तीन करोड़ गरीबों के आवास बनाएंगे। योगी ने कहा कि बिहार से कांग्रेस व राजद के दलदल को साफ करने के बाद बिहार में विकास की रफ्तार बढ़ेगी। औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजद से कोई उम्मीद न कीजिए। यह चुनाव नेशन फर्स्ट व फैमिली फर्स्ट का है।

भाजपाई चुनाव जीतकर संविधान बदलने की बात कह रहे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। समाजवादी पार्टी मुख्यालय लखनऊ से साझा की गई जानकारी के अनुसार अखिलेश यादव ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण बचाने का चुनाव है।

भाजपा के लोग और उनके कई सांसद देश में लोकसभा चुनाव जीतकर संविधान बदलने की

▸▸ सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मुजफ्फरनगर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

बात कह रहे हैं। बाबा साहब ने जो संविधान बनाया है भाजपा उसी को खत्म करना चाहती है। भाजपा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों की विरोधी है। बाबा साहब ने देश की जनता को वोट और आरक्षण का जो अधिकार दिया है, भाजपा उसे खत्म करना चाहती है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने हार के डर से विपक्षी नेताओं पर झूठे मुकदमे लगवाकर जेल भिजवाया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और झारखण्ड के मुख्यमंत्री रहे हेमन्त सोरेन को जेल भेजा गया। जनता सब देख रही है। चुनाव में भाजपा का सफाया कर देगी। जनसभा को सपा के मुजफ्फरनगर लोकसभा प्रत्याशी हरेन्द्र मलिक, पूर्व सांसद कादिर राणा, पूर्व सांसद शाहिद सिद्दीकी, एमएलसी किरन पाल कश्यप, विधायक अतुल प्रधान समेत अन्य नेताओं ने भी सम्बोधित किया।

चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक-प्रकाशक का नाम व पता अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम व पता अनिवार्य कर दिया है। विज्ञापन करने वाली एजेंसियों को जवाबदेह बनाने के तहत यह कार्रवाई की गई है। इस सिलसिले में आयोग ने निर्देश जारी किया है। आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को इसे सख्ती से लागू कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देश के तहत सभी प्रकार की चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का नाम व पता का अनिवार्य रूप से उल्लेख करना होगा। यह कदम चुनाव प्रक्रिया में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 ए के तहत चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पैम्फलेट, पोस्टर या बैनर के मुद्रण में मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते के बिना मुद्रित नहीं किया जा सकता।

आयोग ने यह निर्देश उन शिकायतों के बाद जारी किया, जिसमें दावा किया गया था कि नगर निकाय के नियंत्रण वाले होर्डिंग लगाने के स्थानों पर बिना प्रकाशक और मुद्रक की पहचान वाले होर्डिंग्स लगे हुए हैं। इस निर्देश के साथ आयोग ने अब 'आउटडोर मीडिया' पर प्रकाशित राजनीतिक विज्ञापनों के लिए स्थान किराए पर देने वाले सभी स्थानीय प्रशासन व नगरीय निकायों के लाइसेंसधारियों-ठेकेदारों की जवाबदेही भी तय कर दी है। सभी नगरीय निकायों व स्थानीय प्रशासन जो कि होर्डिंग्स, पोस्टर, बैनर लगवाने के लिए जिम्मेदार हैं, को आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना होगा।

भारत निर्वाचन आयोग

▸▸ विज्ञापन करने वाली एजेंसियों की जिम्मेदारी तय

▸▸ भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किए निर्देश

मतदाताओं को पता होगा विज्ञापन करने वाले का नाम

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव सामग्री की प्रिंटिंग में शामिल सभी पक्षों को अधिक सतर्क रहना होगा और उन्हें अपनी जवाबदेही का पूर्ण रूप से पालन करना होगा। इससे निर्वाचन प्रक्रिया में अधिक स्पष्टता आएगी और मतदाताओं को उचित जानकारी प्राप्त हो सकेगी। निर्वाचन आयोग का यह निर्देश चुनावी प्रक्रिया को और अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और उसे नैतिक बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इससे चुनाव प्रचार में शामिल सभी मुद्रित सामग्री की उत्पत्ति और वित्तपोषण के स्रोतों की पहचान हो सकेगी, जो लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है।

रामनवमी को लेकर डीजीपी ने जारी की गाइडलाइन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ वरिष्ठ अधिकारी संवदेनशील स्थानों का करें भ्रमण

अमृत विचार : रामनवमी के त्योहार को लेकर प्रदेश की पुलिस अलर्ट हो गई है। सोमवार को पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने प्रदेश के समस्त एडीजी, आईजी, डीआईजी और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि त्योहार रजिस्टर की प्रविष्टियों का परीक्षण कर विगत वर्षों अथवा वर्तमान में कोई समस्या दिखाई पड़े तो उसका तत्काल निस्तारण कराया जाए।

शांति समिति, कार्यक्रम आयोजकों व धर्मगुरुओं के साथ वरिष्ठ अधिकारियों की अध्यक्षता में बैठक कर ली जाए।

उन्होंने कहा कि जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण मन्दिरों, मेला स्थलों, जुलूस एवं शोभा यात्राओं के मार्गों सहित सभी संवदेनशील स्थानों का भ्रमण कर लिया जाय तथा छोटे से छोटे जुलूसों के साथ भी आवश्यकतानुसार पुलिस व्यवस्थापन किया जाए। शरारती एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध नियमानुसार प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

दूसरे चरण में हेमा व अरुण की प्रतिष्ठा दांव पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : दूसरे चरण की आठ सीटों पर हो रहे चुनाव में भाजपा नेता व अभिनेत्री हेमा मालिनी व अभिनेता अरुण गोविल की प्रतिष्ठा दांव पर है। भाजपा ने हेमा मालिनी को मथुरा व अरुण गोविल को मेरठ से प्रत्याशी बनाया है। इस चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है।

इस चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा सीटों पर चुनाव है, जिसमें मथुरा व मेरठ सीट अहम मानी जा रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में मथुरा सीट से भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी ने 2,93,471 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। उन्हें 6,71,293 वोट मिले थे। हेमा मालिनी ने रालोद के प्रत्याशी कुंवर नरेंद्र सिंह को हराया था। रालोद प्रत्याशी को 3,77,822 वोट मिले थे। इस बार रालोद भाजपा गठबंधन में शामिल है। इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने हेमा मालिनी से मुकाबला करने के लिए मुकेश धनगर का प्रत्याशी बनाया है, जबकि बसपा ने सुरेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह, मेरठ सीट पर भाजपा ने टीवी धारावाहिक रामायण ने राम की भूमिका निभा चुके अरुण गोविल को चुनाव मैदान में उतारा है। सपा ने उनके मुकाबले अतुल प्रधान व बसपा ने देवव्रत कुमार त्यागी को चुनाव मैदान में उतारा है। पिछले चुनाव में भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल ने इस पर जीत दर्ज की थी। उन्होंने बसपा के हाजी मोहम्मद याकूब को हराया था।

इसी तरह, 2019 के चुनाव में अमरोहा सीट पर बसपा ने जीत हासिल की थी, बसपा के प्रत्याशी रहे कुंवर दानिश अली ने भाजपा के कंवर सिंह तंवर को हराया था। इस पर दानिश अली कांग्रेस से प्रत्याशी हैं, जबकि बसपा ने मुजाहिद हुसैन को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने कुंवर सिंह तंवर को फिर चुनाव मैदान में उतारा है। बागपत सीट पर इस बार भाजपा गठबंधन में शामिल रालोद ने राजकुमर सांगवान को प्रत्याशी बनाया है, जबकि सपा ने मनोज चैधरी व बसपा ने प्रवीण बंसल को चुनाव मैदान में उतारा है।

राजधानी स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर चुनाव के प्रचार सामग्री की दुकान पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

11 हजार छात्रों को आरटीई के तहत मिलेंगी निशुल्क पुस्तकें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आश्रम पद्धति के छात्राओं को दी जाएंगी पुस्तकें

अमृत विचार : आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं को आरटीई (शिक्षा के अधिकार) के तहत निशुल्क पुस्तकें दी जाएंगी। समाज कल्याण विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग में इसको लेकर आपसी सहमति बन गई है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 56 यूपी बोर्ड के विद्यालय हैं। यूपी बोर्ड के विद्यालय में कक्षा छह से आठ तक के लगभग 11 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। आरटीई के तहत इनको पुस्तकें निशुल्क दिए जाने का प्रावधान हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से पुस्तकें नहीं दी जा रही थीं। पुस्तकें न मिलने से छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही थी। उन्होंने बताया कि विभाग के अपर राज्य परियोजना निदेशक से इस संबंध में बात की गई और उनको पूरे मामले की जानकारी दी गई। अपर राज्य परियोजना निदेशक ने छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तकें देने को कहा है।

पहले चरण के लिए प्रचार को 48 घंटे शेष आरोपों-प्रत्यारोपों का जमीनी घमासान होगा

अजय दयाल, लखनऊ

▸▸ अखिलेश, मायावती ने भी तेज की रैलियां, अब जल्द नजर आएगी दो लड़कों की जोड़ी भी

▸▸ मोदी, योगी और शाह एनडीए प्रत्याशियों के लिए कर रहे ताबड़तोड़ जनसभाएं

अमृत विचार : प्रदेश में पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान है। राज्य की आठ सीट के लिए होने वाले मतदान में अब मात्र तीन दिन शेष हैं। यानि प्रचार के लिए तो अब दो दिन ही मान कर चलिए। ऐसे में इन चंद घंटों में खासकर एनडीए और इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारकों के बीच पश्चिमी उप्र. में आरोप-प्रत्यारोपों का जमीनी घमासान देखने को मिलेगा। इस बीच, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी और उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी हस्तियां एनडीए प्रत्याशियों के प्रचार में ताबतोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। वहीं, देर से ही सही, लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और बसपा नेत्री मायावती व राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद भी अब जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। सभी दलों का फिलहाल फोकस पश्चिमी यूपी पर है।

भाजपा के सहयोगी दल भी प्रदेश के चुनावी रण में पसीना बहाने में पीछे नहीं रहे। हालांकि, राजनीतिक दलों के नेताओं, आम कार्यकर्ताओं से लेकर आम मतदाताओं को अभी भी सबको प्रदेश के दो लड़कों की जोड़ी की संयुक्त रैली, रोड-शो का इंतजार है। बहरहाल, बुधवार को राहुल और अखिलेश की जोड़ी नजर आने वाली है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के मुख्य नेताओं ने आपस में बैठकर पिछले दिनों चुनाव के अगले चरणों की भी रूपरेखा बना ली है। प्रचार के दौरान आप नेता संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी नजर आ सकती है।

दरअसल, दिल्ली का रास्ता तय कराने वाले उत्तर प्रदेश में सात चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को है। पहले चरण में पश्चिमी यूपी की कुल आठ सीटों पर चुनाव होना है। इसमें बिजनौर, कैराना, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, पीलीभीत, रामपुर और सहारनपुर सीट शामिल हैं। जिसमें से कई सीट पर भाजपा और सपा को अंदरूनी कलह से निपटना होगा।

प्रचार को लेकर कुछ और है विपक्ष की राजनीतिक सोच

बहरहाल, चुनाव प्रचार की रेस में एनडीए के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन के नेता निःसंदेह देर से शामिल हुए हैं। इसपर भाजपा के स्टार प्रचारकों ने चुटकी भी ली कि, एनडीए की तैयारी देखकर विपक्षी खेमा प्रचार से भी दूर है। वहीं, सूत्र बता रहे हैं कि, उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन में शामिल दल खामोशी से प्रचार की रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं। बड़ी रैलियों के बजाय लोकसभा क्षेत्र के स्तर पर छोटी-छोटी सभाएं करने पर जोर है। हर चरण के चुनाव में एक-दो ही बड़ी रैलियां करने की योजना पर काम हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि इसके पीछे विपक्ष की रणनीति भाजपा में अतिआत्मविश्वास भरकर अपनी चिन्हित कई सीटों से दूर रखना है।

विपक्षी दलों के लिए वित्तीय प्रबंधन भी बड़ी चुनौती

कांग्रेस के एक पुराने नेता का तर्क है कि पिछले कई चुनावों में कांग्रेस ने बड़ी चुनावी रैलियां तो कीं, लेकिन परिणाम लगभग सिफर ही रहा। इस बार कांग्रेस को वित्तीय प्रबंधन की भी चिंता है। वहीं, प्रत्याशी भी खामोशी से चुनाव लड़ना चाहते हैं। यही स्थिति अमूमन अन्य दलों की भी है। क्योंकि क्षेत्र में जो भी उनकी मजबूत बेल्ट हैं, वह नहीं चाहते कि भाजपा की उनमें भी सेंधमारी हो। सूत्रों की मानें तो इंडी गठबंधन में शामिल दलों की रणनीति यह है कि उनके परंपरागत वोटबैंक में अतिरिक्त मतदाताओं को बिना किसी शोर-शराबे के जोड़ने का प्रयास करते हुए जीतने की जुगत भिड़ाई जाए, बाकी 'अंडर करंट' पर निर्भर रहें।

एनडीए को पहले चरण में ही बड़ी चुनौती

प्रदेश में मिशन 80 लेकर चल रही भाजपा के सामने पहले चरण में ही बड़ी चुनौती है। पहले चरण में रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना लोस. सीट के लिए चुनाव होना है। इन्हीं आठ में से पांच सीटों पर भाजपा 2019 में पराजित हुई थी। हालांकि, पिछले चुनाव में सपा का साथ देने वाला रालोद इस बार राजग के साथी बन चुका है। बहरहाल, ताजा चुनौती कुछ और भी है। कई इलाके में राजपूत समुदाय सत्तारूढ़ दल के खिलाफ महा पंचायतें कर रहा है। इस तरह की महापंचायतें सहारनपुर, मेरठ और गाजियाबाद में हो चुकी हैं। मतदान पर इसका क्या-क्या प्रभाव पड़ेगा यह बड़ा सवाल है?

जयवीर सिंह, आदित्य यादव व छत्रपाल सिंह ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ तीसरे चरण में 18 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

अमृत विचार : तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए हो रहे चुनाव के लिए सोमवार को 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें मैनपुरी से भाजपा से मंत्री जयवीर सिंह, बदायूं में सपा से पूर्व मंत्री शिवपाल यादव के पुत्र आदित्य यादव, बरेली सीट के लिए भाजपा से छत्रपाल सिंह समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इस चरण की सीटों पर अब तक कुल 19 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए पीस पार्टी से राशिद ने नामांकन पत्र भरा। हाथरस (अजा) सीट के लिए समाजवादी पार्टी से जसवीर, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी से घनश्याम सिंह व निर्दलीय प्रत्याशी जयपाल ने नामांकन पत्र भरा। आगरा (अजा) सीट के लिए भाजपा से सत्यपाल सिंह बघेल ने नामांकन पत्र भरा। फतेहपुर सीकरी सीट के लिए निर्दलीय प्रत्याशियों में अम्बेडकरी हसनुराम अम्बेडकरी व रामेश्वर सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। फिरोजाबाद सीट के लिए समाजवादी पार्टी से अक्षय यादव व भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी से उपेन्द्र सिंह ने नामांकन पत्र भरा।

मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा से जयवीर सिंह ने नामांकन पत्र भरा। एटा सीट के लिए भाजपा से राजवीर सिंह ने नामांकन पत्र भरा। बदायूं सीट के लिए समाजवादी पार्टी से आदित्य यादव व राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से किशोर कुमार ने नामांकन पत्र भरा। आंवला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा से धर्मेन्द्र कश्यप ने नामांकन पत्र भरा। बरेली सीट के लिए भाजपा से छत्रपाल सिंह, जनशक्ति एकता पार्टी से रोहताश कुमार, वंचित समाज इंसाफ पार्टी से लइक अहमद मंसूरी व निर्दलीय प्रत्याशी में नितिन मोहन ने नामांकन पत्र भरा।

19 तक प्रत्याशी कर सकेंगे नामांकन

तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और दो सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं व बरेली सहित 12 जिलों के अंतर्गत तीसरे चरण के 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आते हैं। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल को की जायेगी। प्रत्याशी 22 अप्रैल को नाम वापसी कर सकेंगे।

किसी भी आरटीओ कार्यालय में फिटनेस करा सकेंगे वाहन स्वामी

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश के व्यवसायिक वाहन स्वामियों को परिवहन विभाग ने बड़ी राहत प्रदान की है। वाहन मालिकों को फिटनेस के लिए अधिक भागदौड़ नहीं करनी होगा। वाहन स्वामी अब प्रदेश के किसी भी अपने वाहन की फिटनेस करवा सकेंगे। परिवहन विभाग ने एनीव्हेयर व्हीकल्स फिटनेस व्यवस्था लागू कर दी है। वाहनों के फिटनेस आवेदन करने पर वाहन 4.0 पोर्टल पर फिटनेस की नई व्यवस्था के तहत लाइव नजर आएगा। इससे वाहन स्वामी के सामने उस आरटीओ कार्यालय आने की मजबूरी नहीं होगी जहां उसके वाहन का नंबर दर्ज है।

कब्र में दफन अतीक अहमद राजनीति में जिंदा

लोकसभा चुनाव में अतीक के नाम पर वोटों के ध्रुवीकरण की जुगत में पक्ष और विपक्ष

विनय सिंह, लखनऊ

▸▸ पिछले वर्ष 15 अप्रैल को पुलिस हिरासत में हुई थी अतीक व अशरफ की हत्या

▸▸ पुण्यतिथि पर कब्रिस्तान के बाहर भगोड़ा पत्नी का इंतजार करती रही पुलिस

अमृत विचार : उप्र. के दुर्दांत अपराधी, पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या एक साल पूर्व 15 अप्रैल को की गई थी। गली-मोहल्लों और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अब चर्चा न के बराबर होती है लेकिन वोट की राजनीति ने उसे जिंदा कर रखा है। मौजूदा लोकसभा चुनाव में अतीक की चर्चा कर मतों का ध्रुवीकरण करने में कोशिश में लगे हैं। भाजपा और सपा दोनों ही दलों के लिए अतीक एक मुद्दा बना हुआ है।

अपराधी अतीक के खिलाफ हुई कार्रवाइयों को भाजपा अपनी सफलताओं में गिना रही है, जबकि सपा उसकी हत्या के मुद्दे को उठाकर मुस्लिमों की सहानुभूति को वोटों में बदलने की फिराक में है। मंगलवार को अतीक की पुण्यतिथि थी। जिस कालिंदीपुरम कब्रिस्तान में अतीत दफन है, उसके बाहर सिविल ड्रेस में पुलिस कर्मियों का पहरा रहा।

दरअसल पुलिस को अनुमान था कि अतीक की भगोड़ा घोषित अतीक की पत्नी शाइस्ता और जैनब कब्रिस्तान पहुंच सकते हैं। हटवा में रह रहे बेटे आबान व एहजम के भी कब्रिस्तान जाने की संभावना थी। पुलिस ने दोनों भाइयों की निगरानी बढ़ा दी गई थी, क्योंकि उनकी जान को भी खतरा है। भगोड़ा शाइस्ता और जैनब को लेकर भी पुलिस को आशंका थी कि वह कब्रिस्तान पहुंच सकती हैं, लेकिन वह भी नहीं पहुंची।

हालांकि पुण्यतिथि पर किसी भी दल के बड़े नेता ने अतीत की हत्या पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी लेकिन इस लोकसभा चुनाव में अतीक मुद्दे के रूप में सामने आया। सत्ता पक्ष जहां और विपक्ष अपने-अपने हिसाब से गुद्दे को भुना रहे हैं। खुलेआम तो कोई नहीं बोलता लेकिन इशारा अतीक पर ही रहता है।

चित्रकूट जेल में बंद हैं अतीक-अशरफ के हत्यारोपी

बांदा के लवलेश तिवारी, हमीरपुर के सनी सिंह और कासगंज के अरुण मौर्य पर अतीक अहमद की हत्या करने का आरोप था। पुलिस तीनों के खिलाफ चार्जशीट फाइल कर चुकी है। फिलहाल तीनों जेल में बंद हैं। न्यायिक आयोग ने नौ महीने में हत्या मामले की जांच पूरी की थी। 18 जनवरी को जांच रिपोर्ट कैबिनेट में भेज दी गई थी।

अतीक की 1800 करोड़ की संपत्तियों पर हुई कार्रवाई

उमेश पाल हत्याकांड के बाद पुलिस ने अतीक अहमद और उसके सिंडीकेट को खत्म करने का अभियान चलाया। अतीक, अशरफ, उसके परिवार और आईएस-227 गैंग के सदस्यों की करीब 1800 करोड़ की नामी-बेनामी संपत्तियां कुर्क की गई।

अतीक के दोनों बेटों की हिस्ट्रीशीट खुली

अतीक अहमद के दोनों बेटों उमर और अली की प्रयागराज के खुल्दाबाद थाने में मंगलवार को हिस्ट्रीशीट खोल दी गई। उमर का हस्ट्रीशीट नंबर 57 बी और अली अहमद उर्फ अली अतीक का हिस्ट्रीशीट नंबर 48 बी है। अतीक की हिस्ट्रीशीट का नंबर 39 और अशरफ का 93बी था। अतीक अंतरराज्ययीय गैंग आईएस 227 का सरगना था। खुल्दाबाद थाने में ही अतीक और अशरफ की भी हिस्ट्रीशीट खुली थी। अतीक पर 105 मुकदमे दर्ज थे। उमर पर तीन और अली पर 11 मुकदमे दर्ज हैं।

4000 करोड़ की संपत्तियों का लेखा-जोखा तैयार

पुलिस ने अतीक और अशरफ की मौत के बाद मिले दस्तावेजों का आकलन कर करीब चार हजार करोड़ के आसपास की संपत्तियों का लेखा-जोखा तैयार किया है। कुछ नामी संपत्तियां तो अतीक के परिवार के नाम हैं और उस पर उनके लोग काबिज हैं। पूछताछ, छापेमारी, घर, कार्यालय, रिश्तेदारों के यहां से मिले संपत्तियों के दस्तावेजों के अनुसार अतीक का साम्राज्य 4000 करोड़ का था। जांच एजेंसियों को अतीक की दुबई में भी संपत्ति का पता चला है। दुबई में फ्लैट के साथ ही सफेदपोश के साथ कारोबार में रकम लगी होने की जानकारी भी मिली है।

आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर के स्थान पर वैद्य लिखें: दुर्गा शंकर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ डॉ. त्रिपाठी आयुर्वेद निदानशाला एवं पंचकर्म सेन्टर शुरू

अमृत विचार: कोविड महामारी के दौरान हमारी आयुष पद्धतियों के द्वारा ही जनमानस ने अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर अपना जीवन सुरक्षित किया। आयुर्वेद के चिकित्सकों से अपने नाम के आगे डॉक्टर न लिखकर वैद्य लिखने का आग्रह किया। यह बात सोमवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने डॉ.त्रिपाठी आयुर्वेद निदानशाला एवं पंचकर्म सेन्टर के उद्घाटन अवसर पर कही।

भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करने के बाद उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई हजार आरोग्य केन्द्र बन चुके हैं। उन्होंने कहा, हमारी भारतीय चिकित्सा पद्धति चाहे आयुर्वेद हो, योग हो, सिद्धा हो, प्राकृतिक हो सभी में 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामय' की कामना की गई है। यह 'पंचकर्म सेन्टर' लोगों के लिये वरदान सिद्ध होगा।

प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी ने कहा कि पंचकर्म सेन्टर से लखनऊ ही नहीं, वरन आने वाले समय में प्रदेश के जनमानस को भी आयुर्वेद के माध्यम से उपचार की विशिष्ट सुविधा प्राप्त होगी। निदेशक आयुर्वेद डॉ. प्रकाश चन्द्र सक्सेना ने आयुर्वेद का दैनिक जीवन में महत्ता पर प्रकाश डाला। राजवैद्य शिव शंकर त्रिपाठी ने मुख्य सचिव समेत सभी अतिथियों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन वैद्य माण्डवी बाजपेयी व वैद्य दीपांजली त्रिपाठी ने किया।

अष्टम महागौरी

मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र-श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः।

ग्रामीण क्षेत्रों में रोडवेज बस चलाने की योजना अटकी

आठ महीने पहले हुआ था रूटों का सर्वे, शासन में अटकी फाइल, परिवहन निगम कर रहा इंतजार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: जिले के तमाम ग्रामीण क्षेत्र ऐसे हैं, जो मुख्य मार्गों से काफी दूर हैं। इससे इन ग्रामीणों को कोसो दूर चलकर आवागमन का साधन पकड़ना पड़ता है। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोडवेज बस चलाने के लिए आठ महीने पहले सर्वे कराया था और रिपोर्ट भेजी थी, लेकिन अभी तक सर्वे फाइल अफसरों की अलमारी में धूल फांक रही हैं। परिवहन निगम शासन की मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहा है।

यूपी के सबसे बड़े लखीमपुर खीरी में ग्रामीण रूटों पर रोडवेज बसों का संचालन नहीं होता है। निजी बसें भी नाम मात्र रूटों पर ही संचालित होती है। इससे दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को नगर, तहसील, जिला मुख्यालय पहुंचने में काफी जद्दोजहद करनी पड़ती है। सीएम योगी ने प्रदेश भर में ग्रामीण क्षेत्रों के रूटों पर परिवहन विभाग की बसों का संचालन करने का निर्णय लिया था। सरकार का मानना था कि ग्रामीण अंचलों में बसों के चलने से शहर, नगर, कस्बों से दूर स्थित गांवों के लोगों का आवागमन आसान हो जाएगा। वहीं उन्हें संसाधन भी उपलब्ध होगा। साथ ही रोडवेज विभाग की आमदनी में भी बढ़ोत्तरी होगी। शासन के आदेश पर करीब आठ महीने पहले लखीमपुर डिपो ने 10 ब्लॉकों लखीमपुर, बेहजम, नकहा, बिजुआ, ईसानगर, धौरहरा, रमियाबेहड़, निघासन, मितौली व फूलबेहड़ के 13 रूटों का सर्वे किया था। सर्वे में इन बातों का ख्याल रखा गया था कि किस रूट पर कितने गांव आते हैं। इन गांवों के बीच दूरी और आबादी क्या है। सड़कों की हालत कैसी है। यह सर्वे उन रूटों का किया गया था जिन पर परिवहन निगम और निजी बसें संचालित नहीं हो रही हैं। 254 किलोमीटर दूरी के 13 ग्रामीण रूटों का सर्वे कर लखीमपुर डिपो ने अपनी रिपोर्ट शासन को भेज दी थी।

लखीमपुर रोडवेज बस स्टेशन।

इन मार्गों का हुआ था सर्वे

पतरासी से बड़ागांव, पतरासी से फूलबेहड़, ढखेरवा से पढुवा होकर ठकुरीपुरवा, रमियाबेहड़ से रानीपुर, लखीमपुर से रामापुर होकर शाहपुर, लखीमपुर से अलीगंज, लखीमपुर से फूलबेहड़, फरधान से भदूरा-गुलौला मार्ग, शारदानगर से जटपुरवा, करनपुर से सलिहाबाद होकर ओयल, ढखेरवा से धौरहरा, सिसैया से दुर्गापुर आदि रूट शामिल है।

> सर्वे रूट करीब आठ महीने पहले शासन को भेजी गई थी, लेकिन अभी उसे मंजूरी नहीं मिली है। इससे बसों का संचालन नहीं हो सका है। यदि कोई बसों के संचालन का आदेश आता है तो बसों का संचालन शुरू करा दिया जाएगा।
>
> –मुकेश मेहरोत्रा, एआरएम

महिला सिपाही ने पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न व भ्रूण हत्या की दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

▸▸ पांच साल पहले हुई थी शिवानी की शादी, गोला कोतवाली में आरक्षी के पद पर तैनात है शिवानी

अमृत विचार : जनपद मुरादाबाद के थाना कटघर के मोहल्ला गोविंदनगर निवासी महिला आरक्षी ने अपने पति समेत चार के नामजद मारपीट, धमकी, दहेज उत्पीड़न और भ्रूण हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मुरादाबाद के गोविंद नगर निवासी शिवानी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका विवाह तीन मार्च 2019 को मुरादाबाद के संजय सिंह के साथ हुआ था। उसके पिता ने अपने सामर्थ्य के अनुसार उसके ससुराल वालों को 10 लाख रुपए नगद और 10 लाख रुपए का सामान दिया था। शिवानी का कहना है कि उसके ससुराल वालों ने पांच लाख रुपए नगद और 50 ग्राम सोने के जेवरात के अलावा एक बुलेट बाइक की मांग करने लगे। जब उनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो उसे मारा पीटा जाने लगा। शिवानी कहती है कि वह गर्भवती थी। 15 नवंबर 2019 को उसका गर्भपात करा दिया गया और फिर उसे मारपीट कर घर से भगा दिया। वह मायके में रहने लगी। फिर नवंबर 2019 को उसकी सिपाही पद पर भर्ती हो गई। तब फिर उसके पिता योगेंद्र सिंह ने उसकी ससुराल जाकर अनुनय विनय की पर वह नहीं माने। शिवानी का कहना है कि चार अगस्त 2023 को वह गोला कोतवाली में तैनात थी। तब उसके ससुर वीरपाल ने मुकदमे वापस लेने और सुलह का दबाव बनाया। न मानने पर धमकी दी। शिवानी की तहरीर पर पुलिस ने पति संजय सिंह, ससुर वीरपाल, सास अमलेश और जेठ विनय निवासी देरीगांव चौराहा निकट काली मंदिर गोविंद नगर मुरादाबाद के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

लंबी दूरी-ज्यादा खर्च, आढ़तियों के यहां गेहूं बेचने को मजबूर किसान

तिकुनियां मंडी में संचालित हैं गेंहू क्रय केंद्र, निघासन में केंद्रों का अता पता नहीं

विकास दीक्षित अटल

निघासन, अमृत विचार: विकास खंड मुख्यालय निघासन में इस बार भी गेहूं क्रय केन्द्र नहीं खुले हैं। इससे किसानों को औसतन 15 से 30 किलोमीटर दूर जाकर गेहूं बेचना पड़ा रहा है। लंबी दूरी पर क्रय केन्द्र होने की वजह से किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए आने जाने में ही काफी लागत खर्च करनी पड़ जाती है, जिससे किसानों में रोष है।

ब्लाक मुख्यालय के साथ ही निघासन नगर पंचायत है। यहां उप मंडी भी है। साथ ही दो क्रय विक्रय केन्द्र हैं, लेकिन निघासन में कभी गेहूं खरीद केन्द्र नहीं बनाए गए, जबकि हर साल किसानों की मांग होती है कि निघासन में गेहूं खरीद केन्द्र बनाए जाएं। निघासन कस्बे से सबसे नजदीक आठ किलोमीटर की दूरी पर खैरहनी में पीसीएफ का क्रय केन्द्र बनाया गया है। वहीं, प्रशासन का दावा है कि गेहूं खरीद के लिए तहसील क्षेत्र में 14 केंद्रों पर प्रभारी की निगरानी में खरीद फरोख्त की जा रही है। वहीं, किसान समय और लागत बचाने के लिए आढ़तियों और बिचौलियों को गेहूं बेचने पर मजबूर हैं। किसान पवन कश्यप ने बताया कि निघासन क्षेत्र में क्रय केंद्र बनाने का दावा तो किया जा रहा है, लेकिन यहां का क्रय केन्द्र संचालित नहीं हो सका है। मंडी में उपज बेचने के लिए लगभग 30 किलोमीटर की दूरी तय करके तिकनियां जाना पड़ता है। तहसील क्षेत्र में करीब 7000 क्विंटल से ज्यादा गेंहू सरकारी गोदामों में पहुंचा है, जबकि निघासन इलाके में कहीं भी गेंहू क्रय केंद्र सही ढंग से शुरू नहीं हो पाए हैं। मार्केटिंग इंस्पेक्टर ने तकनीकी खराबी होने से तिकुनिया मंडी के अलावा तौल न होने का जिक्र भी किया है।

तिकुनियां में आढ़तियों के यहां बिकने के लिए आया और बोरियों में भरा गेहूं।

निघासन में केन्द्र होने से इन गांवों के किसानों को मिलेगी सहूलियत

निघासन उप मंडी में गेहूं क्रय केन्द्र खुलने से रकेहटी, सुक्खनपुरवा, ढखेरवा खालसा, भजनपुरवा, झंडी, अदलाबाद, लुधौरी, दुबहा, बरुही फार्म, मंडप फार्म, बैलहा, मेटहिया, सहतेपुरवा, चखरा, बंगलहा, मदनापुर, लालबोझी आदि दर्जनों गांवों के किसानों को राहत मिलेगी।

निघासन क्षेत्र में ये हैं सरकारी खरीद केन्द्र

क्रय केन्द्र	संस्था
तिकुनियां मंडी प्रथम	खाद्य विभाग
तिकुनियां मंडी द्वितीय	खाद्य विभाग
तिकुनियां मडी तृतीय	खाद्य विभाग
तिकुनियां मंडी चतुर्थ	खाद्य विभाग
तिकुनियां मंडी खैरहनी	पीसीएफ
तिकुनियां मंडी निघासन	पीसीएफ (संचालित नहीं)
तिकुनियां मंडी सिंगाही	पीसीयू
सीएमएस बिलरायां	पीसीएफ
बी पैक्स नौरंगाबाद	पीसीएफ
बी पैक्स भेड़ौरी	पीसीएफ
उप गोदाम खैरहनी	पीसीएफ
बी पैक्स खैरीगढ़	पीसीयू

किसान बोले- केन्द्र दूर होने की वजह से लागत ज्यादा आ रही

गांव सहतेपुरवा निवासी किसान बलवीर सिंह ने बताया कि फसलों की पैदावार करने के बाद अनाज को बेचने में भी किसान को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। गेहूं को बोरे आदि में भरने के बाद ट्रैक्टर ट्राली से तिकुनिया लेकर जाओ, वहां लेवर बोरा उठान आदि पर लागत शर्तों पर काम करते हैं। जिसका खर्चा अलग से देना पड़ता है। इससे नुकसान होता है।

गांव चखरा निवासी किसान गया प्रसाद के अनुसार, सबसे बड़ी समस्या यह है कि निघासन के बड़े क्षेत्रफल में कोई भी गेहूं क्रय केंद्र संचालित नहीं है। मंडी के अलावा नजदीक के सेंटर पर तौल के मामले में भी धांधली होती है। बोरे के वजन से अधिक कटौती करते हैं। शिकायत करो तो कोई सुनने वाला नहीं है। इससे तिकुनियां मंडी तक जाने की मजबूरी होती है।

निघासन निवासी किसान पवन कश्यप का कहना है कि कस्बे से करीब आठ किलोमीटर दूर खैरहनी में सेंटर है, लेकिन वहां घटतौली और गेहूं बेचने पर कटौती ज्यादा होती है, इसलिए 30 किलोमीटर दूर तिकुनियां मंडी उपज बेचने की मजबूरी होती है। उपज ले जाने पर ज्यादा खर्च होने के कारण ज्यादातर किसान बिचौलियों को अपनी उपज बेचने को मजबूर होते हैं।

> 12 गेहूं केंद्र संचालित थे, जिसमें निघासन समेत दो नए केंद्र बनाए गए थे, लेकिन वह अभी संचालित नहीं हो सके हैं। संचालित होने के बाद इनसे किसानों को राहत मिलेगी। जल्द ही सभी 14 केंद्रों पर खरीद शुरू की जाएगी। बहरहाल अगर किसी किसान को भी गेहूं बिक्री करने में कोई समस्या आ रही तो सूचना दें। उनकी समस्या का निदान किया जाएगा।
>
> –इंद्रजीत सिंह, मार्केटिंग इंस्पेक्टर।

दो बहनों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर तीसरी बहन का नाम किया गायब

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। लखीमपुर के लालपुर बैरियर के निकट कांशीराम आवास में रहने वाली विश्रामलाल की पुत्री मंजू देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह तीन बहनें और एक भाई थे। भाई मनोज की मौत हो चुकी है। उसकी मां गोला के आयुर्वेदिक अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत थी और मोहल्ला हफीजपुर में रहती थीं। उसकी मां सुशीला देवी का निधन 16 अगस्त 2022 को हो गया था। पिता का निधन पहले ही हो चुका है। अब उनकी दो अन्य बहनें आरती उर्फ पिंकी और पूजा मां की संपत्ति हड़पने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार कर लिये। परिवार रजिस्टर की नकल सें भी उसका नाम गायब करा दिया है। मंजू की तहरीर पर आरती उर्फ पिंकी पत्नी विपिन कुमार निवासी मोहल्ला मुन्नूगंज और पूजा पत्नी अमित निवासी अल्लीपुर महोली सीतापुर के नामजद धोखाधड़ी समेत तमाम धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बाघ के हमले और छुट्टा पशुओं से फसल हो रही चौपट, दिया ज्ञापन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

▸▸ किसान नेता ने पंचायत करने के लिए एसडीएम से मांगी अनुमति

अमृत विचार: राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने डीएम के नाम एसडीएम रत्नाकर मिश्रा को ज्ञापन देकर बजाज चीनी मिल का गन्ना भुगतान, किसानों पर दर्ज मुकदमा, बाघ और जंगली जानवरों के हो रहे हमले, गोवंशीय पशुओं से खेती चौपट आदि समस्याओं को लेकर पहली मई को सहकारी गन्ना विकास समिति प्रांगण में एक हजार किसानों के साथ महापंचायत करने की अनुमति मांगी है।

ज्ञापन में पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा है कि गोला की बजाज चीनी मिल पर किसानों का 400 करोड़ से अधिक रुपया गन्ना भुगतान बकाया है। 30 मार्च को किसानों से मिल में प्रबंध निदेशक अजय शर्मा ने तीन अप्रैल को 10 करोड़ और पांच अप्रैल को पांच करोड़ रुपए का भुगतान देने का वादा किया था किंतु भुगतान तो नहीं दिया उल्टे मिल अधिकारियों ने कोतवाली के दरोगा सुनील कुमार सिंह को चीनी मिल में बुलाकर मिलीभगत कर श्रीकृष्ण वर्मा को नामजद करते हुए धारा 188 का मुकदमा कोतवाली में दर्ज करवा दिया। उनका कहना है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के 14 दिन में गन्ना भुगतान करने के आदेश का उल्लंघन करते हुए गोला चीनी मिल पर 400 करोड़ से अधिक का बकाया हो गया है किंतु भुगतान करने के लिए जिम्मेदार अधिकारी मिल मलिक से मिलीभगत किए हुए हैं। दूसरी और बाघ, तेंदुआ, सुअर, हाथियों के झुंड खेतों में काम करने वाले किसानों के ऊपर हमला कर घायल कर हत्या कर रहे हैं। नीलगाय और गोवंशीय पशु खेतों में फसले तबाह कर रहे हैं। उन्होंने इन समस्याओं को लेकर विचार विमर्श के लिए एक हजार किसानों की गन्ना समिति में पंचायत करने की अनुमति मांगी है।

पानी का टैंक चढ़ाते समय हाइड्रा पलटा, भगदड़

▸▸ निघासन रोड पर हादसा, लगा भीषण जाम, हादसे के बाद मौके से भाग निकला हाइड्रा चालक

कार्यालय संवादादाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: शहर में निघासन रोड पर सोमवार की शाम को एक मकान की तीसरी मंजिल की छत पर प्लास्टिक का पानी का टैंक चढ़ाते समय एक हाइड्रा अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे मार्ग पर भगदड़ मच गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाइड्रा को किनारे कराया। तब जाकर करीब दो घंटे बाद जाम खुल सका।

शहर का निघासन रोड शहर का सबसे व्यस्त प्रमुख मार्ग है। इस मार्ग से पलिया, ढखेरवा, तिकुनियां, धौरहरा आदि जगहों के लिए बसों का आवागमन होता है। इसके अलावा बड़ी संख्या में वाहन निकलते हैं। पलिया बस अड्डे के आगे एक हाईड्रा शाम करीब पांच बजे पांच हजार लीटर पानी का प्लास्टिक टैंक एक मकान की तीसरी मंजिल पर रखने की कोशिश कर रहा था। इसी बीच चालक का हाइड्रा से नियंत्रण हट गया और वह अचानक मार्ग पर ही पलट गया। इससे मौके पर भगदड़ मच गई। कई लोग और वाहन उसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। चालक हाइड्रा छोड़कर मौके से भाग निकला।बीचों बीच सड़क पर हाइड्रा के पलट जाने से आवागमन बाधित हो गया। दोनों तरफ बस, कार व अन्य वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन मंगवाकर किसी तरह से हाइड्रा को सड़क किनारे कराया। तब जाकर कहीं करीब दो घंटे बाद जाम खुल सका। हाइड्रा की चपेट में आकर बिजली लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई।

निघासन रोड पर पलटा हाइड्रा, लगा भीषण जाम।

> चालक हाइड्रा से मकान की तीसरी मंजिल पानी की पांच हजार लीटर की टंकी चढ़ा रहा था। इसी दौरान वह सड़क पर पलट गया था, जिसे क्रेन मंगवाकर किनारे कराकर आवागमन शुरू करा दिया गया है।
>
> –हरमीत सिंह टीएसआई

प्रशिक्षण में गैर हाजिर रहे 163 कर्मचारी, सीडीओ ने दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर पीठासीन एवं मतदान अधिकारियो का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। सोमवार को धर्म सभा इंटर कॉलेज में चार दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन दो पालियों में मतदान कार्मिकों को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के बारे में जानकारी दी गई। सीडीओ एवं प्रभारी अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर मतदान कार्मिकों को सैद्धान्तिक एवं ईवीएम चलाने के प्रशिक्षण दिए जाने के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिक ईवीएम मशीन में एरर आने और उसे दूर करने के तरीके एवं एसएमएस व पंजिका भरने की जानकारी प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि सभी लोग ईवीएम संचालन एवं मतदान प्रक्रिया के बारे में सैद्धान्तिक प्रशिक्षण प्राप्त कर लें ताकि पोलिंग वाले दिन किसी प्रकार असुविधा न हो। इस दौरान मतदान कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकल्प एप की जानकारी दी गई। प्रभारी अधिकारी पीडी एसएन चौरसिया, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, बीएसए प्रवीण तिवारी आदि मौजूद रहे। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम से नदारद कार्मिकों का ब्यौरा तलब किया है। उन्होंने अनुपस्थित कार्मिकों को मंगलवार को दूसरी शिफ्ट में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि मंगलवार को भी अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों पर विभागीय कार्यवाही शुरू करा दी जाएगी।पहली पाली में 87 और दूसरी पाली में 76 कार्मिक अनुपस्थित रहे।

शिक्षा का अधिकार: निजी स्कूलों में निःशुल्क पढ़ने के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी।

अमृत विचार : शिक्षा का अधिकार के तहत निजी स्कूलों में नि :शुल्क प्रवेश के लिए तीसरे चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। गरीब माता पिता अपने बच्चों को निजी स्कूलों में अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए आठ मई तक आवेदन कर सकते हैं। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि नि :शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए गरीब अभिभावक 15 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की फीस शासन की ओर से दी जाती है। दो चरण के आवेदन की पूरी हो चुकी है। इनमें पात्र मिले छात्र छात्राओं को आवंटित स्कूलों में प्रवेश दिलाया जा रहा है। इसके तहत छह से 14 साल तक के बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाया जाता है।

नालियों में गंदगी, सफाईकर्मी गायब

▸▸ मजरा केशवापुर का मामला, गांव वालों ने उठाया सफाई का जिम्मा

संवाददाता, केशवापुर

अमृत विचार: सदर ब्लाक की ग्राम पंचायत खम्हौल के मजरा केशवापुर में सफाई कर्मी के न आने से नालियां चोक हो गई है, गांव के अन्दर गंदगी के अम्बार लगें हुऐं हैं। नालियों में जहरीले खतरनाक मच्छर पनप कर गांव में संक्रामक बीमारी को बढ़ा रहे हैं।

एक तरफ सरकार जहां साफ-सफाई व्यवस्था को चाक चौबंद रखनें के लिऐ करोड़ों रुपये खर्च कर गांवों में सफाईकर्मी की तैनाती की है, लेकिन कुछ सफाईकर्मी अधिकारियों के संरक्षण में मलाई काट रहे हैं। सिसे गांवों का हाल जस का तस बनां हुआ है। गांव के अन्दर नालियां चोक होने, मच्छर पनपने से संक्रामक बीमारियों का भय बनां हुआ है। वहीं गांव वालों ने बीमारी से बचने के लिये अपनें आप सफ़ाई करनें का जुम्मा लिया। सफाई कर रहे केशवापुर निवासी गुड्डू और पप्पू नें अपनें घर वालों के साथ मिल कर सफाई कर गांव वालों को बीमारियों से बचाने का प्रयास किया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कई बार अधिकारियों से शिकायत करनें के बाद भी सुनवाही नहीं हुई, जिससे वह मजबूरन अपनें आप सफ़ाई कर रहे हैं।

केशवापुर में नालियों में भरी गंदगी।

नाली स्वयं साफ करते गुड्डू।

सार-संक्षेप

दुकान पर बिक्री के लिए खड़ा ट्रैक्टर चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : शहर की एलआरपी रोड पर बिक्री के लिए दुकान के बाहर खड़ा ट्रैक्टर चोरी हो गया। ट्रैक्टर मालिक ने चौकीदार समेत दो लोगों के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। थाना खीरी के गांव अंबुआपुर निवासी वीरपाल वर्मा ट्रैक्टर खरीदने और बेचने का व्यापार करते हैं। उन्होंने अपनी दुकान एलआरपी रोड पर अजमानी स्कूल के पास खोल रखी है। ट्रैक्टर मालिक वीरपाल वर्मा ने बताया कि दुकान के सामने बिक्री करने के लिए खड़ा किया गया आयशर ट्रैक्टर रात में चोरी हो गया। चोरी हुआ ट्रैक्टर दिनेश सिंह निवासी नौबस्ता (कानपुर) के नाम से पंजीकृत है। सुबह जब वे दुकान खोलने पहुंचे तो ट्रैक्टर गायब था। यह देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने दुकान की रखवाली के लिए रखे गए चौकीदार शहर की कन्नौजिया कालोनी निवासी लाहौरी शुक्ला की तलाश की तो वह भी नहीं मिला। काफी तलाश करने के बाद भी जब पता नहीं चला तो दुकान मालिक ने चौकीदार और उसके साथी वीरेंद्र बधावन निवासी रामनगर पर ट्रैक्टर चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया है और दोनों को नामजद कर सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जिसके आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। एलआरपी चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही ट्रैक्टर को बरामद कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

युवक से साइकिल टकराने पर घर में घुस कर की मारपीट

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : एक युवक की साइकिल में टक्कर मारने के बाद उसके घर जाकर मारपीट और तोड़फोड़ करने के मामले में छह नामजद समेत 10 अन्य अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। नगर के मोहल्ला मथुरानगर निवासी मोहित गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह रविवार की शाम लगभग 7 .30 बजे साइकिल से पलिया बस स्टैंड जा रहा था। एक ही बाइक पर सवारं आयुष, आदर्श और पंकज ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे उसकी साइकिल टूट गई। मोहित का आरोप है कि जब वह घर पहुंचा तो आयुष पुत्र टीटू गुप्ता, आदर्श गुप्ता पुत्र राजेश, पंकज पुत्र बलराम, बलराम का भाई, अभिषेक पुत्र गुड्डू, नीलेश पुत्र जग्गा और अन्य 10 लोगों के साथ उसके घर पहुंच कर गाली गलौज, तोड़फोड़ कर उसे मारा पीटा, जिससे उसके सिर में चोटें आईं हैं। पुलिस ने घर में घुस कर मारपीट तोड़फोड़ समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गन्ना पर्यवेक्षकों को किया प्रशिक्षित

संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार : बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल व गन्ना विकास परिषद के गन्ना पर्यवेक्षकों का एक संयुक्त प्रशिक्षण कृषि फार्म पर हुआ, जिसमें उन्हें गन्ना सर्वे, प्रदर्शन आदि की जानकारी दी गई। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश पांडेय ने कहा कि 15 अप्रैल 2024 से 15 जून 2024 तक जीपीएस से मेट्रिक प्रणाली पर आधारित केवल पौधा गन्ने का सर्वेक्षण किया जाएगा। पेड़ी गन्ने का सिर्फ मौके पर सत्यापन होगा। गन्ना सुपरवाइजरों को कृषकवार सर्वे सट्टा (गन्ना खतौनी)प्रदर्शन के बारे बताया। कहा कि अगर नया सदस्य बनाना है तो उसको भी ऑनलाइन ही बनाया जाएगा। चीनी मिल के आईटी विभाग ने सभी गन्ना पर्यवेक्षकों को ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने की जानकारी दी। चीनी मिल के वरिष्ठ उपप्रधान प्रबंधक गन्ना राजीव तोमर ने कहा कि सभी गन्ना पर्यवेक्षक अपने क्षेत्र के किसानों से संपर्क कर गन्ना रकवा संबंधी घोषणा पत्र ऑनलाइन भरवा दें,जिससे सीजन के दौरान सट्टा संचालित होने में असुविधा न हो। साथ ही कृषकों के मोबाइल नंबर भी अपडेट कर लें। ताकि कृषकों को उनके सट्टा, गन्ना रकवा व पर्ची इत्यादि के एसएमएस प्राप्त होने में कोई असुविधा न हो।

समस्या एक माह से स्टोर रूम की शोभा बढ़ा रही डेंटल चेयर, दांत रोगियों की जांच आदि में हो रही दिक्कत

नई मशीन स्टोर में रखी, पुरानी को ठोंक पीटकर चल रहा काम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: जिले की स्वास्थ्य सेवाओं बेहतर होने के दावे किए जा रहे हैं। जबकि हकीकत बिल्कुल विपरीत है। आलम यह है कि जिला अस्पताल के दांत रोग विभाग की डेंटल चेयर पुरानी हो चुकी है, जिसमें आए दिन तकनीकी दिक्कत बनी रहती है। इससे न तो मरीजों की जांच होती है और न ही इलाज। जबकि नई डेंटल चेयर एक माह से स्टोर रूम की शोभा बढ़ा रही है। इसके जिला अस्पताल न पहुंचने में लेकर जाने और भेजवाने का पेंच फंसा है।

जिला अस्पताल के दांत रोग विभाग में दांत की समस्या लेकर रोजाना 40 से 45 मरीज आते हैं। इनमें तमाम मरीज ऐसे हैं जिनकी जांच पड़ताल में डेंटल चेयर की जरूरत होती है। मगर, डेंटल चेयर खराब होने की वजह से जांच पड़ताल से लेकर इलाज करने में डॉक्टर व स्टाफ को दिक्कत होती है। ऐसे में मरीज आधा अधूरा इलाज पाकर मायूस होकर लौटने के लिए मजबूर हो रहे हैं। मगर, अस्पताल प्रशासन स्टोर रूम में गत एक माह से रखी मशीन को दंत विभाग की ओपीडी में फिट कराने में दिलचस्पी नहीं ले रहा है।

दांत रोग से पीड़ित युवती की जांच करते दंत चिकित्सक। अमृत विचार

लेकर जाने और पहुंचवाने का फंसा पेंच

मार्च में नई मशीन खरीदी गई थी, जिसको आए हुए करीब एक माह हो रहा है। तब से लेकर यह मशीन स्टोर रूम में ही रखी है। जिम्मेदारों ने इसे मंगवाकर ओपीडी में फिट कराना जरूरी नहीं समझा। जबकि पुरानी चेयर के खराब होने से स्टाफ से लेकर मरीजों को असुविधा हो रही है। विभागीय लोग बताते हैं कि अस्पताल प्रशासन चाहता है कि स्टोर इंचार्ज इसे भेजवाएं और स्टोर स्टाफ की चाहत है कि अस्पताल प्रशासन खुद लेकर जाए।

स्टोर में रखी नई डेंटल चेयर व उपकरण।

> डेंटल चेयर की स्प्रिंग निकलने की जानकारी नहीं है। नई मशीन आ चुकी है, जल्द ही इसे ओपीडी में फिट करा दिया जाएगा, जिससे मरीजों और डॉक्टर को जांच आदि में किसी प्रकार की असुविधा न हो।
>
> –डॉ. आरके कोली, प्रभारी सीएमएस जिला अस्पताल

डेंटल चेयर ठीक करते डेंटल हाईजिनिस्ट।

मशीन को दुरूस्त करने लगे डेंटल हाईजिनिस्ट

सोमवार को ओपीडी के दौरान डेंटल चेयर की स्प्रिंग अचानक निकल गई। इस पर डेंटल हाईजिनिस्ट एक एक कर्मचारी के साथ उसे बनाने में जुट गए। हालांकि काफी देर तक मशक्कत करने के बाद भी मशीन दुरूस्त नहीं हो सकी।

मौसम में बदलाव की आहट ने किसानों की बढ़ा दी चिंता

- किसानों में गेंहू की फसल कटवाने की मची होड़
- न काटने को मिल रहे मजदूर और न गहाई के लिए मशीनें

कार्यालय संवाददाता, मूडा सवारान- लखीमपुर खीरी

ओयल के पास खेतों में तैयार एवं कटी पड़ी गेंहू की फसल।

आसमान में छाए बादल। अमृत विचार

अमृत विचार: सोमवार को दिन भर बदली रही। इससे जिलेवासियों को तेज धूप से जहां राहत मिली तो वहीं किसानों की टेंशन बढ़ गई। कई जिलों में बेमौसम हुई बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। इसकी वजह खेतों में कटाई के लिए तैयार खड़ी गेहूं की फसल के साथ काटने के लिए मजूदरों का न मिलना है।

जिले में गेहूं फसल का रकबा एक लाख 93 हजार 793 हेक्टेयर है जो पूरी तरह पककर तैयार हो चुकी है। उधर, कटाई और गहाई के बाद गेहूं बिक्री के लिए मंडियों में भी पहुंचने लगी है। इस बीच बीते दो दिनों से मौसम में अचानक बदलाव ने किसानों की चिंता में डाल दिया है। सोमवार को दिन भर बदली रहने से किसान परेशान रहे। इसका कारण मौसम विभाग की ओर से आने वाले कुछ दिनों में बूंदाबांदी की संभावना जताया जाना है। किसानों को डर है कि बारिश होने से न सिर्फ खेतों में कटाई प्रभावित होगी, बल्कि भीगने से कटी पड़ी फसल खराब हो जाएगी।

दिन रात चल रहीं मशीनें

मौसम को लेकर जारी एडवाइजरी से आशंकित किसान गहाई कराने में लगे हैं। इसको लेकर दिन रात खेतों में थ्रेसर से लेकर कंबाइन मशीनें चल रहे हैं। किसान जल्दी से जल्दी अनाज समेट कर बचाने की जुगत कर रहा है। वहीं, खराब मौसम के चलते मजदूरों की मांग अचानक बढ़ गई है। मजदूरों की बड़ी मांग देखते हुए मजदूरों ने भी अपनी दिहाड़ी में इजाफा कर दिया है। उसके बाद भी गेहूं कटाई को मजदूर मिलने में किसानों को दिक्कत आ रही है।

खेतों में गेहूं की फसल तैयार खड़ी है। कटाई के लिए मजदूर नहीं मिल रहे। इधर, मौसम भी खराब होने लगा है। बारिश से लेकर ओलावृष्टि तक का अलर्ट है। यदि बारिश व ओलावृष्टि हुई तो किसान कहीं का नहीं रहेगा, क्योंकि पशुओं की खातिर भूसे की जरूरत के लिए गेहूं की कटाई हाथ से करना मजबूरी है।

किसान कमलेश कुमार गुप्ता, निवासी ग्राम पंचायत भैठिया

मौसम का रूख बदलता देखकर गेहूं की फसल काटने की हर किसी को जल्दी है। ऐसे में मशीनों का मिलना मुश्किल हो गया है। इनके मालिकों के पास जाओ तो वह लंबी लिस्ट दिखा देते हैं। यदि बारिश हो गई तो पांच माह की मेहनत पर पानी फिर जाएगा।

-किसान अवधेश कुमार राज निवासी ग्राम नाथूपुर ग्राम पंचायत बसलीपुर ग्रंट

मजदूरों की बढ़ी मांग

मौसम खराब होने की आशंका से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल कटाई के लिए मजदूरों की मांग बढ़ गई है। किसान फसल काटने और फिर गहाई कराकर सुरक्षित गेहूं घर तक लाने की जद्दोजहद में लगे हैं। मगर, मजूदरों का न मिलना मुसीबत बन गया है। किसानों का कहना है कि मौसम को देखते हुए कभी भी बारिश या फिर ओलावृष्टि हो सकती है। मगर, कटाई के लिए मजदूर न मिल पाने के कारण स्वयं कटाई शुरू कर दी है।

बरेली में राजेन्द्र व अरविंद ने पास की रेफरी की परीक्षा

राजेंद्र और अरविंद को पुरस्कृत करते अतिथि। अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार: बरेली के मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 13 और 14 फरवरी को हुई रेफरी की परीक्षा में गोला के दो खिलाड़ियों ने परीक्षा पास कर ली। जिसमे राजेंद्र कुमार को ग्रेड ए और अरविंद कुमार राज को ग्रेड सी दिया गया है। परीक्षा में लगभग 35 जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। नगर निवासी राजेंद्र कुमार ने ग्रेड ए और ग्राम जहानपुर गोला देहात निवासी अरविंद कुमार राज ने ग्रेड सी में स्थान पाकर जिले का नाम रोशन किया है। सेपक टकरा एसोसिएशन खीरी जिला सचिव पूर्व आइटीबीपी तानसिंह ने बताया जिले और उत्तर प्रदेश के लिए रेफरी की आवश्यकता पूरी हो गई है। यह परीक्षा ऑल इंडिया सेपक टाकरा फेडरेशन नई दिल्ली से एक्सपर्ट रूबी परमार, अंकित सिंह, इंडिया कोच बीएस शर्मा की निगरानी में हुई। उत्तर प्रदेश सेपक टकरा एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी डॉ सीरिया ने रेफरी को सर्टिफिकेट और बैच प्रदान किया। साई सेन्टर के डिप्टी डायरेक्टर जीएस द्विवेदी और प्रदेश के जिलां से आए जिला सचिव भी मौजूद रहे।

आग से दो मुर्गी फार्म में छह हजार चूजे जिंदा जले, लाखों का नुकसान

सुबह 11 बजे लगी भीषण आग, वजह नहीं हो सकी साफ, पड़ोसी गांव में मचा रहा हड़कंप

संवाददाता, निघासन

मुर्गी फार्म पर धधक रही आग। अमृत विचार

रंजिश की जताई आशंका

निघासन। मुर्गी फार्म के मालिक ने रंजिशन अज्ञात व्यक्ति पर आग लगाने की आशंका जताई है। वहीं कुछ ग्रामीण मुर्गी फार्म में बिजली के तारों में स्पार्किंग से चिंगारी निकलने से आग लगने की बात कह रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक हरिकेश राय ने बताया कि आग लगने का कारण अभी साफ नहीं हो सका है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

अमृत विचार: थाना पढुआ क्षेत्र के गांव बिनौरा के निकट स्थित बने मुर्गी फार्म में सोमवार की सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवा चलने के कारण उठती लपटों ने पड़ोस स्थित दूसरे मुर्गी फार्म को भी अपनी चपेट में ले लिया। एक साथ दो मुर्गी फार्म जलने से पड़ोस के गांव बिनौरा में भी चीख पुकार मच गई। मुर्गी फार्म की तरफ बने घरों के लोग सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाने लगे। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में करीब छह हजार रुपये चूजे जिंदा जल गए। मुर्गी फार्म मालिक ने करीब 25 लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान जताया है।

थाना पढुआ के गांव बिनौरा से करीब एक किलोमीटर दूरी पर जहांदार खां ने अपने खेत में पास-पास में दो मुर्गी फार्म बना रखे हैं। इनमें करीब 600 हजार चूज पले थे। करीब छह लाख रुपये का चूजों का दाना, तख्त आदि सामान भी रखा हुआ था। मुर्गी फार्म मालिक जहांदार खां ने बताया कि घटना सोमवार की सुबह करीब 11 बजे की है। वह अपने भाई कामरान और नौकर के साथ मुर्गी फार्म के बाहर बैठे थे। तभी अचानक मुर्गी फार्म में पीछे की तरफ से आग भड़क उठी। जिस वक्त आग लगी। उस समय तेज हवा भी चल रही थी। वह लोग जब तक मौके पर पहुंचते और आग बुझाने की कोशिश करते। इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की उठ रहीं लपटें हवा के चल रहे तेज झोंकों के कारण काफी दूर तक जा रहीं थीं। यह देख उन्होंने शोर मचाया। शोर शराबा होने पर गांव बिनौरा के बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए, लेकिन आग की लपटों के आगे असहाय रहे। घटना की सूचना फायर बिग्रेड और पुलिस को दी गई। मौके पर फायर बिग्रेड के साथ मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। फायर बिग्रेड के कर्मचारियों ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में दोनों मुर्गी फार्मों पर पच रहे 6000 हजार चूजों की जिंदा जलकर मौत हो गई। इसके अलावा चूजों का दाना, तख्त आदि रखा सारा सामान भी जलकर राख के ढेर में बदल गया। मुर्गी फार्म स्वामी ने करीब 25 लाख रुपये की क्षति होने का अनुमान लगाया गया है। हल्का लेखपाल आदित्य मिश्र ने बताया कि चूजों का बीमा आदि होता है। इसलिए व्यक्तिगत नुकसान का आंकलन कर वह तहसील प्रशासन को इसकी रिपोर्ट सौंपेंगे।

लपटों ने बिनौरा के ग्रामीणों की बढ़ाई धड़कन

निघासन। गांव बिनौरा भले ही मुर्गी फार्म से करीब एक किलोमीटर दूर पर स्थित है, लेकिन तेज हवा और उसमें उठ रहीं लपटों ने ग्रामीणों की धड़कन तेज कर दी थी। मुर्गी फार्म की तरफ गांव के छोर पर छप्परपोश घरों में अफरा-तफरी का माहौल था। लोगों को आशंका थी कि तेज हवा में उड़ने वाली चिंगारी कहीं उनके गांव और घर को भी अपने आगोश में न ले ले। इसको लेकर भयभीत छोर पर रह रहे ग्रामीण अपने घरों का सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने लगे। कोई छप्परों पर पानी डालकर उन्हें भिगोता रहा।

मेला मैदान के दुकानदार ने पुलिस को दी तहरीर

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार: छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेले में रविवार को मेला मैदान में दुकान की जगह के आवंटन को लेकर हुए विवाद में दुकानदार ने सभासदों पर पिटाई का आरोप लगाते हुए तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। रविवार को चैती मेले के उद्घाटन की तैयारी को अंतिम रूप देने का कार्य चल रहा था। मोहल्ला तीर्थ निवासी रोहित तिवारी का आरोप है कि वह पिछले छह वर्षों से चैती मेले में पत्थर की मूर्तियां लाकर बिक्री करता है। उसे मेला मैदान में छह फुट जगह आवंटित की जाती है। रविवार को वह अपनी जगह की पैमाइश करा रहा था। उसका आरोप है कि कई सभासद आए और दुकान लगाने का विरोध किया बात बढ़ी तो उन्होंने पिटाई कर दी। रोहित तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर पिटाई करने वाले सभासदों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

चैती मेला भर रूट रहेगा डायवर्ट

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के लिए दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। 15 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 30 अप्रैल तक मेला चलेगा। इस ऐतिहासिक मेले में काफी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम तथा सुदृढ़ यातायात व्यवस्था हेतु मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है। श्रद्धालुओं के वाहन नियत पार्किंग स्थल पर ही खड़े कराये जाएंगे।

कोतवाल इंद्रजीत सिंह चौहान ने बताया कि चैती मेला की सुचारू व्यवस्था के लिए खुटार रोड से आने वाले समस्त श्रद्धालुओं के वाहन विकास चौराहा होते हुए चीनी मिल ट्रक यार्ड में पार्क होंगे। जहां से मेला स्थल की दूरी लगभग 500 मीटर है। मोहम्मदीध्लखीमपुर रोड से आने वाले वाहन पुराना बाईपासए विकास चौराहा होते हुए चीनी मिल ट्रक यार्ड में पार्क होंगे। अलीगंज रोड से आने वाले वाहन मण्डी परिसर अलीगंज रोड में पार्क होंगेए जहां से मेला स्थल की दूरी लगभग 800 मीटर है। कोतवाल ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वह अपने वाहन सड़क के किनारे न खड़ा करके निर्धारित पार्किंग स्थल में ही खड़ा करें। जिससे सभी की यात्रा सकुशल व सुगम हो सके। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए गोला पुलिस तथा यातायात पुलिस खीरी प्रत्येक समय उपलब्ध रहेगी।

इन जगहों पर होगी पार्किंग

- खुटार की तरफ से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन विकास चौराहा होते हुए चीनी मिल ट्रक यार्ड में जाकर खड़े होंगे। यहां से मेला स्थल करीब 500 मीटर की दूरी पर है।
- मोहम्मदी व लखीमपुर की तरफ से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन पुराना बाईपासए विकास चौराहा होते हुए चीनी मिल ट्रक यार्ड में में पार्क होंगेए जहां से मेला स्थल की दूरी लगभग 500 मीटर है।
- अलीगंज दिशा से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन मंडी परिसर अलीगंज रोड में खड़े होंगेए यहां से मेला स्थल की दूरी करीब 800 मीटर है।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ठा. इंद्रपाल सिंह का निधन

संवाददाता पसगवां, अमृत विचार: भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वयोवृद्ध नेता ठाकुर इंद्रपाल सिंह का 97 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के चलते सोमवार को निधन हो गया। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। पसगवां ब्लॉक के ग्राम मोहिउद्दीनपुर निवासी, जनसंघ और भाजपा के आजीवन संस्थापक सदस्य ठा. इंद्रपाल सिंह 1971 से 1995 तक पसगवां के ब्लॉक के प्रमुख रहे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल में वर्ष 2000 से 2002 तक भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे। वह अपने पीछे तीन विवाहित पुत्रियां और एक पुत्रवधू छोड़ गए हैं। उनके इकलौते बेटे देवेंद्र सिंह की युवावस्था में असमय मौत हो गई थी। बीमारी अवस्था में वह काफी समय से अपनी पुत्रियों के यहां रह रहे थे। अपनी ईमानदारी,कर्मठता और बात के धनी इंद्रपाल सिंह राम मंदिर आंदोलन में जेल भी गए थे। उस समय भी वह ब्लॉक प्रमुख थे। ग्राम मोहिउद्दीनपुर में उनके पांच भाइयों के बड़े परिवार ने भाजपा और जनसंघ का ही दामन थामा है। ग्राम प्रधान, गन्ना डायरेक्टर, गन्ना समिति के चेयरमैन सहित विभिन्न पदों पर उनके परिवार के लोग जुड़े रहे। वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य अनूप कुमार सिंह भी इसी परिवार से हैं। बड़ी तादाद में लोगों ने उनके आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। सोमवार शाम को उनका अंतिम संस्कार किया गया।

ठा. इंद्रपाल सिंह (फाइल फोटो)

सार-संक्षेप

उमरा के लिए मां-बेटा हुए रवाना

शाकिरा बेगम।

उमरा के लिए रवाना करते मौलाना।

संवाददाता, बिलहरी। अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के गांव बिलहरी के मजरा पकरिया से उमरा के लिए जा रहे दो लोगों को ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर रवाना किया। सोमवार को पकरिया निवासी अरशद खान (45) पुत्र रशीद खान व शकिरा वेगम पत्नी रशीद खां को उमरा जाने के लिए ग्रामीणों ने उन्हें फूल माला पहनाकर और उनका मुंह मीठा कराकर ढोल नगाड़ो के साथ विदा किया। विदाई देने वालों में बिलहरी के ग्राम प्रधान अजमुद्दीन अंसारी, डॉ मोहसिन रजा नदवी, सरवर अंसारी, असलम खान, ऐससान खान, इशरत अंसारी, इम्तियाज अंसारी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

गैंगस्टर का आरोपी मारूती गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: थाना खीरी थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि कस्बा खीरी के मोहल्ला बाजार निवासी पप्पू मारूती उर्फ मोइन गैंगस्टर के मामले में आरोपी है। उसकी पुलिस तलाश कर रही थी, जिसे रविवार की रात करीब 11 बजे पुलिस ने खीरी चौराहा से गिरफ्तार किया है। सोमवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे जेल भेजा है।

चोरी की बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: थाना पढुआ पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक हरिकेश राय ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को औघड़ बाबा मंदिर के पास से गामा उर्फ सुफियान निवासी बिनौरा को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास चोरी की बाइक बरामद हुई है। बरामद बाइक की जांच की जा रही है। उधर पुलिस ने टांडा मोड़ पुलिया के पास सिराज को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि उसके पास देशी बंदूक और कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है।

महिलाओं ने किया भगवान जगन्नाथ का पूजन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार: अहमदनगर में महिलाओं ने भगवान जगन्नाथ का पूजन कर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। अहमदनगर में गांव के पश्चिम खड़ा टेसू का पौधा अपनी औलोकिक छटा बिखेर रहा है। भगवान जगन्नाथ की पूजा में टेसू के फूल का विशेष महत्व होने से लोग यहां से टेसू के फूल तोड़कर ले गएं। जगन्नाथ पूजा के लिए महिलाओं ने घरों में पकवान बनाकर भगवान श्रीकृष्ण, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की एक साथ भगवान जगन्नाथ के रूप में टेसू के पुष्प चढ़ाकर गेहूं की गुड़धनियां, पूड़ी, पकवान, गुझिया, खीर से पूजा कर कथा सुनी। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ की पूजा करने से घर के अन्न भंडारण में कभी कमी नहीं आती, और परिवार में सुख समृद्धि बनी रहती है। महिलाओं ने भगवान जगन्नाथ की आरती आटे के दीपक बनाकर उसमें घी से ज्योति जलाकर की। माना यह भी जाता है कि जिन परिवारियों के लोग उड़ीसा प्रांत में स्थित भगवान जगन्नाथ के मंदिर में पूजा कर चुके हैं उन्हीं के घरों में यह पूजा प्रतिवर्ष चैत्र मास के दो सोमवार को की जाती है। अगले सोमवार को फिर भगवान जगन्नाथ की पूजा होगी।

बौद्ध परिषद ने निकाली डॉ. आंबेडकर की जन्मोत्सव शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: भारतीय बौद्ध परिषद ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली। शाम को महामाया बुद्ध बिहार में एक जनसभा हुई और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम सोमवार की सुबह बुद्ध वंदना के साथ शुरू हुआ। दोपहर दो बजे शहर के प्रमुख मार्गों से होकर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने विलोबी मैदान के सामने अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शाम करीब सात बजे महामाया बौद्ध बिहार में एक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय के अनुभाग अधिकारी भरत सिंह व पूर्व एमएलसी सपा शशांक यादव विशिष्ट अतिथि रहे। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस दौरान राजीव कुमार पांडेय, अजय कुमार पांडेय, सुरेंद्र कुमार, बहोरी लाल, रामनरेश, आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वीआर अंबेडकर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पैकरमा प्रसाद ने किया।

पढुआ में बाबा साहेब की जयंती

महंगापुर, अमृत विचार: पलिया ब्लॉक के ग्राम पढुआ (त्रिकौलिया) के अंबेडकर पार्क में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर मुख्य अतिथि परसपुर चौकी प्रभारी साहब लाल व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महबूब अली,पूर्व प्रधान राम सहाय आदि ने माल्यार्पण किया। सुमेर नगर,विशेनपुरी व ग्राम इब्राहीमपुर रामपाल के घर पर अंबेडकर प्रतिमा पर प्रधान लालती देवी व प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार आदि ने माल्यार्पण कर नमन किया। गांव मझगई के सरस्वती विद्या मंदिर तथा त्रिलोकपुर में भी अंबेडकर जयंती मनाई गई।

कार की मांग पूरी न होने पर शादी से किया इनकार

संवाददाता, मैलानी

- थाने में तहरीर देने पर भी कोई कार्रवाई नहीं, परिजन परेशान, 26 अप्रैल को होनी है शादी

> लड़की पक्ष की तरफ से तहरीर मिली है। शादी से अचानक मना करने की बजह जानने के लिए जांच की जा रही है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।
> -राजेश कुमार थाना प्रभारी

अमृत विचार: मैलानी थाना क्षेत्र के गांव में शादी से 15 दिन पहले ही ससुराल पक्ष ने दहेज में कार की मांग कर दी, लड़की पक्ष ने चार पहिया गाड़ी देने में असमर्थता जताई तो लड़के वालों ने शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़ित ने थाना में तहरीर दी है।

ब्लॉक बांकेगंज के थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत छेदीपुर निवासी आरती देवी पुत्री स्वर्गीय दरबारीलाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि गांव के ही रहने वाले अमन कुमार पुत्र विनोद कुमार से उसकी शादी तय हुई है, जिसमें 25 अप्रैल को तिलक, 26 शादी, 27 अप्रैल को विदाई होनी है। शादी से 15 दिन पहले दूल्हा अमन कुमार उसके घर आया, जिसने चार पहिया गाड़ी की मांग की। लड़की पक्ष के असमर्थता जताने पर उसने शादी से इनकार कर दिया। परिवार वालों का कहना है कि जब शादी तय हुई थी। उस समय लड़के पक्ष ने दहेज की कोई शर्त नहीं रखी थी। अमन कुमार ने कहा कि परिजन चार पहिया गाड़ी लिए बिना शादी नहीं करेंगे। परिवार वालों का कहना है कि शादी के कार्ड भी रिश्तेदारियों में बांटे जा चुके हैं। थाने में तहरीर देने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

नामांकन प्रक्रिया 18 से, डीएम-एसपी ने देखीं तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: जिले में लोकसभा चुनाव चौथे चरण में होगें। इसके लिए खीरी एवं धौरहरा लोकसभा सीट के लिए 18 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। इसको लेकर डीएम एवं एसपी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन प्रक्रिया को लेकर तैयारियां एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने नामांकन प्रक्रिया सबंधी समस्त तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 18 अप्रैल से नामांकन शुरू होगें। डीएम न्यायालय कक्ष में खीरी और एडीएम न्यायालय कक्ष में धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन होंगे। डीएम ने एसपी के साथ कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण कर मुख्य द्वार से नामांकन स्थल तक लगने वाली बैरिकेडिंग सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए कहा। डीएम ने एसपी को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और सीमित लोगों का ही प्रवेश करने के लिए निर्देश दिए। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि सभी बैरियर, चेक प्वाइंट पर पुलिस तैनात रहेगी। नामांकन प्रक्रिया सीसीटीवी की निगरानी में होगी। नामांकन करने के लिए प्रत्याशी और उनका प्रस्ताव ही नामांकन कक्ष में प्रवेश करेगें। एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी नेपाल सिंह, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह आदि मौजूद रहीं।

रिटर्निंग अफसर

खीरी संसदीय क्षेत्र- डीएम महेंद्र बहादुर सिंह

धौरहरा संसदीय क्षेत्र- सीडीओ अनिल कुमार सिंह

नामांकन प्रक्रिया

आवेदन प्राप्त करने की अवधि- 18 से 25 अप्रैल तक

नामांकन पत्रों की जांच- 26 अप्रैल

नाम वापसी- 29 अप्रैल

चुनाव संपन्न कराने के लिए जिले में बने जोन- 24

सेक्टर- 207 | **बूथ**- 2890 | **मतदान केंद्र**- 1638

गायत्री महायज्ञ में दीप यज्ञ और संस्कार कार्यक्रम भी सम्पन्न

संवाददाता पसगवां, अमृत विचार: ग्राम पनई स्थित एसआरडी मेमोरियल स्कूल में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन दीप यज्ञ के साथ हुआ। शांति कुंज गायत्री परिवार के ब्लाक पसगवां के कोऑर्डिनेटर राजेंद्र प्रसाद भार्गव के संयोजन में चार दिवसीय पांच कुंडों के साथ गायत्री महायज्ञ किया गया। प्रधान टोली नायक, यज्ञाचार्य और वक्ता अमरपाल ने जहां मुख्य भूमिका निभाई। वहीं जगदम्बा प्रसाद वर्मा व पुष्पेंद्र ने संगीत और राजाराम ने गायन का सहयोग प्रदान किया। सह आयोजक भीष्म प्रताप राजवंशी, कृष्ण कुमार सिंह राजवंशी, विनय कुमार राज व अवधेश कुमार राज के साथ उनके परिवार और अन्य श्रद्धालुओं ने महायज्ञ में भाग लिया। अंतिम दिवस रविवार की शाम जब दीप यज्ञ आयोजित हुआ तो हर किसी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में पुंसवन, विद्यारम्भ, मुंडन संस्कार भी सम्पन्न हुए। शाहजहांपुर के हथौड़ा के रेयांश कृष्ण, अभिजीत राज ऊर्विका, खमरिया सीतापुर की आख्या, क्षेत्रीय ग्राम महमदपुर के आस्तविक पाल, ग्राम पनई की श्रेया पांडेय, सृष्टि पांडेय और अनन्या का विद्यारम्भ संस्कार किया गया। फतेहपुर जिले की रुद्रानी पुत्री विनय राज का मुंडन संस्कार सम्पन्न हुआ। शाहजहांपुर के लोदीपुर की लक्ष्मी राज, रोली राज, खमरिया सीतापुर की दीपिका और ग्राम जलालपुर की गीता ने पुंसवन संस्कार में भाग लिया।

एसआरडी मेमोरियल स्कूल में गायत्री महायज्ञ में प्रवचन करते आचार्य।

नवरात्र पर्व इस स्वरूप के पूजन से दूर होते हैं शनि के दुष्प्रभाव, उपवास करने से नकारात्मक शक्तियों का होता है नाश

सातवें दिन माता कालरात्रि की हुई पूजा उपासना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

संकटा देवी मंदिर में पूजन करते माता के भक्त।

अमृत विचार: नवरात्र के सातवें दिन सोमवार को माता दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा अर्चना हुई। शहर से लेकर जिले भर के मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का जमावड़ा रहा। दिन भर मंदिर घंटे घड़ियाल की ध्वनि से लेकर माता के जयकारों से गूंजते रहे।

संकटा देवी मंदिर के पुजारी अंकुर शुक्ला ने बताया कि माता कालरात्रि को शुभंकरी, महायोगीश्वरी और महायोगिनी कहा जाता है। इनकी विधिवत पूजा अर्चना और व्रत करने से अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। माता के इस स्वरूप से सभी सिद्धियां प्राप्त होती है। इसलिए तंत्र मंत्र करने वाले माता कालरात्रि की विशेष रूप से पूजन करते हैं। उन्होंने बताया कि ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार देवी कालरात्रि शनि ग्रह को नियंत्रित करती हैं। इनके पूजन से शनि के दुष्प्रभाव दूर होते हैं। माता कालरात्रि के नाम उच्चारण मात्र से ही भूत, प्रेत, राक्षस सहित सभी नकारात्मक शक्तियां दूर भागती हैं।

शिशु वाटिका में कन्या पूजन कराती खत्री क्लब की महिलाएं। अमृत विचार

संकटा देवी मंदिर से निकले डोला का पूजन करते भक्त

नवरात्र के शुभ अवसर पर रोजाना अल सुबह संकटा देवी मंदिर से मां का डोला निकल रहा है। सोमवार को यह डोला मोहल्ला संकटा देवी वार्ड पहुंचा। जहां पर माता के भक्तों ने विधि विधान से इसका पूजन कर घर परिवार की सलामती के लिए मंगल कामना की।

मोहल्ला संकटा देवी पहुंचे डोला का पूजन करते श्रृद्धालु।

सनातन धर्म शिशु वाटिका में 101 कन्याओं का हुआ पूजन

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: सनातन धर्म सरस्वती शिशु वाटिका में सोमवार को खत्री महिला संगठन ने कन्या पूजन कार्यक्रम किया। इसमें 101 कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया गया। इसके बाद उपहार देकर विदाई दी गई। शिशु वाटिका संचालिका हीरा सिंह ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी नवरात्र पर्व पर कन्या पूजन कर उपहार दिए गए। इस मौके पर संगठन की ऋतु भल्ला, रजनी कपूर, संरक्षिका सविता चोपड़ा, रश्मि महेंद्रा, कविता शेखर, पूर्णिमा मेहरोत्रा आदि मौजूद रहीं।

बांगरमऊ-बरुआघाट मार्ग का चौड़ीकरण धीमा

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। क्षेत्र के बांगरमऊ-बरुआ घाट मार्ग का चौड़ीकरण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। ऐसे में इसे पूरा होने में तीन-चार माह का समय लग सकता है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के ठेकेदार द्वारा मार्ग के चौड़ीकरण के नाम पर दोनों ओर सड़क खोद दी गई है और पुलिया बनाने के लिए मार्ग पर आवागमन बंद कर कच्चा बाईपास मार्ग बना दिया गया है। निर्माण की गति धीमी होने से करीब एक माह से मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन बंद है। जबकि हल्के वाहन खुदी पड़ी ऊबड़-खाबड़ सड़क पर फंसकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

बता दें कि पीडब्ल्यूडी द्वारा बांगरमऊ-बरुआघाट मार्ग पर करीब 7 किमी डामरीकृत मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। गंगा कटरी क्षेत्र के एकमात्र मार्ग पर

चौड़ीकरण के नाम पर ठेकेदार ने सड़क खोदकर छोड़ दी। अमृत विचार

- क्षेत्र के करीब आधा सैकड़ा गांवों के लोगों को लगाना पड़ रहा 20 किमी का चक्कर
- क्षेत्रीय लोगों ने पीडब्ल्यूडी अफसरों से काम में तेजी लाने की उठाई आवाज

आवागमन बाधित होने से करीब आधा सैकड़ा गावों के लोग 20 किमी का चक्कर लगाकर प्रमुख मंडी बांगरमऊ पहुंचने को मजबूर हैं। चहलहा गांव निवासी अवधेश शर्मा ने बताया कि ठेकेदार द्वारा चौड़ीकरण के नाम पर मार्ग के दोनों ओर मिट्टी की ढेर जमा कर दिए गए हैं। तेज हवा से धूल उड़कर दोपहिया वाहन चालकों को परेशान कर रही है। बीते एक माह से जारी निर्माण इतना धीमा चल रहा है कि ग्रामीणों को बारिश तक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। मार्ग पर स्थित गांव माढ़ापुर निवासी सुशील कठेरिया ने कहा कि ठेकेदार द्वारा करीब एक माह पूर्व गांव के

पुलिया बनाने के लिए ठेकेदार ने रास्ता बंद किया। अमृत विचार

पास तालाब में पक्की पुलिया बनाने के लिए सड़क काटकर कच्चा बाईपास मार्ग बना दिया गया था। तब से पुलिया का निर्माण इतना धीमा है कि अभी स्लैब तक नहीं पड़ी है। हल्के वाहन कच्चे बाईपास मार्ग पर बालू में फंसकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। कटरी क्षेत्र के इस एकमात्र मार्ग से चहलहा, मल्हपुर, सकरौली, मुंडेरा, शिवपुरी, कमलापुर, परशुरामपुर व जामड़ सहित आधा सैकड़ा गांव संबद्ध हैं। इसके दोनों ओर मिट्टी के ढेर और डामर-गिट्टी की खुदाई करने से इन गावों के लोग 20 किमी का चक्कर लगाकर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचने को मजबूर हैं। गंगा कटरी क्षेत्र के विजयपाल कुशवाहा, राकेश यादव, दिवाकर वर्मा, प्रतिमा वाजपेयी व राकेश कुमार आदि ग्राम प्रधानों ने जिला प्रशासन से मार्ग चौड़ीकरण जल्द पूरा कराने के लिये संबंधित ठेकेदार को निर्देशित करने की मांग अफसरों से की है।

रोवर-रेंजर्स ने लिया अनुशासन का प्रण

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. सदानंद राय ने रोवर रेंजर्स के प्रथम दिवस का उद्घाटन किया। इसमें उन्होंने कहा कि यहां के रोवर्स प्राकृतिक आपदा के दौरान आम जनता की सेवा करने में पूर्ण सक्षम हैं।

कार्यक्रम का शुभारम्भ झंडारोहण, झंडा गीत व स्काउट गाइड प्रार्थना के साथ किया गया। इस दौरान प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं के समक्ष रोवर रेंजर्स कोर्स के महत्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि सभी रोवर रेंजर्स प्रण लें कि वे तन, मन व लगन से राष्ट्र को अपना सहयोग देंगे। रेंजर्स प्रभारी डा. किरन ने छात्र-छात्राओं से अनुशासन में रहते हुए आपसी सामंजस्य बनाकर कोर्स पूर्ण करने की अपील की। रोवर प्रभारी धर्मेंद्र द्विवेदी ने टीमों का निर्माण करने में सहयोग देने का वचन दिया।

- सभी टोलियों के लीडर का चुनाव भी कराया गया
- सामंजस्य बनाकर कोर्स पूर्ण करने का आह्वान

कार्यक्रम के दौरान रोवर-रेंजर्स को जानकारी देते प्रोफेसर। अमृत विचार

इस दौरान उन्नाव के ट्रेनर भरत सिंह व शिवम कुमार ने रोवर रेंजर्स के इतिहास को विस्तार से बताया। साथ ही टोलियों के लीडर का चुनाव सेलेक्टिव व इलेक्टिव पद्धति से कराया गया। इसके अंतर्गत रोवर के दलनायक शोभित कुमार व दल नायिका निशा को बनाया गया। इस दौरान डा. दिग्विजय नरायन, सविता राजन, डा. अभय राजपूत, डा. शैलजा त्रिपाठी, डा. सुमन देवी, डा. ब्रज किशोर गुप्ता, प्रेम गौतम, विनोद चंद्र मौर्य, संदीप अवस्थी, बसंत लाल मौर्य, बलराम सिंह, कन्हैया लाल, मुन्नी लाल व जितेंद्र कुमार शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

एक नजर

आज 8 घंटे गुल रहेगी पुरवा पॉवर हाउस क्षेत्र की बिजली

पुरवा। पुरवा पावर हाउस से जुड़े फीडरों में पुरवा तहसील नगर व ग्रामीण इलाकों चमियानी, मंगतखेड़ा, बेहटा फीडरों के गावों की विद्युत आपूर्ति मंगलवार सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। एसडीओ अनिल वर्मा ने बताया कि मंगलवार सुबह 10 से 6 बजे तक दही चौकी से सहायक अभियंता परीक्षण पुरवा पावर हाउस आकर फीडरों व ट्रांसफार्मरों का परीक्षण, अनुशरण व मरम्मतीकरण कराएंगे। जिसके चलते 8 घंटे आपूर्ति बाधित रहेगी। कार्य होने के बाद आपूर्ति बहाल की जाएगी।

भारी मात्रा में मिला गांजा

उन्नाव। मृतक के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा और चिलम बरामद हुई। वहीं क्षेत्रीय लोगों की मानें तो चौकी क्षेत्र के आस पास मादक पदार्थों की बिक्री होती है। जिस कारण यह घटना हुई है। वहीं मृतक से मारपीट की भी आशंका व्यक्त की जा रही है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि सुबह सात बजे उसे पड़ा देखा गया था लेकिन लोगों ने इस लिया टाल दिया कि छाया में सो रहा है। जब धूप आने पर नहीं उठा तो लोगों ने हिलाकर देखा तब उसे मृत पाया गया।

जिला अस्पताल में लगी शिकायतों की झड़ी

औचक निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी, सैंपल नहीं लेने पर लैब टेक्नीशियन को किया पुलिस के सुपुर्द

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे डीएम के सामने वहां व्याप्त अव्यवस्थाओं की पोल खुल गई। मरीजों ने डीएम से बाहर से दवा लिखे जाने की शिकायत की। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई। डायगोनॉस्टिक सेंटर पहुंचे डीएम को यहां खून की जांच कराने आए मरीजों ने 12 बजे के बाद सैंपल न लेने को शिकायत की। इस पर लैब टेक्नीशियन को डीएम ने फटकार लगाते हुए उसे पुलिस के हवाले कर दिया। डीएम के करीब डेढ़ घंटे के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों व डाक्टरों के चेहरों की हवाइयां उड़ी रहीं। उनके जाने के बाद सभी में राहत की सांस ली।

जिला अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बरती जा रही लापरवाही व अन्य शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए डीएम गौरांग राठी सोमवार दोपहर सीडीओ प्रेम

मरीजों से बात करते डीएम गौरांग राठी।

दवा वितरण कक्ष में पर्चियों की जांच करते डीएम।

प्रकाश के साथ अचानक जिला अस्पताल पहुंच गए। डीएम को देखते ही वहां हड़कंप मच गया। ओपीडी, इमरजेंसी के निरीक्षण के दौरान पुरुष चिकित्सालय में आए मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं के विषय में जानकारी ली तो वहां मौजूद महिला मरीज पूनम ने बताया कि वह अपने बेटे हार्दिक के नाक से खून निकलने पर उसे दिखाने आई थी। जहां डाक्टर ने बाहर की दवा लिख दी। इसके बाद शिकायतों की झड़ी लग गई। आयुषी, तुषार, सुरेंद्र सिंह, सुमन व वंदना आदि ने भी बाहर से दवा लिखे जाने की बात बताई। इस पर डीएम का पारा चढ़ गया। वह निःशुल्क दवा वितरण कक्ष पहुंचे और स्टॉक रजिस्टर चेक करने के साथ मरीजों को दवा देकर जमा कराई गई पर्चियों का मिलान किया। गहन निरीक्षण करते देख स्वास्थ्य कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई।

यहां से बाहर निकलते समय अमरनाथ यात्रा के लिए मेडिकल टेस्ट कराने आए श्रद्धालुओं में सचिन, सर्वेश, राहुल व इंद्रपाल सहित अन्य ने रक्त की जांच के लिए दौड़ने की शिकायत की। वहीं कई ने 12 बजे तक ही सैंपल लेने की बात बताई। इस पर डीएम सीधे डायगोनॉस्टिक ब्लाक पहुंचे। जहां मौजूद मरीजों ने भी रिपोर्ट में देरी होने के साथ अन्य खामियां गिनाई। डीएम ने अमरनाथ यात्रियों की रक्त जांच कर रिपोर्ट देने को कहा तो वहां मौजूद लैब टेक्नीशियन ने डीएम को दो बजे तक ड्यूटी का हवाला दिया। यह सुन डीएम का पारा चढ़ गया। कड़ी फटकार लगाते हुए एसएचओ को उसे कोतवाली ले जाने के निर्देश दिए। यह देख सभी सकते में आ गए। डीएम ने कहा कि यदि ओपीडी दो बजे तक हैं तो भी सैंपल 12 बजे तक लेने के निर्देश कहां से मिले। इस पर डीएम के साथ रहे सीएमएस आरए मिर्जा बगले झांकते नजर आए।

बोले डीएम

डीएम गौरांग राठी ने बताया कि पुरुष चिकित्सालय में तैनात रेडियोलाजिस्ट के सड़क हादसे में घायल होने के बाद दूसरे डाक्टर की व्यवस्था कराई गई है। इसके अलावा अन्य शिकायतें मिल रही थीं। जिसकी जांच में कई खामियां मिली हैं। संबंधित अफसरों को जल्द से जल्द शिकायतें दूर करने के निर्देश दिये गए हैं।

विवाहिता का गला दबाकर उतारा गया था मौत के घाट

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। आसीवन थानाक्षेत्र के कुलहा गांव में हुई विवाहिता की मौत के मामले में सोमवार को दो डाक्टरों के पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया। इसमें कीटनाशक निगलने की बात गलत निकली। सूत्र बताते हैं कि विवाहिता की गला दबाकर हत्या की गई थी। हालांकि पुलिस अभी तहरीर व पीएम रिपोर्ट न मिलने की बात कह रही है।

बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसिया गांव निवासी निशा (22) की शादी जून-2022 में आसीवन के गांव कुलहा निवासी रामसिंह से हुई थी। उसकी एक आठ माह की बेटी है। ससुरालियों ने रविवार सुबह निशा के कीटनाशक निगलने पर मियागंज सीएचसी ले जाने और फिर जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत होने की बात बताई थी। वहीं विवाहिता के पिता कैलाश ने जहर देकर बेटी को मारने का आरोप लगाया था। नायब तहसीलदार हसनगंज मनोज अवस्थी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया था। सोमवार को गठित पैनल में शामिल डा. अमित श्रीवास्तव व डा. तौशीफ ने शव का पोस्टमार्टम किया। सूत्र बताते हैं कि पीएम में कोई जहर नहीं मिला। उसकी मौत गला दबाने से होने की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम हाउस में मिले पिता ने बताया कि होली के पहले भी ससुरालियों ने बेटी से मारपीट की थी। बाद में गलती मानने पर उन्होंने इसकी शिकायत नहीं की। घटना रविवार सुबह की है। लेकिन उन लोगों को तीन बजे शाम सूचना दी गई। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि अभी उन्हें पीएम रिपोर्ट व तहरीर नहीं मिली है।

- आसीवन में बीते रविवार को संदिग्ध हालात में हुई थी विवाहिता की मौत

साहब! ससुराल वाले मेरी हत्या करना चाहते

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। पति की हादसे में मौत होने के बाद ससुरालियों ने महिला के सोने-चांदी का जेवर व पति का कीमती मोबाइल छीन लिया और जालसाजी कर पति के नाम की जमीन पहली पत्नी के बेटे के नाम वरासत करा दी। आरोप है कि अब ससुरालीजन उसे जान से मार डालने की साज़िश रच रहे हैं।

बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गोपी खेड़ा निवासी रेशू पत्नी स्व. रामभजन ने एसडीएम नम्रता सिंह को जनसुनवाई में दिये शिकायती पत्र में बताया कि बीती एक मार्च को गांव माखन खेड़ा में उसके पति की हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद सास रामदेवी, ससुर कामता, देवर नंदकिशोर व देवरानी नीतू आदि ने उसके पति

- पीड़ित महिला ने जिलाधिकारी एसपी और एसडीएम को दिया शिकायती पत्र

का मोबाइल व उसके सोने-चांदी का जेवर छीन लिये और पति के बैंक खाते में जमा धन भी आहरित कर लिया।

यही नहीं ससुरालियों ने उसके पति के नाम की जमीन भी जालसाजी कर पहली पत्नी के बेटे के नाम करा दी। जिससे उसके सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है।

ससुरालीजन अब उसे जान से मार डालने की साज़िश रच रहे हैं। पीड़िता ने एसडीएम के अलावा डीएम व एसपी को आनलाइन शिकायती पत्र भेजकर मामले की जांच कराकर न्याय दिलाने व उसे सुरक्षा दिलाने की मांग की है।

तीन दिन में ठीक न हो सका फाल्ट

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। फाल्ट होने के तीन दिन बाद भी गांव में बिजली न आने से ग्रामीण परेशान हैं। लोगों ने फाल्ट ठीक कराकर विद्युत सप्लाई सुचारु करने की मांग उच्चाधिकारियों से की है।

गर्मी के दिनों में लोगों को बिजली की अधिक जरूरत होती है। लेकिन क्षेत्र के भुलभुलिया खेड़ा गांव में तीन दिन पूर्व विद्युत लाइन में फाल्ट हो गया था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत भी अधिकारियों से की। लेकिन, किसी भी अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। लोगों ने कहा कि बिजली न होने से उन्हें बहुत परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने फाल्ट ठीक कराने की मांग की है। एसडीओ एजाज अहमद ने बताया कि ग्रामीणों से जानकारी मिली है। तत्काल प्रभाव से फाल्ट ठीक कराकर आपूर्ति सुचारु कराई जाएगी। फाल्ट दुरुस्त करने के लिए कर्मचारीभेज दिए गए हैं।

एसडीएम ने देखे 17 पोलिंग बूथ खामियां सही करने के निर्देश दिए

संवाददाता पुरवा उन्नाव

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुरवा विधानसभा क्षेत्र में 446 बूथ बनाए गए हैं। बूथ पर मतदाताओं को हर सुविधा मिल सके इसके लिए प्रशासन बूथों का निरीक्षण कराकर उन्हें सही कराने में जुटा है। इसके चलते एसडीएम रनवीर सिंह ने सोमवार को क्षेत्र के 17 बूथों पर व्यवस्थाएं देखीं। इसमें बाबू रामपाल सिंह डिग्री कालेज मौरावां के बूथ पर रैंप की रेलिंग निर्माणाधीन पाई और तथा मौरावां प्राचीन व मौरावां नवीन में सब ठीक मिला। मौरावा में बने क्रिटिकल बूथ संजर खेड़ा को भी जांचा और मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। नगर स्थित एमआरआरएस इंटर कालेज पुरवा मॉडल बूथ परिसर में ईट का मलवा मिलने और रैंप क्षतिग्रस्त मिलने

- क्रिटिकल बूथ का भी निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया
- मतदाताओं से भी मुलाकात की चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करने की अपील

निरीक्षण करते एसडीएम रनवीर सिंह। अमृत विचार

पर ईओ संदीप कुमार को बुलाकर व्यवस्था सही कराने को कहा। वहीं, बीएएएस इंटर कालेज में सफाई कराने के निर्देश ईओ को दिये। पिंक महिला बूथ कटरा बनाया गया है। इसके अलावा एसडीएम ने क्षेत्र के संजर खेड़ा के क्रिटिकल बूथ का भी निरीक्षण कर वहां मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। एसडीएम मतदाताओं से मिले और निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की।

सार-संक्षेप

पुलिस टीम नदारद, चकलवंशी चौराहे पर लगा भीषण जाम

चकलवंशी उन्नाव। माखी थानांतर्गत चकलवंशी चौराहे पर भारी वाहनों की अधिकता के चलते सुबह से ही जाम की स्थिति बनी रहती है। सोमवार को सुबह नौ बजे से ही चौराहा पूरी तरह से जाम हो गया। जाम के चलते राहगीर अपने वाहन निकालने को परेशान रहे। सोमवार को माखी थाना में बने मंदिर में भंडारा होने से चौराहे पर कोई पुलिस कर्मी मौजूद नहीं था। जिससे वाहनों की बेतरतीब आवाजाही से चौराहा पूरी तरह जाम हो गया। चौराहा से हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, संडीला व कानपुर के लिये हजारों वाहन रोज निकलते हैं। सुबह चार बजे से गिट्टी व मौरंग लदे हजारों ओवर लोड डंपर निकलते हैं। जिससे सुबह से ही जाम की स्थिति बन गई। तहसील बांगरमऊ व सफीपुर क्षेत्र के तीन ब्लाक व शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के निकलने तक की जगह नहीं बची। जिससे उन्हें खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

चकलवंशी चौराहा पर लगे जाम में फंसे वाहन।

वाहन की टक्कर से अधेड़ की हुई मौत

उन्नाव। बिहार थानांतर्गत मौसी के घर से लौट रहे एक अधेड़ की सड़क हादसे में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रायबरेली जिले के खीरो थानाक्षेत्र के बखत खेड़ा गांव निवासी होली लाल (50) मजदूरी के साथ खेती भी करता था। रविवार को वह अपनी मौसी केशपति के घर बिहार थानाक्षेत्र के खेंसुआ गांव आया था। सोमवार सुबह वहां से घर लौट रहा था। तभी पाटन कस्बा के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी मिलने पर परिजन पहुंचे और शव देख बिलख उठे। भाई रामदास ने बताया कि होरीलाल चार भाइयों में छोटा था। उसके चार बच्चों में दो बेटियां व दो बेटे हैं। पति की मौत से पत्नी विष्णु कुमारी सहित अन्य परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

मारपीट करने में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्री नगर में पिछले दिनों दो पक्षों में मारपीट हुई थी। जिसमें पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर आठ नामजद समेत 35 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। वहीं दूसरे पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गंगानगर में रहने वाली आरती साहू ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि 8 अप्रैल को उसके पति संतोष साहू घर पर थे, तभी रात करीब ग्यारह बजे शिवम गुप्ता उर्फ शाखा अपने साथी शिवम शुक्ला, सत्यम शुक्ला, शुभम शुक्ला उसके घर पर आये और गाली गलौज करने लगे। महिला का आरोप था कि दरवाजा खोलने पर सभी लोगों ने उसके पति संतोष साहू के ऊपर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे उसके पति को गंभीर चोटें आई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और धमकाने की एफआईआर दर्ज की है।

दूरसंचार भवन | जमींदोज होता जा रहा बीएसएनएल का कार्यालय और एक्सचेंज भवन

गुम हो गई ट्रिन-ट्रिन की आवाज, संसाधन भी बदहाल

सफीपुर टेलीफोन एक्सचेंज की बदहाल बिल्डिंग। अमृत विचार

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

अमृत विचार। कभी घरों व दफ्तरों में घनघनाने वाले लैंडलाइन फोन अब स्मृतियां बनते जा रहे हैं। इसके लिए भारत संचार निगम की उदासीनता को दोषी ठहराया जा रहा है। सरकारों की उपेक्षा व अफसरों की उदासीनता से निगम की संपत्तियां खासकर कार्यालय व एक्सचेंज भवन भी बदहाली का शिकार होकर खंडहर में बदलते जा रहे हैं।

कस्बा होकर गुजरने वाले उन्नाव-हरदोई मार्ग पर बेशकीमती जमीन में बने भवन में दशकों तक विभागीय कार्यालय व एक्सचेंज संचालित होता रहा है। करोड़ों की बिल्डिंग देखरेख के अभाव में जर्जर होकर खंडहर बनती जा रही है। इसके बावजूद बीएसएनएल अफसर इसे धाराशायी होने से बचाने के उपाय नहीं कर रहे। भवन के गेट के पास ही उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शिकायत दर्ज कराने को संचालित होता रहा केबिन अब वीरान पड़ा है। जबकि, कभी भवन के इस हिस्से में पूरे दिन लोगों की आवाजाही बनी रहती थी।

शुरू ही नहीं हो सके काउंटर

भारत विकास परिषद के महासचिव हरिपाल सिंह ने कहा कि यहां बने कई काउंटरों से उपभोक्ताओं को अलग-अलग सुविधाएं दिलाना तय था। यहां काउंटर-एक पर सिमकार्ड, दो पर बिलों का भुगतान व तीन पर कूपन टापअप की सुविधाएं उपलब्ध कराना तय था। हालांकि अब तक कोई काउंटर संचालित नहीं हो सका।

सेवा में नहीं है सहायता नंबर

निगम के एक्सचेंज में लिखे सहायता नंबर पर ही संपर्क नहीं हो पाता है। नंबर मिलाने पर उसके सेवा में न होने की जानकारी मिलती है। इसे लेकर दूरसंचार सलाहाकार समिति के सदस्य विक्रम सिंह ठाकुर ने बताया कि पिछली वार्षिक बैठक में विभिन्न मुद्दों का उठाते हुए निगम का अस्तित्व बनाने पर जोर दिया गया था। अधिकारियों ने कई मामलों में सुधार का भरोसा भी दिया था। लेकिन कोई तवज्जो नहीं दी गई।

चोरों ने बैंक के बाहर से बाइक चोरी की, तहरीर

सफीपुर उन्नाव। बेटी के तिलक का सामान लेने आए युवक की बाइक चोरों ने पार कर दी। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के मवईलाल गांव निवासी महेश पुत्र बीना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी का 17 अप्रैल को तिलक है। उसका सामान लेने वह कस्बा आया था। कोतवाली के सामने बैंक से पैसे निकालने के लिए वह अंदर गया था। जब वह वापस आया तो उसकी बाइक वहां नहीं थी। पीड़ित ने काफी खोजबीन की लेकिन, बाइक नहीं मिली। इस पर उसने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी है।

गुमशुदा की तलाश

नाम : राकेश कुमार, उम्र : 40 वर्ष
पिता का नाम : सूधर दयाल
निवासी : ग्राम मुगुलपुर, थाना अचलगंज, उन्नाव (यू.पी.)
कद - 5 फुट, रंग - गोरा, इकहरा मजबूत बदन
पहनावा - नीली शर्ट, काली पैन्ट व जूते
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त राकेश कुमार दिनाँक 03 अक्टूबर 2022 दिन सोमवार को अपने घर से आहूजा कोल्ड स्टोर कोरारी उन्नाव काम करने गये थे जो आज तक वापस नहीं आये। जिसकी थाना अचलगंज में गुमशुदगी दर्ज है।
उपरोक्त के बारे में कोई सूचना हो तो कृपया निम्न नम्बर पर सूचित करने की कृपा करें।
ओमप्रकाश, उपनिरीक्षक अचलगंज, मो. 9026517966 | संजीव कुमार, थानाध्यक्ष, अचलगंज मो. 9454404356, 8081211185 | माया राय, क्षेत्राधिकारी बीघापुर, मो. 9454401527

आग की लपटों से जूझते रहे अन्नदाता

औरास, सफीपुर और सोहरामऊ क्षेत्र में जली गेहूं की फसल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। औरास, सफीपुर व सोहरामऊ क्षेत्र के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में सोमवार को लगी आग में करीब चार बीघा फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने लपटें देख निजी संसाधनों से आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंचे लेखपालों ने नुकसान का आकलन किया है।

औरास थानाक्षेत्र में रहने वाली रीता सिंह, वासुदेव सिंह व मंगूलाल शर्मा के गेंहू के खते गांव पंचमखेड़ा के पास हैं। सोमवार दोपहर बाद गांव किनारे कूड़े के ढेर में जल रहे दोना-पत्तलों से निकली चिंगारी तेज हवा से पास के खेतों में खड़ी फसल में जा गिरी। जिससे फसल में आग लग गई। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से आग बुझाई। लेकिन, तब तक रीता व वासुदेव की दो बीघा व मंगू की एक बीघा फसल जल गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किसानों ने लेखपाल को घटना की सूचना दी है। सफीपुर। कोतवाली क्षेत्र के निहालपुर गांव निवासी सेवानिवृत शिक्षक श्रवण गौड़ का मियागंज मार्ग किनारे गेहूं का खेत है। जिसमें सोमवार को आग लग गई। वहां पहुंचे ग्रामीणों ने पानी डालकर व पेड़ों की डाल से पीटकर आग को काबू में किया। तब तक करीब पांच बिसुवा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। वहीं सोहरामऊ क्षेत्र के निबहरी गांव के खेतों में लगी गेहूं की फसल में आग लगने से उत्तम अवस्थी व छोटे लाल की डेढ़ बीघा गेहूं की फसल राख हो गई। लेखपाल ने फसल जलने से हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही है।

औरास में खेत पर आग बुझाने का प्रयास करते ग्रामीण।

सोहरामऊ में आग से जलते गेहूं के बोझ।

एचटी लाइन में स्पार्किंग होने से खेतों पर लगी आग, गेहूं और भूसा राख

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अरझोरामऊ गांव के खेतों के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन टकराने के कारण नीच भूसे और गेहूं के खेत में आग लग गई। जिससे दो किसानों की भूसा और गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। किसानों ने ट्यूबवेल से पाली डालकर आग बुझाई। इस दौरान किसानों को हजारों का नुकसान हुआ है। सिकंदरपुर सरोसी निवासी इदरीश का गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अरझोरामऊ में खेत है। उसने खेतों में गेहूं की फसल काट कर थ्रेसिंग कराई थी। जिससे खेतों में भूसा एकत्र था। रविवार शाम खेत के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन आपस में टकरा गई। जिससे उसकी चिंगारी भूसे में गिर गयी। खेत में पड़ा भूसा जलकर खाक हो गया। पास में लगे ट्यूबवेल चलाकर लोगों ने बाल्टी से पानी डाला तब कहीं आग पर काबू पाया जा सका। आग में करीब बीस क्विंटल भूसा जलकर खाक होना बताया गया है। इसी तरह पिपरी निवासी सोनू शर्मा का भी अरझोरामऊ में खेत है, जिसको उसने एक बटाईटार को दे रखा है। उसकी भी गेहूं के खेत में एचटी लाइन की स्पार्किंग से आग लगा गई। सोनू ने बताया कि करीब 12 क्विंटल गेहूं जलने से हजारों का नुकसान हो गया है।

खेत में जली पड़ी गेंहू की फसल।

लाइन टूटी, पश्चिमी क्षेत्र की बत्ती गुल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। सोमवार को विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान पश्चिमी क्षेत्र में एचटी लाइन ब्रेक हो गई। जिससे पश्चिमी क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण इलाके की बिजली गुल हो गई। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने पेट्रोलिंग कर फाल्ट ढूंढा। इस दौरान पांच घंटे तक बिजली गुल रही। इसी तरह रविदास नगर में ट्रांसफार्मर की मरम्मत होने से घंटों बिजली गुल रही।

सुबह करीब सवा ग्यारह बजे बिजली सप्लाई चालू होने के दौरान पश्चिमी क्षेत्र में एचटी लाइन ब्रेक हो गई। जिसे फीडर 4 गंगाघाट टाउन सबस्टेशन की आपूर्ति बंद हो गई। एसएसओ ने आपूर्ति चालू करने का प्रयास किया लेकिन ट्रिपिंग होने के कारण एसडीओ के निर्देश पर बिजली कर्मियों ने पेट्रोलिंग की। जहां चंपापुरवा में लाइन ब्रेक मिली। जिस पर बिजली कर्मियों ने मरम्मत का कार्य किया। इस दौरान फीडर चार में मिश्रा कालोनी, गोताखोर, कर्बला, राजीव नगर खंती, चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, तेजी पुरवा, गगनीखेड़ा, सरैयां की पांच घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। बिजली न आने पर लोग परेशान हो गये। वहीं विदास पार्क पर 100 केवीए ट्रांसफार्मर का मरम्मतीकरण कार्य किया गया। जहां जेई अक्षय तिवारी ने बताया कि 11 बजे से तीन बजे तक कार्य कराया गया है। जिससे सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही।

ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते बिजली कर्मी।

युवक ने फांसी लगा जान देने का किया प्रयास, गंभीर

उन्नाव। सदर कोतवाली अंतर्गत रामपुरी मोहल्ला निवासी अभिषेक गुप्ता (30) पुत्र राकेश सोमवार दोपहर संदिग्ध हालात में अपने घर में फंदे पर लटक गया। परिजनों ने उसे लटका देखा तो नीचे उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख कानपुर के हैलट अस्पताल भेज दिया। इस पर भाई दीपांशु उसे लेकर हैलट रवाना हो गया। चर्चा है कि घरेलू विवाद में युवक ने जान देने का प्रयास किया है।

सार-संक्षेप

केबिल कटने से शुक्लागंज की बीएसएनएल सेवाएं ठप

शुक्लागंज उन्नाव। शुक्लागंज को आने वाली बीएसएनएल की केबिल सोमवार को कट गई। जिससे नगर के अलावा आसपास क्षेत्रों की बीएसएनएल सेवाएं प्रभावित हो गई। घंटों तक सर्वर न आने से बैंकिंग कार्य के अलावा अन्य कार्य प्रभावित रहे। वहीं इंटरनेट कैफों में सर्वर न आने से काम कराने के लिये आने वाले तमाम लोग वापस लौट गये। सुबह करीब 11 बजे सहजनी के पास बीएसएनएल केबिल कट गई। जिस कारण शुक्लागंज की दूर संचार सेवाओं के अलावा इंटरनेट सेवा बाधित हो गई। वहीं केबिल कटने के कारण टेलीफोन एक्सचेंज भी बैठ गया। इसके साथ ही नगर की जिन बैंकों में बीएसएनएल का इंटरनेट लगा हुआ है। उन बैंकों का कार्य भी प्रभावित हो गया। घंटों उपभोक्ता रूपये के लेन देन को लेकर बैंक में खड़े रहे। जब उन्हें पता चला कि सर्वर नहीं आने के बाद काम होगा। जिस पर वह वापस लौट गये। बीएसएनएल कर्मियों ने फाल्ट ढूंढने के लिये पेट्रोलिंग की। जहां सहजनी के पास फाल्ट मिला। कर्मियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया है। जहां शाम करीब साढ़े चार बजे मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद दूर संचार सेवाएं सामान्य हो सकी।

बीडीओ से रुका वेतन दिलाने की मांग

बिछिया। ब्लॉक क्षेत्र के गांव तारगांव में संचालित भोले बाबा महिला समूह घटोरी मजरे तारगांव की सचिव रामप्यारी ने खंड विकास अधिकारी पल्लवी सचान को शिकायत पत्र देकर बताया कि उनके समूह द्वारा 13 आगनबाड़ी केंद्रों पर समूह की 10 महिलाओं द्वारा बीते 18 माह से राशन वितरण किया जा रहा है। लेकिन उन लोगों को अभी तक वेतन नहीं मिल सका है। उन्होंने बीडीओ से वेतन दिलाने की मांग की है।

पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व सपा जिलाध्यक्ष अनवार

उन्नाव। पार्टी कार्यालय में सपाइयों ने पूर्व मंत्री व पूर्व सपा जिलाध्यक्ष अनवार अहमद को उनकी पांचवी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव व लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को पार्टी को एकजुट होकर मजबूत बनाना चाहिए। यही दिवंगत नेता के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। ज़िलाध्यक्ष ने कहा कि बाबू जी (अनवार अहमद) दिवंगत होने के बाद भी सभी के दिलो में जीवित हैं। क्योंकि समाजसेवा करते हुए उन्होंने दिल में जगह बनाई थी। सभी सपा कार्यकर्ताओं को उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। इंडिया गठबंधन (सपा) प्रत्याशी अन्नू टंडन ने दावा किया कि वह दलगत राजनीति से हटकर मार्गदर्शन कर आशीर्वाद देते रहे। शायद यही कारण था कि सपा सहित अन्य दलों के कार्यकर्ता भी उन्हें बराबर सम्मान की दृष्टि से देखते थे। राम बहादुर यादव, राजेश कुमार साधु, नरेंद्र सिंह लोधी, रमन पटेल, गौरव यादव, अफजाल अहमद, प्रेम यादव, अतहर अली लाले, राहुल अग्निहोत्री, अविनाश, शरीफ़ ख़ान, लकी यादव व छोटे लाल भारती रहे।

सड़क हादसें में अधेड़ की मौत, घर में मातम

बांगरमऊ उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के लौहान पुरवा गांव निवासी सुंदरलाल (45) को सोमवार रात गांव के पास बिल्हौर मार्ग मोड़ पर सड़क किनारे लहूलुहान पड़ा देख राहगीरों ने उसे पहचान कर परिजनों को सूचना दी। भाई धर्मराज व अन्य परिजन पहुंचे और उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाई ने बताया कि सुंदरलाल की बेटी की बरात 18 अप्रैल को आनी थी। उसी की तैयारी में किसी काम से गया था। वहां से वापस लौटते समय किसी वाहन की टक्कर से उसकी मौत होने की आशंका जताई गई है। उसकी मौत की खबर मिलते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

दीवार निर्माण के विवाद में दबंगों ने पीटा, वीडियो वायरल

उन्नाव। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के एक गांव में विद्यालय की दीवार गिर गई। प्रबंधक ने दीवार का निर्माण शुरू कराया तो वहां पहुंचे दबंगों ने गालीगलौज कर विरोध शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। लाठी-डंडों से हुई मारपीट में कुछ लोग घायल हो गये। जिसका वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। तकिया निगोही गांव निवासी शांति देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सरदार वल्लभ भाई इंटर कॉलेज की दीवार गिर गई थी। जिसे बनवाने के लिये वह विद्यालय पहुंची। तभी इसी गांव के रहने वाले प्रताप सिंह, राजेंद्र सिंह पुत्रगण बबलू सिंह, हर्षित सिंह, लल्लू सिंह व शिवम विद्यालय में घुस आये और दीवार बनाने का विरोध कर गालीगलौज व मारपीट करने लगे। उन लोगों ने वहां मौजूद उसके पति महेश कुमार, शौर्य, प्रगति देवी, जगनू, राजेंद्र, लाल चंद्र निवासी उगू फतेहपुर चौरासी को लाठी-डंडों से जमकर मारा पीटा। जिसमें सभी लोग गंभीर घायल हो गये। घटना का किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

ब्रह्माकुमारी के नए सत्संग भवन में हवन-पूजन

शुक्लागंज उन्नाव। नगर में संचालित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नये सत्संग भवन में आचार्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। जिसके बाद मुख्य अतिथियों ने फीता काटकर सत्संग भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों लोगों ने प्रसाद चखा। राजधानी मार्ग स्थित द्विवेदी मार्केट में प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का आध्यात्मिक सत्संग केन्द्र संचालित किया जा रहा है। किराये का भवन होने के कारण संस्था ने मरहला चौराहे के पास नव विकसित ओम शांति नगर में नये सत्संग भवन दिव्य अनुभूति भवन का निर्माण कराया है।

युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। बिहार थानाक्षेत्र के काछिनखेड़ा गांव में सोमवार को संदिग्ध परिस्थिति में युवक की क्षतिग्रस्त बाइक व उसका शव घर से दो किमी दूर सड़क किनारे लहूलुहान हालात में पड़ा मिला। पहले तो पुलिस ने इसे सड़क हादसा माना। लेकिन, सीओ की जांच के दौरान युवक के घर से बरामद हुए खून से सने बिस्तर व एक कुल्हाड़ी व अन्य साक्ष्य मिलने पर उसकी हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, घर में करीब 6 फिट का गड्ढा भी खुदा मिला जो हत्या कर शव घर में ही दफनाने की योजना की ओर इशारा कर रहा था। हत्या में किसी करीबी के शामिल होने का अंदेशा है। सूचना पर पहुंची फील्ड यूनिट व फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। स्निफर डाग भी गांव में घूमकर लौट आया। पुलिस उसके छोटे भाई व गांव निवासी मौसा से पूछताछ कर रही है। चर्चा है कि युवक की कुल्हाड़ी से वारकर हत्या की गई है।

घटना की जांच करती फील्ड यूनिट व डाग स्क्वाएड। अमृत विचार

- **पुलिस हादसा या हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी**

काछिन खेड़ा गांव निवासी सुनील कुशवाहा (26) की रविवार रात कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव गांव से करीब दो किमी दूर मनिकापुर-बदनपुर मार्ग स्थित मुस्काबाद गांव की गोशाला के पास फेंक दिया गया। शव के पास ही उसकी बाइक भी पड़ी मिली। सोमवार सुबह राहगीरों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। एसओ शिवप्रकाश पांडेय फोर्स के साथ पहुंचे और सिर में गहरी चोट व चेहरे पर कई चोटों के निशान देख हत्या की घटना को हादसे का रूप दिए जाने की आशंका पर सीओ माया राय को सूचना दी। आनन-फानन सीओ पुलिस टीम के साथ मृतक के घर पहुंचीं। खून लगे बिस्तर के पास ही एक कुल्हाड़ी भी पड़ी मिली। गैलरी में करीब छह फिट लंबा और पांच फिट गहरा गड्ढा भी खुदा मिला। इसमें आधी मिट्टी भरी हुई थी। खोजी कुत्ता घर से 20 मीटर दूर रहने वाले मौसा के घर तक गया और लौट आया। छोटे भाई अमन ने पुलिस को बताया कि रात में वह गांव में ही मौसा राजू घर सोने गया था और मां सुंदरी देवी अपनी ननद के यहां लक्षीपुर गईं थी।

घाट पर युवक का शव मिला, शिनाख्त नहीं

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली के जाजमऊ चौकी क्षेत्र के चंदन घाट पर सोमवार दोपहर एक अज्ञात युवक का शव पड़ा घाट पर रहने वाले लोगों ने देखा। शव मिलने की सूचना पर लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे। जहां जांच पड़ताल कर शव को उन्नाव मोर्चरी में रखवाया गया है। वहीं मुंह से खून निकलने से मौत संदिग्ध लग रही है।

जाजमऊ चौकी क्षेत्र के चंदन घाट के पास सोमवार सुबह एक 45 वर्षीय अज्ञात युवक का संदिग्ध हालत में शव आस पास के लोगों ने पड़ा देखा। शव के मुंह से खून निकलने पर लोग अनहोनी की आशंका भी व्यक्त कर रहे थे। आस पास के लोगों की भीड़ लग गई। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने जांच पड़ताल की। जिसके बाद लोगों को बुलाकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया।

बच्ची से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल कैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- **गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में अक्टूबर 2017 में हुई थी घटना**

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में छह वर्षीय बच्ची से हुए दुष्कर्म के मामले की सुनवाई सोमवार को कोर्ट में पूरी हुई। एडीजे ने आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए 20 साल कैद देने के साथ 10 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

बता दें कि गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 18 अक्टूबर-2017 को उसकी छह वर्षीय बेटी घर के बाहर खेल रही थी।

तभी क्षेत्र के देवारा खुर्द गांव निवासी शिवरतन बेटी को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उससे दुष्कर्म किया। बेटी के लौटने पर कपड़ों में लगा खून देख उसे घटना की जानकारी हुई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट व दुष्कर्म की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर 19 अक्टूबर-2017 को आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया था। आईओ इंद्रपाल सिंह ने जांच के बाद साक्ष्य एकत्र कर आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की थी। सोमवार को एडीजे-5 की कोर्ट में मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। इसमें शासकीय अधिवक्ता प्रदीप श्रीवास्तव की दलील व साक्ष्य के आधार पर एडीजे जयवीर नागर ने शिवरतन को दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा सुनाई है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फांसी से महिला की मौत की पुष्टि

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। अचलगंज थानाक्षेत्र के अमरसस गांव में विवाहिता शनिवार का शव फंदे से लटका मिला था। रविवार को हुए पोस्टमार्टम के उसकी हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। मायके वालों की तहरीर पर पुलिस ने पति पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

अमरसस गांव निवासी रोहित विमल कुवैत में कपड़े धोने का काम करता है। होली मनाने के लिए वह बीती 15 फरवरी को गांव आया था। उसकी 29 फरवरी-2020 को पूनम से शादी हुई थी। अभी उसे कोई संतान नहीं है। रविवार दोपहर वह बाहर गया था। इसी दौरान उसकी पत्नी पूनम (27) अपने कमरे में छत में लगे कुंडे में दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गई थी। उसकी मौत की सूचना पर सीओ माया राय व नायब तहसीलदार यशवंत सिंह ने मौके की जांच की। जहां उन्हें कमरे की कुंडी में लटका उसका मोबाइल व टूटी हुई चूड़ियां पड़ी मिली थी। दिवंगत महिला के भाई राजेश व मां राजेश्वरी ने दहेज को लेकर बेटी से मारपीट कर फंदे से लटकाने का आरोप लगाया था।

जीत का आधार बनेंगे योजनाओं से लाभांवित लोग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास नारे पर अमल करते हुए भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव प्रदेश की छह करोड़ सहित देश की 25 करोड़ आबादी को गरीबी से बाहर निकाला है। इसके लिए एमएसएमई मुद्रा योजना, आजीविका मिशन, स्वयं सहायता समूह, बैंक सखी, लखपती दीदी, विद्युत सखी आदि के जरिए लोगों को रोजगार दिलाए गए हैं।

यह बात पार्टी के जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता में प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता ने कही। सरकार चुनावी वादे पर अमल कर धारा 370 हटाने सहित श्रीराम मंदिर का निर्माण ही नहीं कराया, बल्कि हिंदू-मुस्लमानों को एक नजर से देखते हुए 80 करोड़ परिवारों को मुफ्त राशन मुहैया कराने की गारंटी दी। गरीबों के चार करोड़ घर बनाए और आगे तीन करोड़ घर और बनाए जाएंगे। अब एक करोड़ के बजाए 10 करोड़ महिलाएं लखपती दीदी बनेंगी। उन्हें आईटी, स्वास्थ्य, शिक्षा व पर्यटन आदि क्षेत्रों में स्वरोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसी तरह युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने को मुद्रा योजना के जरिए 10 के बजाए 20 लाख रुपए ऋण दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि किसान सम्मान निधि से लाभांवित देश के 10 करोड़ किसान मतदाता भी भाजपा जिताने को प्रतिबद्ध हैं। स्वनिधि योजना ने रेहड़ी-पटरी वालों को महाजनी ब्याज मुक्ति दिलाती है। श्रमिकों को भी लाभांवित करने की शुरुआत हो चुकी है। हाईवे ट्रक चालकों के लिए सुविधाजनक बन रहे हैं। जीएसटी पोर्टल का सरलीकरण किया होगा। साथ ही खादी को दुनिया में ब्रांड बनाया जाएगा। देश खिलौना निर्माण केंद्र बनेगा। इसकी विमानन सेवा में विस्तार की शुरुआत हो चुकी है।

पत्रकारों से वार्ता करते प्रांतीय महामंत्री एवं एमएलसी अनूप गुप्ता। अमृत विचार

- **भाजपा के प्रांतीय महामंत्री ने गिनाए योजानाओं के लाभार्थी**

नवरात्र विशेष भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती हैं मां दुर्गा, नवरात्र के दिनों में मातारानी के दर्शन को उमड़ता जनसैलाब

कनाडा, सिंगापुर, अमेरिका में मां भगवती के लाइव दर्शन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। शुक्लागंज (गंगाघाट) स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में हमेशा से नवरात्र पर दर्शन-पूजन करने वाले भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती रही है। यहां न सिर्फ नगर व आसपास, बल्कि निकटवर्ती महानगरों के साथ देश-विदेश तक के श्रद्धालु नवरात्र में पहुंचते हैं। मंदिर की ओर से आनलाइन दर्शन की जारी परंपरा से गैर राज्यों व विदेश में रहने वाले भी सजीव दर्शन करते हैं।

मंदिर के अध्यक्ष आदित्य सिंह बताते हैं कि सन-1953 में पूज्यपाद मदन केशव राव अमडेकर जबलपुर से पड़ोसी महानगर कानपुर में प्रवास करने पहुंचे थे। उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय नर्मदा नदी तट पर देवी की अराधना करते हुए बिताया था। इसलिए कानपुर के बजाए वे यहां दुर्गा मंदिर के पास ठौर तलाश कर रहने लगे। इस दौरान उनका अधिकांश समय मंदिर में देवी ध्यान करते हुए बीतता रहा। मंदिर अध्यक्ष के मुताबिक देवी की निरंतर आराधना जारी देख स्थानीय व क्षेत्र के लोगों में भी देवी भक्ति जाग्रत होने लगी। कालांतर में महानगरीय देवी मंदिरों खासकर तपेश्वरी माता मंदिर के श्रद्धालु भी यहां पहुंचने लगे। उन्होंने बताया कि सन-1953 तक पहले यहां मठिया में मां दुर्गा की एक छोटी मूर्ति स्थापित थी। सन-1966 में मां दुर्गा के बड़े विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। जो इस समय पूजी जा रही है। बुजुर्ग बताते हैं कि करीब 400 वर्ष पूर्व विशाल देवी मंदिर में महामाया की स्वर्ण प्रतिमा स्थापित थी। जो बाढ़ आदि विभीषिका में अस्तित्व विहीन हो गई थी।



नवरात्र पर सजाया गया मां दुर्गा मंदिर। मंदिर में विराजमान मां दुर्गा। अमृत विचार

- **प्राचीन दुर्गा मंदिर की आरती का लाइव प्रसारण देखकर अविभूत हो जाते भक्त**

खजाना लेने के लिए उमड़ते श्रद्धालु

मंदिर समिति श्रद्धालुओं के सहयोग से जनसरोकारों से जुड़ी रहती है। समय-समय पर भंडारे व जरूरतमंद महिलाओं को वस्त्र आदि का वितरण होता है। यहां बंटने वाला खजाना लेने की श्रद्धालुओं में होड़ रहती है।

गुरुजी के प्रति भक्तों में अपार आस्था

मां दुर्गा के साथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराने वाले गुरुजी के प्रति क्षेत्रीय लोगों में जबर्दस्त आस्था है। इसके चलते वर्तमान में समाधि स्थल पर चांदी के सिंहासन पर ब्रह्मलीन गुरुजी की प्रतिमा स्थापित है।

कोविड महामारी के दौरान शुरू हुई थी लाइव आरती

कोविड महामारी के दौरान आनलाइन कामकाज शुरू होने पर श्रद्धालुओं की मांग पर मंदिर की ओर से भी तड़के होने वाली आरती से लोगों को लाइव जोड़ने की शुरुआत हुई। अभी भी कनाडा, सिंगापुर, अमेरिका व नेपाल आदि में रहने वाले मां दुर्गा के भक्त जुड़ते हैं और क्षेत्रीय लोगों के साथ वे भी लाइव आरती देखते हैं।

मां कालरात्रि के दर्शन को लगी रही भीड़

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। नवरात्र के सातवें दिन देवी भक्तों ने मां कालरात्रि का दर्शन-पूजन किया। भक्त घरों के साथ मंदिरों में पहुंचकर मां भगवती की कृपा पाने का जतन कर रहे हैं। वहीं नवरात्र पर रात्रि जागरण करने के लिए महिलाएं घरों में आधी रात के बाद तक भजन-कीर्तन जारी रखती हैं।

अष्टमी के बाद नवमी से नवरात्र समाप्त होने हैं। इसलिए कोई भी देवी को मनाने-रिझाने में कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहता है। यही कारण है कि मंदिरों में दर्शन-पूजन करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। तड़के होने वाली मंगला आरती में मंदिर समितियों के लोग सहित नियमित पूजन करने वाले भक्त दिखे। देवी मंदिरों सहित आसपास सजी प्रसाद व फूल की दुकानों पर लगातार खरीदारों की लाइन लगी दिखी। देवी मंदिरों में बैठकर श्रद्धालु मंत्रों का जप करते नजर आए। स्टेशन रोड स्थित दुर्गा मंदिर के पुजारी आचार्य अरुण कुमार तिवारी ने सप्तम नवरात्र पर मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना का महत्व बताया।

उधर शुक्लागंज स्थित गांधी नगर स्थित काली मंदिर में मां कालरात्रि का श्रंगार किया गया। भक्तों ने विधि विधान से आदि शक्ति देवी दुर्गा की पूजा अर्चना की। मंदिरों में सुबह से भीड़ रही। दुर्गा मंदिर के पंडित विनोद पांडे ने बताया कि मां कात्यायनी की पूजा अर्चना करने से मनोकामनाएं पूरी होती है।

दुर्गा मंदिर में दर्शन के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

दर्शन के लिए भक्त विंध्यवासनी और मैहर रवाना

वैसे नवरात्र शुरू होते ही धार्मिक तीर्थाटन करने वाले अलग-अलग देवी स्थानों को रवाना होते हैं। मंगलवार को अष्टमी पर व्रत रखकर दर्शन करने वाले भक्त सोमवार को विभिन्न साधनों से विंध्यवासनी व मैहर माता के दर्शन करने जाते रहे। विंध्याचल जाने वाले भक्त अपने गांव-मोहल्ला के देवी मंदिरों में माथा नवाकर रवाना होते हैं।

जीवन के लिए जैसे जल जरूरी लोकतंत्र के लिए वैसे ही मतदान

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मताधिकार का बताया महत्व

हरदोई

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की स्वीप गतिविधियों के तहत सोमवार को गांधी भवन में जल निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिस देश में जितना मतदान होता है व देश उतना ही मजबूत होता है और जिस तरह जीवन के लिए जल जरूरी है उसी तरह मजबूत लोकतंत्र की स्थापना के लिए मतदान बहुत जरूरी है। कोई भी मतदाता अपने परिवार के साथ चार पहिया वाहन से मतदान केन्द्र के 200 मीटर तक जा सकता है। वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं, सी विजिल ऐप के माध्यम से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है और इन शिकायतों का निस्तारण 100 मिनट में किया जाता है व शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय राहता है। केवाईसी ऐप के माध्यम से हम अपने उम्मीदवार के बारे में जान सकते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी।

एसपी केशव चन्द गोस्वामी ने कहा कि सभी लोग निर्भीक होकर निष्क्ष मतदान करें। उन्होने कहा कि अपने अधिकार का प्रयोग करने से कर्तव्य का अहसास होता है और जिस तरह घड़ा भरने के लिए बूंद-बूंद महत्वपूर्ण है उसी तरह से मजबूत लोकतंत्र के लिए एक एक वोट महत्वपूर्ण है इसलिए उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर ने कहा कि सभी लोग मतदान करने की ठान लें और 13 मई को बूथ पर अवश्य जाएं। मंच का संचालन मनीष मिश्रा ने किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने गांधी भवन से मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर लोगों को जागरूक करते हुए गुजरी।

मतदाता जागरूकता रैली को रवाना करते जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व एसपी केशव चन्द गोस्वामी। अमृत विचार

आम जनमानस को मतदान करने के लिए करें प्रेरित

स्वामी विवेकानंद सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने नोटरी अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने सभी अधिवक्ताओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी तथा आम जन को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

13 मई मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश

जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जनपद में 13 मई को होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा और इस दिन कोषागार एवं उप कोषागार भी बन्द रहेंगे।

आयोजनों की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन

हरदोई, अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए किसी भी आयोजन जैसे रैली, सभा आदि की अनुमति के लिए आवेदन नियत तिथि से कम से कम 48 घंटे पूर्व किया जाना है। निर्वाचन आयोग की ओर से आवेदनकर्ताओं को ऑनलाइन परमीशन की सुविधा प्रदान की गयी है।

मम्मी-पापा मतदान करने जरूर जाना...

हरदोई, अमृत विचार। जनपद के प्रशासन की तरफ़ से जहां एक तरफ़ मतदान के लिए लोगों को जमकर जागरूक किया। वहीं टोंडरपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय फ़ैज़ुल्लापुर के बच्चों ने अपने शिक्षक की सहायता से अपने माता-पिता को जागरूक करने के लिए पत्र लिखा। पत्र में लिखा कि मम्मी-पापा जनपद में 13 मई को मतदान होना है ऐसे में जैसे हम स्कूल जाने के लिए जागरूक है आपको भी अपने मतदान अधिकार के लिए जागरूक होना चाहिए, न सिर्फ़ अपना ही मतदान अपितु परिवार के उन सभी सदस्यों का भी मतदान करवाइयेगा। जिसके नाम मतदाता सूची में हैं। कक्षा 3,4 और 5 के बच्चों ने यह पत्र अपने अभिभावकों को भी सौंपें। कक्षा 4 में पढ़ने वाली सौम्या ने अपने पिता को पत्र देते हुए कहा कि पापा मतदान में ज़रूर जाइएगा। विद्यालय के शिक्षक शिवेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि पत्र लिखकर बच्चों के माध्यम से अभिभावकों को जागरूक इसलिए किया जा रहा है, जिससे बच्चे में मतदान के दिन अपने परिवार को लोगों को याद दिलवाने के साथ ही बूथ तक पहुंचने के लिये जागरूक कर पायें।

गलतियों की सम्भावना को समाप्त करता हैं प्रशिक्षण

हरदोई। सोमवार को जीडीसी में चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर ने कहा कि सभी कार्मिक ईवीएम का प्रशिक्षण ठीक तरह से लें और अच्छा प्रशिक्षण मतदान के दिन गलतियों की सम्भावना को समाप्त करता हैं तथा ईवीएम के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर लें।

एक नजर

गैस उपकरणों की घर-घर की जाएगी जांच

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। मल्लावां इण्डेन गैस एजेंसी द्वारा बेसिक सेफ्टी चेक अभियान के तहत गैस उपकरणों की जांच की जाएगी। इंडियन ऑयल कारपोरेशन के फिल्ड ऑफिसर विशाल पोरवाल ने बताया कि पांच वर्ष पर सिलेंडर, चूल्हा, पाइप की नि: शुल्क घर-घर जांच कर्मचारियों करते हैं, ताकि होनी वाली दुर्घटनाओं पर लगाम लग सके। मल्लावां इण्डेन गैस एजेंसी के प्रबंधक अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि कई बार लापरवाही के चलते बडे हादसे हो जाते हैं। गैस उपकरणों व इनकी जांच के प्रति ग्राहकों को जागरूक कर नियमित रूप से इनकी जांच कराने के प्रेरित किया जा रहा है।

तीन दिवसीय उर्स-ए-जहूरी का आगाज़ शुरू

बिलग्राम, हरदोई। नगर के मोहल्ला मैदानपुरा स्थित खानकाहे जहूरिया में में तीन दिनों तक चलने वाले उर्स-ए-जहूरी का सोमवार शाम से आगाज़ हुआ। तीन दिनों तक चलने वाले उर्स-ए-जहूरी में महफ़िल-ए-मिलाद कुल शरीफ व जिक्र औलिया, महफ़िल ए सिमा सजाई जायेगी। जानकरी देते हुए असगर जहूरी बिलग्रामी ने बताया कि सोमवार रात बाद नमाज़-ए-इशा महफ़िल-ए-मिलाद का आयोजन होगा। मंगलवार दोपहर 12 बजे गुस्ल की रस्म अदा की जाएगी। साथ ही रात में छोटे दायरे में कव्वाली का प्रोग्राम होगा। 17 तारीख बुधवार को सुबह आठ बजे जिक्र-एऔलिया रात में बाद नमाज़-ए-इशा फिर कव्वाली का आयोजन किया जायेगा। सुबह चार बजे कुल शरीफ होगा और दुआओं के बाद उर्स का समापन होगा।

बोलेरो की टक्कर से खाईं में गिरा शिक्षक, पैर टूटा

हरदोई, अमृत विचार। साण्डी कस्बे के मोहल्ला खालसा निवासी 56 वर्षीय आशुतोष पाठक पुत्र शांति स्वरूप पाठक प्राथमिक स्कूल खेरवा अमजदपुर में शिक्षक है। सोमवार की दोपहर स्कूल की छुट्टी होने के बाद शिक्षक अपनी बाइक से घर लौट रहा था, उसी बीच रास्ते में साण्डी पक्षी विहार के सामने उसे एक तेज़ रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी, जिससे वह उछल कर खाईं में जा गिरा, हादसा होते हुए देख कर काफी लोग दौड़ पड़े, जबकि उसी बीच ड्राइवर बोलेरो ले कर भाग निकला। वहां पहुंचे लोगों ने एम्बुलेंस-108 को कॉल की, वहां पहुंची एम्बुलेंस की मदद से उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

गैंगरेप का दूसरा आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हुई गैंगरेप की घटना में शामिल दूसरे आरोपी को पुलिस ने खेड़ा तिराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने 28 फरवरी को कोतवाली में गांव के राहुल के विरुद्ध 26 फरवरी अपनी 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने पांच मार्च को किशोरी को आरोपी राहुल सहित गिरफ्तार कर लिया। किशोरी को डॉक्टरी परीक्षण कराया गया और आरोपी राहुल को जेल भेजा दिया था।किशोरी के बयान के आधार और विवेचना में हरिनाम और वीरेश का नाम लेते हुए तीनों पर सामूहिक बलात्कार करने की बात सामने आई थी। इसी आधार पर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों का नाम बढ़ाते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार को पुलिस ने खेड़ा तिराहे से दूसरा आरोपी हरिनाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पंखे के तार से लगा करंट, बच्ची की मौत

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। पंखे के तार से करेंट लगने से मासूम बच्ची की मौत होने से स्वजनों में कोहराम मच गया। लच्छीपुर गांव निवासी मनीष गौतम दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। मनीष की पत्नी दो बेटियों के साथ गांव में रहती है। सोमवार को दोपहर घर में चल रहे फर्राटा पंखे के कटे तार को पास में खेल रही सन्या तीन वर्ष ने छू लिया, जिससे उसे करेंट लग गईं। परिजन बच्ची को आनन फानन मल्लावां स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत के बाद घर में कोहराम छा गया। बच्ची की मौत जिसने सुनी वह सकते में आ गया।

नए आने वाले न्यायाधीशों को सौंपी अदालत

हरदोई

अमृत विचार। जनपद में कार्यरत आठ न्यायाधीशों का गैर जिलों को स्थानांतरण हो गया है। इन सभी ने सोमवार को यहां का कार्यभार छोड़ दिया है, जबकि गैर जिलों से स्थानांतरित होकर यहां आने वाले नए न्यायाधीशों की अदालत का निर्धारण कर दिया गया है।

यहां कार्यरत रहे अपर जिला जज सुनील कुमार सिंह, निरुपमा विक्रम ,कुलदीप सिंह व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दुबे ,सिविल जसिंह डिवीजन तूलिका बंधु, अपर सीजे एम अंशुमाली पांडे, रामगोपाल

यादव व रश्मी चंद्र ने सोमवार को यहां का कार्यभार छोड़ दिया है। गैर जिलों से आने वाले नए न्यायाधीशों को जिला जज राजकुमार सिंह ने अदालत का निर्धारण कर दिया है। इनमें अपर जिला जज कुसुम लता को अपर जिला व सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या पांच बनाया गया है। इसी प्रकार मोहम्मद नसीम को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 6 ,श्रद्धा तिवारी को अपर जिला जज व सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 7, हेमेंद्र कुमार सिंह को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 16 वह सुनील कुमार सिंह को अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14 बनाया गया है । इसके साथ ही न्यायाधीश अनीता को अपर सीजेएम कोर्ट संख्या एक, देवेंद्र प्रताप सिंह को अपर सीजेएम कोर्ट संख्या दो व स्मिता गोस्वामी को अपर सीजे एम कोर्ट संख्या चार बनाया गया है। इसी प्रकार मृत्युंजय कुमार को अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट संख्या दो बनाया गया है। अंजलि रानी को अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन संख्या एक बनाया गया है। इसी प्रकार अमृतांशु राज को ज्यूडिशल मजिस्टेट कोर्ट संख्या दो बनाया गया है, जबकि मोहम्मद यूनुस को अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन संख्या एक बनाया गया है।

रिचा वर्मा बनीं सिविल जज

हरदोई, अमृत विचार। गैर जिलों से स्थानांतरित होकर आने वाले न्यायाधीशों में जनपद अयोध्या से स्थानांतरित होकर यहां आ रही न्यायाधीश रिचा वर्मा को सिविल सीनियर डिवीजन बनाया गया है। जबकि इसी जनपद से स्थानांतरित होकर यहां आ रहे न्यायाधीश यशपाल को यहां अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाया गया है। न्यायाधीश मनमोहन सिंह को यहां पर अपर सत्र न्यायाधीश पोस्को एक्ट न्यायाधीश बनाया गया है।

सपा-बसपा से जुड़े ग्राम प्रधान भाजपा में शामिल

हरदोई

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी की क्षेत्रीय महामंत्री की मौजूदगी में सोमवार को सपा, बसपा से जुड़े प्रधानों ने भाजपा कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ले ली। इस अवसर पर नीरज वर्मा ने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है। एक-एक बूंद से सागर बना वैसे ही भाजपा नित नए कार्यकर्ता को अपने विचारों से जोड़ते विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि देश व प्रदेश की जनता के हितों व जनकल्याण के लिए भाजपा सरकार दिन रात कार्य कर रही है। उसी राह पर चलते हुए आप सब भी पार्टी के विचारों के साथ अपने क्षेत्र के विकास व गरीबों, शोषितों, वंचितों, पीड़ितों, दलितों सहित समाज के हर जरूरतमंद की सेवा करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें।

इन लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

इस अवसर पर पार्टी के संतराम यादव गढिया बारामऊ हरपालपुर, रामकुमार राजपूत प्रधान कुचिला विजना ब्लाक साण्डी, विपनेश राजपूत श्रीमऊ प्रधान ब्लाक साण्डी, सर्वेश यादव प्रधान दस्यौली ब्लाक साण्डी, धर्मेंद्र राजपूत प्रधान कैखाई ब्लाक साण्डी, विमल राजपूत प्रधान बखरिया ब्लाक साण्डी, शिशुपाल राजपूत प्रधान कटरी छोछपुर ब्लाक साण्डी, मनोज तिवारी दयालपुर हरपालपुर (बसपा कोषाध्यक्ष के पद से त्यागपत्र देकर शामिल हुए), मो. अख्तियार प्रमुख व्यवसायी हरपालपुर व मो. सैफ प्रमुख व्यवसायी हरपालपुर ने भाजपा की सदस्यता ली।

पारिवारिक विवाद में युवती को पीटकर किया लहूलुहान

बेनीगंज, हरदोई

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने लोहे की राड से युवती पर हमला किया और युवती बुरी तरह जख्मी हो गई। कोतवाली क्षेत्र के नया पुरवा निवासी रिंकी पत्नी शिवपूजन शुक्ला ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि सोनू पुत्र रंगलाल तिवारी, उमेश पुत्र सूर्यप्रकाश तिवारी, मोनू पुत्र सोनू तिवारी व राज पुत्र उमेश तिवारी आदि ने पारिवारिक विवाद में गाली-गलौज कर लोहे की राड से मारने पीटने लगे, जिससे हमारे सिर में गंभीर चोटे आई हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई हैं। कार्यवाही की जाएगी।

सार-संक्षेप

मजदूरी के पैसे मांगने पर पीटा, तीन पर केस दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मलकापुर के मजरा गौटिया में एक मजदूर द्वारा मजदूरी के पैसे मांगने पर दबंगों ने उसे जाति सूचक गाली गलौज करते हुए मारा पीटा। इस सिलसिले में तीन लोगों पर दलित एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला मलकापुर के मजरा गौटिया निवासी देवेंद्र ने बताया मलकापुर के वसीम के यहां उसने मजदूरी की थी।जिसके पांच हजार रुपए बाकी थे। वह रुपए मांगने उनके पास गया था। इसी बात से नाराज होकर विपक्षी वसीम ने अपने पुत्रों कल्लू और फरमान के साथ उसे जाति सूचक गाली गलौज करते हुए मारा पीटा और बेहोशी की हालत में झाड़ी में फेंक दिया। गांव वालों ने रात को 108 एंबुलेंस से उसे सीएचसी भिजवाया।विपक्षियों ने उसे रिपोर्ट दर्ज करवाने पर गाली गलौज कर जान से मार डालने की धमकी भी दी। घटना की लिखित तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

17 दिन बाद भी किशोरी का नहीं लगा सुराग

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। पाली थाना क्षेत्र के एक ग्राम से 17 दिन पूर्व बहला-फुसलाकर कर भगाई गई एक किशोरी के मामले में मुकदमा पंजीकृत होने के बाद भी पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे किशोरी के परिजन काफी परेशान है। किशोरी के परिजनों ने सोमवार क्षेत्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर पुत्री की बरामदगी करने तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने की मांग की। पाली थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले पिता पिता के अनुसार 29 मार्च को उसकी 17 वर्षीय पुत्री को ग्राम बैजू पुर निवासी लालू पुत्र प्रेम शंकर अपने सहयोगी कृष्णकांत, छोटे, सोनू एवं श्रवण कुमार के सहयोग से बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पाली थाना में पुलिस ने 5 अप्रैल को घटना का केस दर्ज किया। तब से अब तक 17 दिन बीत चुके हैं परंतु पाली पुलिस न तो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पाई और नहीं किशोरी को बरामद किया।

सभासद पुत्र का लम्बी बीमारी से निधन

मल्लावां, हरदोई। नगर के गंगारामपुर की सभासद माया देवी के पुत्र योगेश वर्मा "अंशू" 38 वर्षीय का रविवार की रात्रि को लखनऊ में बीमारी के चलते निधन हो गया। शव के घर पर पहुंचते ही पूरे घर में कोहराम मच गया। शोक संवेदना व्यक्त करने विधायक आशीष सिंह, चेयरमैन पति रियाज आलम, प्रतिनिधि परवेज आलम, समाज सेवी विशाल जायसवाल, सपा नेता विप्र कनोजिया, पूर्व सभासद अनुराग मिश्र, सभासद इंतिसार अंसारी, अशोक राठौर सहित तमाम लोगों पहुंचे जहां ढांढ़स बंधाया।

हमला व लूट मामले में पुलिस नहीं कर रही कोई कार्रवाई

हरदोई

अमृत विचार। लुटेरों ने बाइक से घर जा रहे एक निजी कंपनी के एक वर्कर को रास्ते में रोक कर उसके ऊपर हमला करते हुए 47 हज़ार की नगदी और बाइक लूट ली थी। इस तरह की वारदात होने से हड़कंप मच गया। तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने एक नहीं सुनी, उसके बाद अब एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह से पुलिस की शिकायत की गई है।

सवायजपुर कोतवाली के भैनामऊ निवासी विकास मिश्रा पुत्र उमेश मिश्रा एक निजी कंपनी में फील्ड वर्क देखता है। 6 अप्रैल की शाम को वह अपनी बाइक से घर जा रहा था, उसी बीच नकटौरा से भैलामऊ रोड पर लोनार थाने की मत्तीपुर मोड़ पर बाइक सवार लुटेरों ने उसे रोका और हमला करते हुए 47 हज़ार रुपये और बाइक लूट ली। विकास का कहना कि वह उसी दिन तहरीर ले कर लोनार पुलिस के पास पहुंचा, लेकिन कोई कार्रवाई तो दूर पुलिस ने कुछ सही से सुना भी नहीं।

भाजपा की कथनी करनी एक : नीरज

हरदोई

अमृत विचार। भाजपा के संकल्प पर मोदी की गारंटी के बारे में क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा व अजीत सिंह बब्बन ने सोमवार को पार्टी कार्यालय पर एक प्रेसवार्ता कर विस्तार से बताया। वह पूर्व में जारी हुए संकल्प पत्रों के वादे पूरे न होने के सवाल पर बचती दिखाई दी।

पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में महामंत्री श्रीमती नीरज वर्मा ने कहा कि मोदी की गारंटी संकल्प पत्र में उजागर की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है। इसी को मोदी की गारंटी कहते हैं। संकल्प पत्र में की गई तमाम घोषणाओं को उन्होंने गिनाया। जब उनसे पिछले चुनावों में पार्टी के संकल्प पत्रों की घोषणाएं पूरी न होने की बात कही गई उस पर वह बचती दिखाई दी। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि जो कार्य अभी पूरे नहीं हुए हैं उनकी प्रक्रिया चल रही है जल्द ही उसका परिणाम जनता के सामने आएगा। प्रेसवार्ता में जिला उपाध्यक्ष अनुराग मिश्रा, मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक मौजूद रहे।

प्रेसवार्ता में बोलती क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा। अमृत विचार

इंडिया गठबंधन के नगर कार्यालय का उद्घाटन

हरदोई, अमृत विचार। इंडिया गठबंधन का नगर कार्यालय सदर हरदोई में 31 लोकसभा सुरक्षित पूर्व सांसद मंत्री प्रत्याशी उषा वर्मा की ओर से सोमवार को कैंप कार्यालय का पूजा कर फीता काट कर उद्घाटन किया गया। आयोजन राहुल गुप्ता जिला उपाध्यक्ष समाजवादी, शराफत अली जिला अध्यक्ष समाजवादी, सुनीता देवी जिला अध्यक्ष पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गोपामऊ, भुट्टो मियां एडवोकेट पूर्व जिला महासचिव मीडिया कोऑर्डिनेटर 31 लोकसभा अजय सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष, साधू सिंह सोमवंशी जिला उपाध्यक्ष, राम अनिल महासचिव, योगेश श्रीवास्तव शहर अध्यक्ष आम आदमी पार्टी, देवेंद्र विक्रम सिंह शहर उपाध्यक्ष आदि शामिल रहे।

सहूलियत | यात्रियों को मिलेगी राहत

हरदोई से होकर जाएगी समर स्पेशल ट्रेन

हरदोई

अमृत विचार। जिले के रेल यात्रियों को रेल प्रशासन ने राहत दे दी है। रेल प्रशासन द्वारा हरदोई से होकर एक समर स्पेशल ट्रेन का संचालन करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। रेल प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं को देखते हुए मुरादाबाद मंडल से होकर गुजरने वाली कई समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने के निर्देश जारी किए हैं, लेकिन अधिकांश ट्रेनें हरदोई से होकर नहीं बल्कि सीतापुर से होकर संचालित होंगी। ऐसे में हरदोई के रेल यात्रियों को काफी निराशा थी।

हरदोई के रेल यात्री लगातार रेल प्रशासन से समर स्पेशल ट्रेन

के ठहराव की मांग कर रहे थे। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग को देखते हुए एक समर स्पेशल ट्रेन का संचालन हरदोई रेलवे स्टेशन पर किया है। यह समर स्पेशल ट्रेन सप्ताह में एक दिन संचालित होगी।

रात में हरदोई पहुंचेगी ट्रेन

हरदोई। लगभग एक माह बाद स्कूलों में गर्मियों की छुट्टी शुरू हो जाएगी। ऐसे में सभी लोग कहीं ना कहीं घूमने का प्लान बना चुके हैं। ट्रेनों में लोगों को अभी से लंबी-लंबी वेटिंग का सामना करना पड़ रहा है। लोग वेटिंग टिकट लेकर भी घूमने का प्लान बना रहे हैं, जबकि कुछ लोगों द्वारा तीन से चार माह पूर्व ही ट्रेन में आरक्षण करा लिया था। ऐसे में जिन यात्रियों को वेटिंग टिकट का सामना करना पड़ रहा है रेल यात्री बेगमपुरा, पोरबंदर मोतिहारी, सुल्तानपुर अहमदाबाद, काठगोदाम लखनऊ, कुंभ एक्सप्रेस के साथ देहरादून लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग कर रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि रेल प्रशासन यदि इन ट्रेनों का ठहराव हरदोई में करता है तो रेल का राजस्व बढ़ेगा और यात्रियों को सुविधा होगी। फिलहाल रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को देखते हुए जम्मू तवी से गुवाहाटी के बीच एक समर स्पेशल ट्रेन का ठहराव हरदोई में किया है। यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन संचालित होगी। रेल प्रशासन द्वारा 05656 गुवाहाटी जम्मू तवी समर स्पेशल ट्रेन का संचालन 6 मई से 1 जुलाई तक करने के निर्देश जारी किए हैं। यह ट्रेन 9 फेर लेगी। यह ट्रेन सप्ताह में सोमवार को गुवाहाटी से चलकर बुधवार की रात 1:35 पर हरदोई पहुंचेगी वहीं डाउन में 05655 जम्मू तवी गुवाहाटी समर स्पेशल सप्ताह में प्रत्येक गुरुवार को संचालित होगी। यह ट्रेन 9 मई से 4 जुलाई तक संचालित होगी।यह ट्रेन बुधवार को रात 1:09 पर हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी।

हाईटेंशन लाइन से खेत में गिरी चिंगारी

सुरसा, हरदोई

अमृत विचार। गेहूं की फसल की मड़ाई तेजी से चल रही है, लेकिन अभी भी अधिकांश खेतों में गेहूं की फसल खड़ी है। हाईटेंशन की चिंगारी गिरने से खेतों में आग लग गई, लेकिन ग्रामीणों ने मशक्कत से आग पर काबू पा लिया।

सोमवार की शाम ग्राम ओदरा के बहर में निकली हाईटेंशन लाइन के ढीले तार आपस में टकरा गए। तारों के टकराने से गिरी चिंगारी से खेत में काटी गई गेहूं की फसल के अवशेष जलने लगे। आग की लपटें देख दर्जनों ग्रामीणों खेतों की तरफ दौड़ पड़े। हरे पेड़ों के टहनियों से ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मगर आग खड़ी फसल की ओर से बढ़ जाती तो सैकड़ों बीघा फसल जलकर राख हो

आग बुझाते ग्रामीण। अमृत विचार

जाती। गांव पहतोइया निवासी उषा ने बताया रविवार की रात उनके घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिस घर में रखे रजाई, कंबल, ज़ेवर, बर्तन, अलमारी, राशन, बैटरा, राशन कार्ड व 38 हजार रूपये नकदी सहित गृहस्थी जलकर राख हो गया। वहीं उनके पड़ोस के रामसागर ने बताया कि उनके घर में धान, राशन, ज़ेवर, बाइक, राशन कार्ड, कपड़े सहित 50 हजार नकदी व गृहस्थी जलकर राख हो गयी।

ब्लू ने 24 ओवरों में बनाए 152 रन

हरदोई, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में सोमवार को स्थानीय आरआर इण्टर कालेज परिसर में एचडीसीए रेड व ब्लू के बीच दूसरा यू-23 ट्रायल मैच खेला गया। टास जीतकर ब्लू ने पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। ब्लू ने पहले बैटिंग करते हुए 24 ओवरों में 152 रन बनाए। जवाब में रेड ने 124 रन ही बना पाए। मैच में मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रभात कुमार वर्मा व अतुल मिश्र एव अम्पायर की भूमिका मे पंकज तिवारी व संदीप गुप्ता एवं स्कोरर कुलदीप यादव उपस्थित हुए। अध्यक्ष प्रभात कुमार वर्मा ने बताया कि चयनित खिलाड़ी लखनऊ मे होने वाले अन्तरजनपदीय मैच में जनपद की टीम से खेलेंगे।

एक नजर

राम जानकी मंदिर में राम जन्मोत्सव कल

हरदोई, अमृत विचार। जिले में राम नवमी को धूमधाम से मनाने के लिए तैयारियों जोरों पर चल रही हैं। मंदिरों में साज सज्जा व अन्य व्यवस्थाएं शुरू हो गई हैं। जिला मुख्यालय स्थित राम जानकी मंदिर में धूमधाम से राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। राम जानकी मंदिर के मुख्य पुजारी मैथिलीशरण शास्त्री ने बताया कि बुधवार को दोपहर जन्म की महाआरती प्रारंभ होगी। इससे पूर्व भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। राम जन्म के पश्चात प्रसाद वितरण व विशाल कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। मंदिर में राम लला का जन्मोत्सव मनाने की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

खेत में पड़ा देखा गया एक और युवक का शव

हरदोई, अमृत विचार। लोनार पुलिस ने खेत में पड़ा हुआ एक और शव बरामद किया है। जिस शख्स का शव पाया गया,वह रविवार को अपने घर से निकला था और उसके अगले दिन सोमवार को उसी के खेत में उसका शव पड़ा देखा गया। पुलिस सारे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। लोनार थाने के भदना निवासी 42 वर्षीय नासिर पुत्र सैय्यद खेती-किसानी करता था। रविवार की दोपहर वह अपने घर से बगैर कुछ बताए निकल गया था। सारा दिन हो गया और रात गुज़र गई, लेकिन नासिर घर नहीं पहुंचा। घर वाले उसे तलाश करते घूम रहे थे,उसी बीच पता चला कि नासिर का शव उसी के खेत में पड़ा हुआ है। इसका पता होते ही भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस ने शव का हुलिया खंगाला तो उसे कोई ज़ाहिरा चोट नज़र नहीं आई, पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने उसका शव भेजा गया है।

कौशल व उद्यमिता का विकास इग्नू द्वारा संभव

हरदोई, अमृत विचार। सीएसएन कॉलेज स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) केंद्र द्वारा नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं हेतु परिचय सत्र का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ लखनऊ स्थित इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र की सहायक निदेशक डॉ अनामिका सिन्हा व प्राचार्य प्रो केके सिंह ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ अनामिका ने कहा कि नई शिक्षा नीति की भावनाओं के अनुरूप समाज के वंचित, निर्बल व कामकाजी लोगों को ज्ञान की मुख्य धारा से जोड़ने पर इग्नू विशेष बल देता है।

नवरात्र : माता कालरात्रि की पूजा से गूंजे घर व मंदिर

हरदोई

अमृत विचार। चैत्र नवरात्रि के सातवें दिन मां दुर्गा के सप्तम स्वरूप देवी माता कालरात्रि देवी की पूजा अर्चना की गई। उपवास रखकर पूजन किया और जयकारे लगाकर भक्ति का वातावरण बनाया।

चैत्र नवरात्रि के सातवें दिन साधकों ने अपने घरों में स्थापित देवी माता की पूजा अर्चना की। सुपारी, धूप, दीप, पुष्प, फल निष्ठान आदि से पूजा की और जयकारे लगाकर महाआरती का गुणगान किया। इसके बाद देवी माता के मंदिरों की ओर प्रस्थान किया ।यहां पर एक बार फिर से देवी माता के भक्तो में अपना शीश नवाया और मैया के गुण का गुणगान करके भक्ति मय वातावरण बनाया ।शहर के काली माता मंदिर ,दुर्गा देवी मंदिर, जय शिव भोले मंदिर, श्री श्रवण देवी मंदिर श्री राम जानकी मंदिर, श्री सिद्धनाथ मंदिर समेत और मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ा । मंगलवार को देवी माता के अष्टम स्वरूप देवी महागौरी देवी की पूजा अर्चना की जाएगी।

श्री राम जानकी मंदिर में मां की आरती करते पुजारी। अमृत विचार

काम वासनाओं से मुक्त होने पर ही हो सकती है सद्ज्ञान की प्राप्ति : जितेंद्र कृष्ण

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। नगर के श्यामपुर बाबा गौरी शंकर धाम पर श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास आचार्य जितेंद्र कृष्ण मिश्र ने बताया कि बाल कृष्ण भगवान की लीलाओं में मुख्यत: मिट्टी खाने की लीला और माखन चोरी की लीला अप्राकृत लीला है। इन लीलाओं में भगवान ने अपने सभी भक्तों की कामना पूर्ण करी कालीय मर्दन का असली भाव यह है कि हमारे जीवन में लोभ रूपी कालिया नाग को भगवान के चरणों के नीचे लाना पड़ेगा , चीर हरण का मतलब है वासना से मुक्त हो जाना तब जाकर जीवन मे महारास में सम्मिलित होने का अवसर मिलता है। पंडित दीपक शुक्ला, ऋषभ दीक्षित, गोपाल तिवारी एवं शिव शंकर तिवारी ने विधि विधान पूर्वक व्यास पूजन कराया। इस मौके पर मुख्य यजमान अशोक कुमार तिवारी व आयोजक विनीत त्रिपाठी ने सभी आगंतुकों एवं भक्तगणों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कथा सुनाते आचार्य जितेंद्र कृष्ण मिश्र।

गुड टच व बैड टच तथा बाल शोषण के विरूद्ध छात्राओं ने दिया संदेश

कछौना, हरदोई, अमृत विचार : सोमवार को कछौना कोतवाली में बने बाल मित्र केंद्र द्वारा एक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सन शाइन जूनियर स्कूल की छात्राओं ने बहुत ही अच्छे-अच्छे चित्रो के माध्यम से गुड़ टच व बैड टच तथा बाल शोषण विरुद्ध संदेश दिया। जिसमें अदिति गुप्ता-प्रथम, शाम्भवी सिंह- द्वितीय व अनन्या गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया व आकृति द्विवेदी व रिया सिंह को सांत्वना पुरस्कार मिला। कोतवाली प्रभारी कछौना ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान करते हुए बताया कि किसी भी परेशानी में हमें अपना धैर्य नही खोना है। अपने माता पिता की हमेशा इज्जत करनी है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक सुनील सोनी व प्रधानाचार्य मो. शोएब ने आभार व्यक्त किया।

पत्नी ने प्रेमी के हाथों कराई थी पति की हत्या

खेत पर लोहे के पाइप से सिर पर वारकर की थी हत्या, आरोपी पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार

हरदोई

अमृत विचार। युवक की हत्या उसी की पत्नी ने अपने प्रेमी के हाथों कराई थी। दोनों के बीच बन चुके अंतरंग रिश्तों की भनक लगने पर पति को बर्दाश्त नही हुआ और विरोध करने लगा। रोड़ा बन रहे पति को रास्ते से हटाने के लिए उसने प्रेमी के सांठ-गांठ कर वारदात की स्क्रिप्ट तैयार कर दी। पति को गेहूं काटने के बहाने खेत पर बुलाया और वहीं उसकी हत्या को अंजाम दे दिया गया।

एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया कि 12 अप्रैल को लोनार थाने के भदना गांव निवासी छोटकौनू का शव खेत में पड़ा हुआ देखा गया था ।उसके सिर,आंख पर गहरी चोंट थी,एक कान कटा हुआ था। शव देखते ही पता चल गया था कि छोटकौनू की हत्या की गई। इस मामले में छोटकौनू की मां गोमता की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 302 का केस दर्ज किया और कई लोगों को हिरासत में लेते हुए उनसे पूछताछ की,पूछताछ के दौरान तमाम ऐसी बातें सामने आई जो इस बात का इशारा कर रहीं थीं कि कोई खास ही वारदात का हिस्सा है,उसी को ध्यान में रखते हुए छोटकौनू की पत्नी छोटी बिटिया और गांव के ही मधुरपाल पुत्र जगदीश को बकुरागढ़ी से बुला कर पूछताछ की गई,दोनों ने काफी घुमाने-फिराने के सब कुछ उगल दिया। एएसपी पश्चिमी के मुताबिक मधुरपाल रोहतक में नौकरी करता था। उसके और छोटकौनू की पत्नी छोटी बिटिया के बीच अंतरंग रिश्ते थे,छोटकौनू को इसका पता चला तो उसने विरोध किया,मधुरपाल रोहतक में नौकरी करता था,लेकिन जब गांव आता था तो छोटी बिटिया से उसका मिलना-जुलना ज़रूर होता था। उसी बात पर दोनों के बीच आए दिन झगड़ा हुआ करता था। उसी के चलते छोटी बिटिया ने रोड़ा बन रहे पति छोटकौनू को अपने रास्ते से हटाने का फैसला करते हुए प्रेमी मधुरपाल के साथ मिल कर वारदात की स्क्रिप्ट तैयार की और 12 अप्रैल की रात में छोटी बिटिया ने गेंहू की कटाई कराने के बहाने पति छोटकौनू को खेत पर ले गई,मधुरपाल वहां पहले से ही छिपा हुआ था,उसने लोहे की पाइप से सिर पर ज़ोरदार वार करते हुए छोटकौनू की हत्या कर शव वहीं खेत पर फेंक दिया और खून लगे लोहे के पाइप को पानी से धो कर उसे छिपा दिया। पूछताछ के दौरान उन दोनों ने वारदात को अंजाम तक पहुंचाने का सारा राज़ उगल दिया।

पुलिस की हिरासत में आरोपी।

चप्पलों ने तय किया कातिलों तक पहुंचने का सफर

छोटकौनू की हत्या को अंजाम देने वाली उसकी पत्नी और पत्नी के प्रेमी बिल्कुल बे-खबर थे,उनका सोंचना था कि उन्होनें कोई ऐसा क्लू नहीं छोड़ा जो पुलिस उन तक पहुंच सके,लेकिन कहते है कि खून बोलता है और वही हुआ हत्या करने के बाद हड़बड़ाए मधुरपाल ने छोटकौनू की चप्पलें पहन लीं और अपनी चप्पलें वहीं पर छोड़ कर भाग निकला। पुलिस ने चप्पलों को कब्ज़े में कातिलों तक पहुंचने की ठानी और फिर वहां पहुंच भी गई। उन्ही चप्पलों ने पुलिस को कातिलों तक पहुंचा दिया।

पिता की हत्या और मां को जेल, तीन बच्चे हो गए बेसहारा

भदना का रहने वाला छोटकौनू पत्नी और तीन बच्चो 9 वर्षीय सौरभ,7 वर्षीय लालू और 5 वर्षीय पिंकी को समझ में नहीं आ रहा है कि पिता को खोने और मां से दूर होने से अब उन्हे कौन सहारा देगा। तीनों बच्चों ने पहले तो पिता की अर्थी निकलती देखी और उसके बाद मां को जेल जाते हुए देखा। बच्चों को समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर उन्हे किस किए की सज़ा दी गई। सहारा देने वाले बेसहारा छोड़ गए, लेकिन अब उन्हे कौन सहारा देगा, बस यही एक ही सवाल बच्चों को रह-रह कर कचोट रहा है।

हीट वेव के मरीजों के लिए अलग वार्ड बनाने के निर्देश

हरदोई

तैयारी

▸▸ सीएमओ ने की विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान की समीक्षा

अमृत विचार। जनपद में 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान चल रहा है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि अभियान की सफलता के लिय सभी विभागों की सक्रियता एवं सहभागिता आवश्यक है। मच्छरों से बचाव के लिए पंचायती राज विभाग गांवों में तथा नगर विकास विभाग शहरों में एंटी लार्वा का छिड़काव तथा फॉगिंग कराए। हीट वेव के मद्देनजर सभी गांवों में अतिरिक्त पीने के पानी की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर हीट वेव की स्थिति मे इलाज के लिए विशेष वार्ड बनाया जाए तथा अन्य सभी वार्डों में हीट वेव से बचाव के लिए यथानुसार एसी ,कूलर और पंखे लगाए जाएं तथा ही हीट वेव से बचाव के लिए ओआरएस सहित अन्य दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

मस्जिद पर लगे वाटर रेफ्रिजरेटर दे रहा गर्म पानी

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। नगर पालिका परिषद द्वारा शहरवासियों को गर्मी से निजात दिलाने के लिए नगर के प्रमुख चौराहों एवं धार्मिक स्थलों पर वाटर रेफ्रिजरेटर की स्थापना कराई गई थी। वाटर रेफ्रिजरेटर में लाखों रुपया पानी की तरह बहाया गया, लेकिन अधिकांश वाटर रेफ्रिजरेटर मामूली मरम्मत के कारण बंद पड़े हैं।

पति से विवाद के बाद पत्नी ने दे दी जान

टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। किसी बात पर पति-पत्नी के बीच टकराव हो गया। पति ने अपनी पत्नी के मायके वालों से उसकी शिकायत कर दी। मायके वाले बेटी की ससुराल पहुंचते,लेकिन उससे पहले ही उसने घर के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मामला थाने के बरगदिया मजरा सरदापुर का बताया जा रहा है। बरगदिया मजरा सरदापुर निवासी नफीस और उसकी पत्नी शाहिन के बीच किसी बात पर टकराव हो गया था। जिस पर नफीस ने पत्नी के मायके वालों से उसकी शिकायत कर दी। शाहिन के मायके वालों ने नफीस से उसके घर आने को कहा। बात रविवार की है,सोमवार को शाहिन के मायके वाले आने वाले थे,लेकिन उससे पहले उसने घर के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को अपने कब्ज़े में लिया।

कब्र खोद कर शव का 21वें दिन दोबारा कराया गया पोस्टमार्टम

हरदोई

▸▸ पुलिस ने मां-बाप की गैर मौजूदगी में युवक के शव का करा दिया था पोस्टमार्टम

अमृत विचार। होली वाले दिन एक युवक का शव उसी के पड़ोसी की चारपाई पर पड़ा हुआ देखा गया था। युवक के मां-बाप दिल्ली में थे। पुलिस ने उनकी गैर मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करा दिया था,लेकिन उसकी मां जब दिल्ली से लौटी तो उसे लगा कि उसके बेटे की मौत की कोई और वजह रही होगी। जिस पर उसने शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने के लिए डीएम के पास अर्ज़ी दाखिल की,उसी पर सोमवार को शव को कब्र से निकाल कर उसका 21 दिन दोबारा पोस्टमार्टम कराया गया।

कछौना कोतवाली के खजोहना गांव निवासी प्रमोद कुमार अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहता है। गांव में उसकी बुजुर्ग मां विमला रहा करती है। होली से एक महीना पहले विमला की तबियत बिगड़ गई। प्रमोद का 20 वर्षीय पुत्र सचिन अपनी दादी की देखभाल करने गांव आया हुआ था,उसके आने के 15 दिन बाद सचिन का छोटा भाई अजय भी गांव आ गया। बात 24 मार्च होलिका दहन वाले दिन की है,सचिन का गांव में सुरेश पुत्र विशेश्वर और उसके पुत्र राधे से झगड़ा हो गया था। उस बीच यूपी-112 पर कॉल करने पर वहां पहुंची पुलिस ने होली का हवाला देते हुए सुलह-समझौता करा दिया था। उसके अगली सुबह सचिन का शव उसके पड़ोसी दिनेश की चारपाई पर पड़ा हुआ देखा गया। सचिन के पिता प्रमोद और उसकी मां गुड्डी जब तक दिल्ली से गांव पहुंच पाते उससे पहले ही पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। दिल्ली से आई गुड्डी को शक था कि उसके बेटे के साथ कोई अनहोनी हुई है,पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर उसे भरोसा नहीं था,इस लिए उसने शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने के लिए डीएम को अर्ज़ी दी।

पहले हार्ट अटैक,लेकिन दोबारा बिसरा हुआ सुरक्षित

हरदोई। खजोहना के सचिन के पहले कराए गए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में काज़ ऑफ डेथ हार्ट अटैक बताई गई थी, लेकिन उसके 21 वें दिन सोमवार को दोबारा कराए गए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में बिसरा सुरक्षित किए जाना बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि उस वक्त कराए गए पोस्टमार्टम अगर कोई गड़बड़ी नही हुई तो दोबारा कराए गए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट मेल क्यों नहीं खा रही है।

रोजगार सोशल मीडिया पर बढ़ रहे फ़ॉलोवर्स

बेकरी क्षेत्र में धाक जमा रहीं महिलएं

हरदोई

अमृत विचार। कोरोना संक्रमण ने देश में पुरुष से लेकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बना दिया हैं। कोरोना एक ऐसी त्रासदी थी, जिससे आज तक बहुत से लोग उबर नहीं पाये है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों को आत्मनिर्भर बनने को लेकर जागरूक किया। प्रधानमंत्री ने लोकल फॉर वोकल के प्रयोग पर ज़ोर दिया था। प्रधानमंत्री द्वारा चलाई गई मुहिम का असर हरदोई में भी देखने को मिल रहा है। हरदोई में भी पुरुषों के साथ महिलाएं भी आत्म निर्भर बन रही हैं।

शहर के मोहल्ला सुभाष नगर की रहने वाली दीक्षा श्रीवास्तव सोशल मीडिया पर मांगलिक कार्यक्रमों में प्रयोग होने वाले केक को लेकर काफ़ी प्रसिद्ध हैं।दीक्षा स्वयं केक बनाती हैं जिसके बाद उसकी फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करती है। दीक्षा द्वारा बनाया गया केक लोगो को काफ़ी पसंद आता है। दीक्षा श्रीवास्तव कहती है कि उनको दूसरो के मांगलिक कार्य के लिए केक बनाना काफ़ी अच्छा लगता है। ख़ासतौर पर बच्चो के लिये केक बनाना काफ़ी पसंद है। दीक्षा श्रीवास्तव के यहां से केक लेकर गए विहान ने बताया की यहां का केक काफ़ी स्वादिष्ट था साथ ही पुरी तरह से बजट में हैं। केक को बनाते समय स्वच्छता का पूरा ख्याल रखा जाता हैं जो भी डिजाइन बतायी जाती है वह ग्राहकों को मिल जाती हैं।

केक के साथ दीक्षा श्रीवास्तव।

दीक्षा ने बताया कि केक बनाना काफ़ी पसंद है। अब तक कई प्रकार के केक बना चुकी हूं। फायर केक, बार्बी डॉल समेत मार्केट में चल रहे सभी प्रकार के डिजाइन के केक बना लेती हूं। दीक्षा श्रीवास्तव ने अब तक पाइन ऐपल, स्ट्रॉबेरी, वनीला समेत कई अन्य फ्लेवर में केक बाना चुकी है।

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989



मेडिसिन विभाग :- सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

सर्जरी विभाग :- पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :- बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

बाल रोग विभाग :- बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

कैंसर विभाग :- स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

नेत्र रोग विभाग :- काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

हड्डी रोग विभाग :- स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

मानसिक रोग विभाग :- उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

चर्म रोग विभाग :- सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

नाक कान एवं गला रोग विभाग :- कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

छाती व श्वास रोग :- छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

डायलिसिस विभाग :- डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

ब्लड बैंक: - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

डेंटल विभाग :- समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

न्यूरो सर्जरी विभाग - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

प्लास्टिक सर्जरी विभाग - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

स्किन विभाग - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

उपलब्ध सुविधायें:-

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध

मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

एक नजर

गैंगस्टर एक्ट के अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सीतापुर, अमृत विचार। लूट, चोरी, अपहरण के साथ गैंगस्टर एक्ट समेत करीब दो दर्जन मुकदमों में नामजद अभियुक्त को सदरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस को युवक की लंबे अर्से से तलाश थी। सीओ दिनेश शुक्ल ने बताया कि सदरपुर के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह, एसआई मनोज सिंह, एचसीपी धर्मेंद्र यादव, आरक्षी विपुल कुमार मुखबिर की सूचना पर सोमवार को पोखराकलां-दिबियापुर मार्ग पर गश्त पर थे तभी हाजीपुर कांटा के पास एक संदिग्ध युवक आता दिखा। युवक को रोककर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम लोनियन पुरवा मानपुर सिकरी रेउसा निवासी बुल्लू उर्फ भुल्लू उर्फ बुल्ला उर्फ इंद्रेश उर्फ इंद्रजीत पुत्र सत्रोहन बताया। जांच के दौरान पता चला कि युवक पर थानगांव में सात, बिसवां में छह, रेउसा, सदरपुर में दो-दो तथा तंबौर में एक समेत कुल 21 मुकदमें संगीन धाराओं में दर्ज हैं। युवक की थानगांव, रेउसा, बिसवां व सदरपुर पुलिस को लंबे अर्से से तलाश थी।

शस्त्रों के साथ दो हिस्ट्रीशीटर किए गए गिरफ्तार

सीतापुर, अमृत विचार। जिले के पुलिस टीम द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली नगर टीम ने दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार किये हैं। जिनके पास से अवैध शस्त्र भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। कोतवाली नगर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अंकित रैदास उर्फ छोटू कुमार पुत्र रामखेलावन निवासी पूर्णागिरी नगर थाना कोतवाली नगर व सलमान हासमी पुत्र युनुस उर्फ बाबा निवासी दुर्गापुरवा थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पास से क्रमशः अवैध असलहा व जिंदा कारतूस बरामद हुई है। दोनों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की गई है।

शारदा नहर में कूदा युवक गोताखोर कर रहे तलाश

तम्बौर/सीतापुर, अमृत विचार। थाना इलाके में शराब के नशे में घरेलू विवाद के बाद युवक ने शारदा नहर में छलांग लगा दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नहर में खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार नन्हूई गांव निवासी हरिनाम का 20 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र शराब का आदी था। बताया जाता है कि सोमवार को वह शराब के नशे में धुत होकर पहुंचा तो घर में विवाद शुरू हो गया। विवाद के दौरान धर्मेंद्र ने पास के ही बोधवा गांव स्थिति शारदा नदी मे जाकर छलांग लगा दी। आस पास के लोगों ने नदी मे कूद कर तलाश शुरू की लेकिन उसका पता नही चला। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर तलाश शुरू कराई। लेकिन अभी तक उसका कुछ पता नही चल सका है। इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि धर्मेंद्र के परिजनों ने बताया वह शराब का आदी था। जिस वजह से घर में वाद-विवाद करता रहता था। घर से नाराज होकर नदी मे छलांग लगाई है। स्थानीय गोताखोर खोज मे लगे है। आज एसडीआरएफ की टीम आ जाएगी।

टेंट की दो दुकानों में आग से जला सामान

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। टेंट हाउस की दो दुकानों में लगी आग से लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। आग लगने के उपरांत फायर बिग्रेड की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। महमूदाबाद के बिलौली बाजार चौराहे पर नानमऊ के अशोक वर्मा की टेंट हाउस की दुकान है। टेंट का सामान दो दुकानों में रखा है। रविवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में इनकी टेंट हाउस की दुकान में आग लग गई। फायर बिग्रेड की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद पर काबू पाया जा सका। टेंट मालिक अशोक के मुताबिक दो दुकानों में टेंट का लाखों का सामान रखा था, जो सब जलकर खाक हो गया।

चुनाव कर्मियों के प्रशिक्षण के प्रथम दिन गैरहाजिर रहे 55 पीठासीन अधिकारी

20 अप्रैल तक प्रशिक्षण में शामिल होने का निर्देश, अन्यथा होगी कार्रवाई

सीतापुर, अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र और प्रशिक्षु आईएएस नितिन सिंह ने जीडी गोयनका स्कूल में चल रहे मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और जिम्मेदारों को आवयश्यक निर्देश दिये गये।

मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण 15 से 16 अप्रैल व 18 से 20 अप्रैल तक होगा और द्वितीय प्रशिक्षण 3 मई से 9 मई तक दो-दो सत्रों में सम्पन्न कराया जायेगा। जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) हरिश्चन्द्र प्रजापति ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण सोमवार को जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल खैराबाद में दो पालियों में क्रमशः 10 बजे से 01 बजे तक और दो बजे से पांच बजे तक आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में कुल 2400 पीठासीन अधिकारियों के सापेक्ष 55 अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित पीठासीन अधिकारियों के कार्यालयाध्यक्षों से अपेक्षित है कि इन कार्मिकों को 20 अप्रैल को प्रथम पाली में प्रशिक्षण के लिए उपस्थित होने के लिये निर्देशित कर दें, यदि इनके द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया जाता है तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत संबंधित कार्मिक के विरूद्ध कार्यवाही कर दी जायेगी।

दूसरी तरफ मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल के पर्यवेक्षण में मेडिकल बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत हुए कार्मिक, जिसमें दिव्यांग, गर्भवती महिलाएं व अन्य बीमारियों एवं समस्याओं से ग्रसित कार्मिकों के प्रार्थना पत्र पर विचार विमर्श कर निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

जीडी गोयनका स्कूल में प्रशिक्षण का निरीक्षण करते डीएम, एसपी व प्रशिक्षु आईएएस।

चुनाव में बख्शे नहीं जायेंगे अराजक तत्व

आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न करने के उद्देश्य से चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुपालन में डीएम अनुज सिंह एवं एसपी चक्रेश मिश्र ने बिसवां क्षेत्र के अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का दौरा किया एवं दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मोहल्ला झज्जर के बाशिंदों व मतदाताओं से बातचीत की और उन्हें मतदान के लिए जागरूक भी किया। जिलाधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को चुनाव आयोग के निर्देश पर निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न करवाया जायेगा। उन्होंने मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा मतदान किये जाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने कहा कि शांति व्यवस्था के साथ चुनाव सम्पन्न करवाना प्राथमिकता है। जो भी अराजकता फैलाने की कोशिश करेगा उसको कतई बक्शा नही जायेगा चाहे वह कितना भी ऊंची पहुच वाला हो। मतदान केंद्रों पर शौचालय, पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, रैम्प ,साफ सफाई एवं मतदान केंद्र जाने वाले मार्गो का निरीक्षण किया और जिम्मेदार अधिकारियों को व्यवस्था जल्द से जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मौके पर उपजिलाधिकारी मनीष कुमार, तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी, सीओ उदयराज सिंह, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज अतुल वर्मा, मनोज पांडेय, मंजीत सिंह, राजस्व निरीक्षक आशीष यादव, सफाई निरीक्षक सौरभ शुक्ला सहित कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। चुनाव को लेकर डीएम, एसपी तथा प्रशिक्षु आईएएस नितिन सिंह ने जीडी गोयनका स्कूल में चल रहे मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण कर सर्व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बूथ का निरीक्षण करने नहीं आये आला अधिकारी

सीतापुर। सोमवार को डीएम व एसपी को बिसवां तहसील अन्तर्गत जहांगीराबाद गांव में पूर्व माध्यमिक विद्यालय कम्पोजिट के परिसर के समीप स्थित ब्लाक संसाधन केंद्र (संकुल भवन) में स्थापित क्रिटिकल बूथ संख्या 254 का निरीक्षण करने आना था। ऐसे में दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुये और अधिकारियों की राह देखने लगे। दोपहर लगभग एक बजे सदरपुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह भी दल बल के साथ मौके पर पहुंच गये। क्षेत्रीय लेखपाल नीलेश कुमार यादव व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी हरिओम श्रीवास्तव सहित विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बेबी फिरदौस, अन्य शिक्षक शिक्षिकायें, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुनीर अहमद अंसारी तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका भी मौके पर मौजूद रहीं। सचिव व लेखपाल ने व्यवस्था कर रखी थी। थानाध्यक्ष ने पहले ही मौके पर पहुंच कर क्रिटिकल बूथ संख्या 254 संकुल भवन को देखा। इसी बूथ पर हिस्ट्रीशीटर अपराधी का वोट है। काफी देर प्रतीक्षा करने के बाद सूचना मिली कि किन्हीं कारणों से बूथ निरीक्षण निरस्त हो गया है जिससे काफी देर से प्रतीक्षा में बैठे दर्जनों मतदाता निराश हो गये। तब क्षेत्रीय लेखपाल नीलेश कुमार यादव ने खड़े होकर सभी उपस्थित मतदाताओं को ढांढस बंधाया तथा मतदान के दिन प्रत्येक दशा में अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा दूसरों को भी मतदान के लिये प्रेरित करने की अपील की। अधिक से अधिक मतदान कर जनपद और चुनाव आयोग के पटल पर जहांगीराबाद के सभी बूथों का नाम शत-प्रतिशत मतदान वाले बूथों में अंकित कराने को कहा। इस अवसर पर दर्जनों मतदाता उपस्थित रहे।

मां के कालरात्रि स्वरूप का किया पूजन-अर्चन

कालरात्रि स्वरूप का पूजन करतीं श्रद्धालु महिलाएं। अमृत विचार

महमूदाबाद, सीतापुर

अमृत विचार। वासंतिक नवरात्रि के सातवें दिन सोमवार को देवी भक्तों ने मां के कालरात्रि स्वरूप का विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन किया। नगर के प्रसिद्ध श्री संकटा देवी धाम में दर्शनार्थियों की सुबह से ही भारी संख्या रही। परिसर के अंदर ही विभिन्न स्थानों में मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन भी क्षेत्रवासिसयों ने किया।

श्री मां संकटा देवी धाम में सोमवार को नवरात्र के सातवें दिन मां के कालरात्रि स्वरूप का मंदिर के पुजारी पुरूषोत्तम मिश्र ने विधिवत पूजन-अर्चन किया। दिनभर गोद भराई, मुंडन और अन्नप्रासन संस्कार होते रहे। सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन के उचित संख्या में महिला व पुरूष आरक्षी तैनात रहे। सोमवार को सेवता विधायक की पत्नी अंजू तिवारी ने सपरिवार मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया।

मेला महोत्सव में आज के कार्यक्रम

मेला महोत्सव में चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में मां संकटा देवी धाम के सांस्कृतिक मंच पर मंगलवार को रात्रि आठ बजे से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। यह जानकारी देते हुये धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी ने बताया कि कवि सम्मेलन में बाराबंकी से हास्य व व्यग्य के कवि अजय प्रधान व वीररस के जगदीप शुक्ल, वीररस के रामेश्वर द्विवेदी 'प्रलयकर' अमेठी व मुकेश सोनी मार्तंड गोंडा, हरदोई से गीतकार सुखदेव पाडेंय सहित कई अन्य कवि कविता पाठ करेंगें। मंच संचालन बाराबंकी के ओज कवि राम किशोर तिवारी करेंगे।

मृत कार्मिक को प्रशिक्षण के दौरान अफसरों ने दिखाया अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

▸▸ **विभागीय लापरवाही के चलते मृत सहायक अध्यापक कागजों में कर रहे चुनाव ड्यूटी**

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां करीब दो माह स्वर्गवासी हुये मतदान कार्मिक को सोमवार को सरकारी कागजों में मतदान प्रशिक्षण से अनुपस्थित दर्शाया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग की लापरवाही के चलते मृत व्यक्ति की ड्यूटी कागजों पर आज भी जारी है। हकीकत सामने आने के बाद जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी गलती को एक-दूसरे पर डालते हुए नजर आये है।

बताते चलें कि सीतापुर जनपद में चैथे चरण में मतदान होना है। चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में शहर के बाहर स्थित एक निजी कॉलेज में मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण शिविर लगा था। सोमवार देर शाम प्रशिक्षण समाप्त होने के दौरान सहायक प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक)/डीडीओ हरिश्चन्द्र प्रजापति ने अनुपस्थित कर्मचारियों की सूची जारी कर कार्रवाई की चेतावनी दी। इस लिस्ट में सबसे हैरत की बात यह है कि क्रम संख्या 6 पर मतदान अधिकारी प्रथम व पीठासीन अधिकारी की ड्यूटी पर अंकित सहायक अध्यापक राजीव पांडेय जो कि बीआरसी रामपुरमथुरा के प्राथमिक विद्यालय मितौरा में तैनात थे।

सहायक अध्यापक राजीव पांडेय (फाइल फोटो) अमृत विचार

बताया जाता है कि लम्बी बीमारी के चलते उनका करीब दो माह पूर्व निधन हो चुका था, लेकिन अफसरों की लापरवाही के चलते मृत व्यक्ति चुनाव ड्यूटी में आज भी जिन्दा दर्शाया गया। प्रशिक्षण में अनुपस्थित होने पर आगामी 20 अप्रैल को उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश भी अफसरों की तरफ से दिये गये। इस बाबत जब खंड शिक्षा अधिकारी रामपुर मथुरा उदय मणि पटेल से जानकारी की गई तो उन्होंने मामले की जानकारी से अनभिज्ञता जताई। इसके उपरांत तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी रहे नवनीत कुमार ने बताया कि सहायक अध्यापक राजीव पांडेय का ह्रदय सम्बन्धी बीमारी के चलते काफी लम्बे समय तक इलाज चला था।

उन्होंने बताया कि इसके उपरान्त अस्पताल में भर्ती होने के दौरान निमोनिया होने से उनकी जनवरी से फरवरी माह के बीच मौत हो गई थी। उनका कहना है कि बीआरसी पर ड्यूटी आने के बाद मृतक दर्शाकर ड्यूटी को वापस करने से ऐसी नौबत नहीं आती। इस बाबत जब बेसिक शिक्षा अधिकारी के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो उनका फोन नहीं उठा।

> मतदान कार्मिकों की ड्यूटी की जो लिस्ट हमारे पास आई थी उसमे वह अनुपस्थित थे। अगर टीचर की मौत हो चुकी है तो सम्बंधित विभागाध्यक्ष को इसकी जानकारी ड्यूटी मिलने के दौरान देनी चाहिए थी।
>
> **-हरिश्चन्द्र प्रजापति,** सहायक प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक)

सार-संक्षेप

महायज के दौरान कथा व्यास ने जालंधर वध का सुनाया प्रसंग

सकरन/सीतापुर, अमृत विचार। ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ में कथा व्यास ने जालंधर बध की कथा का प्रसंग श्रोताओं को सुनाया। प्रवचन के दौरान हरदोई से पधारी कथा व्यास मीनाक्षी तिवारी ने कहा कि जालंधर नाम का एक राक्षस देवी-देवताओं को अपने आतंक से परेशान किये था। जालंधर की पत्नी वृंदा एक पतिव्रता नारी थी उसकी पूजा से जालंधर को किसी युद्धा में पराजय हासिल नहीं होती थी। इसके अलावा वृंदा भगवान विष्णु की भी परम भक्त थी ऐसे में भगवान विष्णु की कृपा के कारण भी उसे युद्ध में हमेशा विजय हासिल होती थी। एक दिन जालंधर ने स्वर्ग लोक पर आक्रमण कर दिया, जिसके बाद सभी देवी-देवता भगवान विष्णु के पास गए और उनसे रक्षा की गुहार लगाई भगवान विष्णु इस बात को जानते थे कि वृंदा की भक्ति को भंग किए बिना जालंधर को परास्त करना मुमकिन नहीं है। ऐसे में उन्होंने जालंधर का रूप धारण किया। जिसके बाद वृंदा का पतिव्रत धर्म टूट गया जिससे जालंधर की सारी शक्तियां खत्म हो गई। प्रसंग के दौरान उन्होंने कहा कि जालंधर युद्ध में मारा गया वृदा को जालंधर की मृत्यु का समाचार मिला तो वह बहुत निराश हो गई बाद में वृंदा को जब उसके साथ किए गए छल का पता चला तो उसने क्रोधित होकर भगवान विष्णु को श्राप दे देते हुए कहा कि आपने छल से मुझे वियोग का कष्ट दिया है। उसी तरह आपकी पत्नी का भी छल से हरण होगा साथ ही आप पत्थर के हो जाएंगे और उस पत्थर को लोग शालीग्राम के रूप में जानेंगे। कहते हैं कि वृंदा के श्राप की वजह से भगवान विष्णु दशरथ के पुत्र श्रीराम के रूप में जन्म लिया फिर बाद में उन्हें सीता हरण के वियोग का कष्ट झेलना पड़ा। इसके अलावा कथा व्यास मुकेश अवस्थी उमेश दिक्षित ने राम कथा की चर्चा सुनायी तथा प्रदीप सांवरिया झांकी ग्रुप द्वारा भगवान की झांकियां दिखायी गयी। इस मौके पर यज्ञ अध्यक्ष आचार्य अम्बरीष शुक्ल, सत्येन्द्र सिंह चैहान, रानी बृजबाला सिंह के अलावा भारी संख्या में श्रोतागण मौजूद थे।

कथा वाचक मीनाक्षी तिवारी।

घर-घर जाकर एजेंसी कर्मचारियों ने की गैस चूल्हे की जांच

लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार। क्षेत्र में बढ़ती हुई गैस दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के निर्देश पर लहरपुर गैस एजेंसी ने विशेष सुरक्षा अभियान चलाया। गैस सर्विस ने विशेष जागरूकता अभियान में लोगों को सही ढंग से गैस उपयोग करने के बारे में जागरूक किया। लहरपुर गैस सर्विस ने इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के निर्देश पर गैस एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा गैस उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर उन्हें सुरक्षा नियमों के बारे में जहां जागरूक किया गया। वहीं उनके चूल्हे और गैस पाइप की नि:शुल्क जांच की गई। लहरपुर गैस सर्विस के मनोज मेहरोत्रा ने बताया कि गैस उपभोक्ताओं के घर घर जाकर गैस सर्विस के कर्मचारी उनके चूल्हे व गैस पाइप की जांच कर रहे हैं जिन उपभोक्ताओं के गैस पाइप खराब हो गए हैं, उन्हें बदलने के लिए जागरूक किया जा रहा है, जिससे दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सके।

पाइप की जांच करता गैस एजेंसी कर्मचारी।

मनोज मेहरोत्रा ने बताया कि, अबतक लगभग चार सौ से अधिक गैस उपभोक्ताओं को गैस के सही उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरूक करने के साथ-साथ उनके गैस उपकरणों की जांच की जा चुकी है, उन्होंने बताया कि कर्मचारियों द्वारा यह जांच अभियान निशुल्क चलाया जा रहा है।

सुखमनी पाठ के आयोजन में श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

लंगर मे प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। सिख समुदाय में सुखमनी साहब का पाठ बेहद विशेष माना जाता है। नगर स्थित हवेली ढाबा के सेलिब्रेशन एसी हॉल के उद्घाटन के अवसर पर ढाबा संचालक करम सिंह उर्फ कर्मा द्वारा सुखमनी साहब का पाठ आयोजित किया। पाठ में शामिल होने के बाद श्रद्धालुओं ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक आशा मौर्या, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, परमजीत सिंह, पिंदर सिद्धू, जगजीत सिंह, विजय सिंह तोमर, रवि अवस्थी, प्रदीप सिंह, बबलू वर्मा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बालिका की मौत

हादसे के बाद गांव में मौजूद पुलिस और ग्रामीण। अमृत विचार

पहला/सीतापुर, अमृत विचार। रामपुरकला थाना इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा।

बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर थाना मानपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेबर पुरवा पोस्ट बिसेंडा निवासी मुसीर की नौ वर्षीय पुत्री जेबा अपने नाना के घर ग्राम जसमंडा प्रधान सिराज अहमद के घर कल आई थी। सोमवार दोपहर करीब दो बजे बिसवां महमूदाबाद मार्ग पर जा समंडा चैराहे के निकट घूम रही थी। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने बालिका को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बालिका सड़क के दूसरी तरफ जा गिरी। हादसे में घटनास्थल पर ही बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा। पुलिस का कहना है कि हादसे में शामिल अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। बालिका की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

आयुर्वेदिक दवाइयों पर लगा प्रतिबंध हटाया गया : डॉ. सचान

सीतापुर। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सचान ने बताया कि लाइसेन्स प्राधिकारी व निदेशक के आदेश नौ अप्रैल मेंसर्स गोपाल हर्बल फरीदाबाद हरियाणा प्रो द्रविन्द्र सिंह सेठी पुत्र अजीत सिंह सेठी फर्म द्वारा निर्मित सात आयुर्वेदिक औषधियों जिसमे पेननिल चूर्ण, स्लीमक्स चूर्ण, एजफिट चूर्ण, अमृत आयुर्वेदिक चूर्ण पर लगा प्रतिबन्ध हटा दिया गया है। इससे पूर्व लाइसेन्स प्राधिकारी च निदेशक के आदेश दिनांक-20.03.2024 हिमालया वेलनेस कम्पनी बेगलरू, कर्नाटक की औषधियाँ जैसे लिव-52, सिस्टोन सीरप तथा लाइसेन्स प्राधिकारी व निदेशक के आदेश दिनांक-10.04.2024 मेसर्स धनवन्तरी हर्बल्स जनपद अमृतसर पंजाब द्वारा निर्मित अयुर्वेदिक अनुभूत औषधि रूमो परवाही एवं लाइसेन्स प्रधिकारी व निदेशक के आदेश दिनांक-10.04.2024 मेसर्स अक्षय आयुर्वेद भवन श्यामनगर मण्डी रोड जनपद फर्रूखाबाद द्वारा निर्मित दो अयुर्वेदिक औषधियां बायना आयल एवं बायना प्लस कैप्सूल को नियमों एवं मानक के अनुसार बिक्री योग्य पाया गया था। जिसके सम्बन्ध में लखनऊ के लाइसेन्स प्राधिकारी व निदेशक ने आदेश निंगत कर दिया है।

नुकीला हथियार लगने से बच्ची की मौत

किशोर पर आरोप

▸▸ **गौवंश भगाने के दौरान किशोर द्वारा फेंके गये नुकीला हथियार लगने से हुआ हादसा**

तम्बौर, अमृत विचार। थाना इलाके में शहतूत के पेड़ से फल तोड़ने के दौरान नुकीला हथियार लगने से किशोरी की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब गांव का ही एक किशोर गौवंश को भगाने के लिए नुकीले हथियार को फेंककर मार रहा था। पुलिस ने आरोपी किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए भेज दिया है।

राधिका (फाइल फोटो)।

क्षेत्र के ग्राम इच्छा निवासी चेतराम की 8 वर्षीय पुत्री राधिका रविवार देर शाम गांव के अंदर लगे शहतूत के पेड़ पर फल तोड़ रहे थे। बताया जा रहा है कि इस दौरान गांव के ही 10 वर्षीय किशोर आयुष पुत्र सज्जन ने भाली (नुकीला हथियार) गौवंश को भगाने के लिए फेंक दिया। गौवंश के आगे बढ़ जाने से नुकीला हथियार गौवंश के बजाय राधिका के सर में लग गया। भाली लगते ही राधिका अचेत होकर गिर गई। परिजन उसे आनन-फानन में लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आरोपी किशोर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सोमवार सुबह पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। पुलिस ने आरोपी किशोर को हिरासत लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। बच्चे से पूछताछ कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

आग से जलकर राख हुई गेहूं की फसल

लहरपुर। क्षेत्र में चल रही तेज हवाओं के चलते सोमवार को ग्राम लुधौरा में गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। किसान शिवप्रसाद की दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसी अज्ञात व्यक्ति ने मधुमक्खियों से बचने के लिए आग जलाई थी, वहीं से उठी चिंगारी तेज हवाओं के सहारे गेहूं के खेत में जा गिरी और कटने के लिए तैयार गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर भारी संख्या में जमा ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे अग्निशमन अधिकारी हंसराज सिंह ने बताया कि दमकल के पहुंचने से पूर्व ही आग पर ग्रामीणों ने काबू पा लिया। पीड़ित किसान शिवप्रसाद ने बताया कि लगभग 10 हजार मूल्य से अधिक का गेहूं जलकर राख हो गया है। पीड़ित किसान ने आग लगने की सूचना राजस्व विभाग को भी दी है।

आस्था रेउसा में श्री खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव संख्या का किया गया आयोजन

श्रद्धालुओं ने निकाली खाटू श्याम निशान शोभायात्रा

श्री खाटू श्याम निशान शोभायात्रा निकालते भक्त। अमृत विचार

संवाददाता, रेउसा, सीतापुर

अमृत विचार। कस्बे में संकट मोचन हनुमान मंदिर से श्री खाटू श्याम निशान शोभायात्रा निकाली गई। रेउसा में सोमवार को श्री खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव संख्या का आयोजन किया गया।

भजन संध्या से पहले दोपहर में निशान सोभा यात्रा निकाल कर नगर भ्रमण किया गया। रेउसा में बिसवां रोड पर पुराने भट्ठा के सामने दुलारे पोरवाल के मकान के पास आयोजित श्री खाटू श्याम शोभा यात्रा में संदीप बाजपेई, पिंटू अवस्थी, राजकुमार मिश्र, किशोरी पोरवाल, ज्ञानेश शुक्ला, सुरेश प्रकाश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, संदीप मिश्रा, अनूप श्रीवास्तव, बबलू पोरवाल, अजय श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव सहित काफी लोग शामिल रहे। गाजे-बाजे के साथ श्याम निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें परम्परागत वस्त्रों में सजी महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे बाबा का निशान हाथ में लहराते हुए जयकारे लगाते चले। श्री खाटू श्याम निशान यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास रामू श्रीवास्तव ने अपने मेडिकल स्टोर पर जलपान की व्यवस्था की। यात्रा का समापन श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव कार्यक्रम स्थल पर किया गया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन-बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्मनियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें, क्योंकि आत्मा ही हमारी हितैषी और आत्मा ही हमारी शत्रु है।

संपादकीय

वैश्विक जगत में चिंता

दुनिया पहले से ही दो बड़े युद्ध के संकट को झेल रही है। ऐसे में ईरान के इजराइल पर हमले ने वैश्विक जगत में चिंता बढ़ा दी है। भारत ने भी इस मुद्दे पर गहरी चिंता जताई है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इजराइल ने ब्रिटेन, फ्रांस से ईरान पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। ईरान ने हाल में कम से कम नौ मिसाइलों से इजराइल के दो हवाईअड्डों पर हमला किया है। हमले में बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि शनिवार की रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने इजराइली क्षेत्र पर अपने पहले सीधे हमले में इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागी थीं। ईरान ने यह हमला गत एक अप्रैल को दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजराइल के हवाई हमले के जवाब में किया था। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के स्थायी प्रतिनिधि गिलाद एर्दान ने कहा कि उनके पास ईरान के हालिया हमले का जवाब देने का कानूनी अधिकार है क्योंकि उसने (ईरान) ने 'हर लाल रेखा ' को पार कर लिया है। उधर खाड़ी के देश युद्ध के विस्तार को लेकर खासे चिंतित हैं और अमेरिका को युद्ध से दूरी बनाए रखने को लेकर चेता रहे हैं। आशंका यह भी जताई जा रही है कि यदि इजराइल जवाबी कार्रवाई करता है तो युद्ध का विस्तार बड़े इलाके में हो सकता है।

हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के जी-7 देशों के नेताओं से हुई बातचीत के बाद इस संकट से निपटने में कूटनीतिक तेजी आई है। जो बाइडन ने जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी फोन पर अलग से बातचीत की। इन बातचीत में अमेरिकी नेतृत्व ने क्षेत्र में तनाव बढ़ने से रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा इजराइल की रक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को दोहराया। दरअसल युद्ध को टाला नहीं गया तो इसका दायरा चिंताजनक स्तर तक फैल सकता है। गौरतलब है कि भारत के दोनों ही देशों से अच्छे संबंध हैं। यही कारण है कि इजराइल पर ईरान का हमला होते ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दोनों पक्षों से बातचीत की। ईरान में चार हजार और इजराइल में 18.5 हजार भारतीय रहते हैं। युद्ध के फैलने की आशंका के मद्देनजर दोनों देशों में रह रहे भारतीयों की वहां से निकासी चिंता का कारण है। इसलिए भारत का रुख स्पष्ट है। वह तनाव कम करने के लिए हर संभव कोशिश करेगा। युद्ध से दुनिया गहरे आर्थिक संकट की चपेट में आ सकती है। इसलिए दोनों देशों को संयम बरतते हुए कूटनीति का रास्ता अपनाना चाहिए।

एआई और फ्लेवर्स ने देशज साहित्य-शोध में बढ़ाई रुचि

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

मैंने देखा कि करीब प्रत्येक पचास वर्ष के अंतराल से साहित्यिक कृतियों को नए फ्रेम के भीतर लाकर देखा-परखा जाने लगा है। नए शोधकर्ता अब ब्रिटिश या इंडियन आर्काइवल निधि की ओर रुख न करके इन्टरनेट से ही लोकवार्ता पर अध्ययन सामग्री प्राप्त करते हैं। सिर्फ फील्ड वर्क के लिए लोकवार्ता की जन्मभूमि पर आकर लोक में वर्तमान ट्रेंड्स को जानना चाहते हैं।

भारत के अंग्रेजी लेखकों को अपने लेखन को जारी रखने या एनालिटिकल शोध हेतु विषय नहीं मिल रहे। आरके नारायण, मुलकरा आनंद और खुशवंत सिंह तो जाने-माने नाम हैं। इनसे पहले के बहुत-से नाम 'कलकत्ता रिव्यु' और 'द इंडियन रिव्यु' नामक पत्रिकाओं से मिलते हैं। कुछ नाम 'द जर्नल ऑफ़ द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल' और 'इंडियन एंटीक्वेरी' से भी लिए जा सकते हैं। नई पीढ़ी बहुत बढ़िया लिख रही है और बहुत से ऐसे नाम जो आम प्रचलन में नहीं हैं। अंग्रेजी लिट्रेचर के जर्नल्स में से नोट किये जा सकते हैं।

भारत के सबाल्टर्न समुदायों की लोकभाषाओं और वर्नाक्युलार-देवनागरी हिंदी और तमिल आदि, में उपलब्ध लोकवार्ता निधि से नई पीढ़ी अधिक वाकिफ नहीं दिखती, फिर भी शोधकार्य करने के लिए रुझान दिखलाई दे रहे हैं। रुझान को अमली जामा पहनाने के लिए यह जरूरी है कि शोधकर्ता अनेक बहुविषयक विद्वज्जनों से पहले विमर्श करें। साहित्य के एक विद्यार्थी के मन में जो बात एक फिजिसिस्ट या फिजियोलॉजिस्ट एवं एक इनफार्मेशन साइंटिस्ट डालकर उसे एकदम से नया नज़रिया दे सकता है,वह सिर्फ लिट्रेचर ही जानने वाला प्रोफेसर नहीं कर सकता। इसीलिए अंतर्विद्यावर्ती दृष्टि लेकर अध्ययन अधिक किए जाने को आजकल बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि शोध कार्य एक सशक्त, नए ज्ञान-सृजन की एक्सरसाइज में तब्दील हो जाए और प्रयास एवं संसाधन व्यर्थ होने बचें। ये भविष्यमयी बनें।

नए किस्म के इस शोध प्रोटोकॉल से वाकफियत न होने में शोधकर्ताओं के सुपरवाइजर्स और सुपरविज़न की परंपरिक पद्धति की बड़ी भूमिका नज़र आने के अलावा एक और पावरफुल इन्फ्लुएंस सक्रियता अभी तक बनी हुई है। वह है हमारे आचार्यगण की ब्रिटिश, अमेरिकन और फ्रेंच लिट्रेरी क्रिटिसिज्म की ओर गाइडेंस के लिए देखने की और ता-उम्र इस आदत पाल कर काम करने की। बावजूद इसके, इन आचार्य गणमें से कुछ तो जरूर ऐसे हैं जो भारत की विशाल लोकवार्ता निधि के बारे में अंग्रेजी भाषा में सूक्ष्म मूल्यांकन (क्रिटिकल एप्रेज़ल) करते हुए इसे विश्व पटल पर ला रहे हैं। ब्रिटिश इंडिया में ब्रिटिश इंडोलॉजिस्ट्स और स्कॉलर्स की लोकवार्ता (इंडिक स्टडीज) में बेहद रुचि होने के कारण ही ऐसा संभव

भारत के सबाल्टर्न समुदायों की लोकभाषाओं और वर्नाक्युलार-देवनागरी हिंदी और तमिल आदि, में उपलब्ध लोकवार्ता निधि से नई पीढ़ी अधिक वाकिफ नहीं दिखती, फिर भी शोधकार्य करने के लिए रुझान दिखलाई दे रहे हैं। रुझान को अमली जामा पहनाने के लिए यह जरूरी है कि शोधकर्ता अनेक बहुविषयक विद्वज्जनों से पहले विमर्श करें।

हुआ कि भारत के हरेक कोने में रहने वाले समुदायों की लोकवार्ता (फोकलोर) का दस्तावेजीकरण हो गया। भारतीय लोगों की लोकवार्ता निधि की विविधता और विशालता चकित करती है और इससे भी अधिक आनंदमयी अहसास यह कि इसके अधिकतर प्रोविंशियल लैंग्वेजेज और लोकभाषाओं में होने के वजह से लिंगविस्टिक फ्लेवर में अर्थात 'रस' और 'भाव' की वजह से यह अद्भुत संरचना वाली भी है। इसमें पद्यात्मक शैली-रूप की अधिकता है,लेकिन अध्ययन के समय यह ध्यान रखना अनिवार्य है कि हमारे आदि-मनीषियों ने गद्य को भी पद्य माना है। फिर भी बहुत कुछ बचा रहा जिसका कलेक्शन और प्रस्तुतिकरण सन 1960 के बाद तक जारी रहा।

हरियाणा में असंकलित वार्ता, यथा लोककथा और लोकगीत, का संग्रह आचार्य भीम सिंह मलिक ने अपने छात्रों से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 1970 और 1980-आदि दशक के दौरान करवाया और चालीस वर्ष पहले लोकवार्ता के प्रतिनिधि प्रकाशन 'संभावना' के प्रथमांक का प्रकाशन भी जिसमें आचार्य मलिक के नेतृत्व में आचार्य राजेन्द्र रंजन चतुर्वेदी की अपूर्व साहित्यिक सूझ से संपन्न किया गया। इसके लिए सामग्री के संकलन और संपादन में अपूर्व योगदान के कारण हरियाणा वासी दोनों के आभारी हैं। पिछले पांच दशक की साहित्य शोध प्रवृत्तियों के मद्देनज़र कह सकते हैं कि अंग्रेजी भाषा के साहित्य शोधक अब अंतर्मुखी होकर लोकवार्ता में डिस्कशन और कमेन्ट्री में मनुष्य चिंतन की केंद्र से सीमाओं पर ले जाकर, आधुनिक साहित्यिक-टूल्स के मद्देनज़र अनेक ऐसे पक्ष को उजागर करते रहे हैं जिनके बारे में पहले से आभास न था।

मैंने देखा कि करीब प्रत्येक पचास वर्ष के अंतराल से साहित्यिक कृतियों को नए फ्रेम के भीतर लाकर देखा-परखा जाने लगा है। नए शोधकर्ता अब ब्रिटिश या इंडियन आर्काइवल निधि की ओर रुख न करके इन्टरनेट से ही लोकवार्ता पर अध्ययन सामग्री प्राप्त करते हैं। सिर्फ फील्ड वर्क के लिए लोकवार्ता की जन्मभूमि पर आकर लोक में वर्तमान ट्रेंड्स को जानना चाहते हैं। इन्टरनेट के आने से लोकवार्ता या फोकलोर अध्ययन को 'ग्लोबल पर्सपेक्टिव' भी प्राप्त हुआ है। इसमें एक बड़ी कमी मुझे इसलिए महसूस हो रही है संस्कृत लिट्रेचर के हमारे आचार्यों ने बहुत पहले साहित्य कृतियों की साहित्यिक और लिंगविस्टिक समीक्षा की जो बेहतरीन पद्धति विकसित की थी उसे ग्लोबल एंड इंटरनेशनल फ्रेम में अभी तक फिट नहीं किया गया है। कुछ मामलों में अध्येताओं के बीच 'दिस्कोर्ड' हो सकता है लेकिन आगे जाकर आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (एआई) के नए टूल्स शोध-समीक्षा हेतु विकसित कर लिए जाएं तो आश्चर्य नहीं। शोध के लिए चुने जाने वाले अधिकतर विषय चूंकि यूनिवर्सल अपील के होते हैं इसलिए इन्हें बरते जाने के समय भाषांतर और लिंग्विस्टिक्स का ध्यान नहीं रखा जाएगा तो तत्व-समीक्षा नहीं हो पाएगी। अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि अमेरिकन और ब्रिटिश अध्येताओं की नज़र से लोकवार्ता की समीक्षा के लिए नए नैरेटिव का जिस तरह से सृजन हुआ, इसमें उन द्वारा प्रयुक्त मुहावरा और सिंटेक्स की संरचना ने ऐसे फ्लेवर्स की उत्पत्ति को संभव बनाया जो अज्ञात थे। इस काम के लिए भविष्य में एआई टूल्स को अधिक कारगर तरीके से विकसित किए जाने की प्रबल संभावना है क्योंकि इस पूत के पांव कैसे पसरेंगे इसका अनुमान मैंने अभी कुछ महीना से अनुभव करना शुरू किया है। फोकलोर का कंटेंट हालांकि नहीं बदलता लेकिन प्रत्येक नए समीक्षात्मक अंदाज़ से निर्मित किए गए एक 'मिरर इमेज' को 'रेडिकली डिजाईन्ड' फ्रेम्स में फिट किए जाने से दृष्टिकोण जरूर बदलता है। इसकी जरूरत भी है। को-पायलट और चैट-जीपीटी को पहले मैं बकवास समझता था। यह आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस टूल है और इस द्वारा सूचना का न केवल कलेक्शन करने और इसे इच्छित भाषा में बदलने की न केवल 'ऑटो-कैपबिलिटी' है बल्कि इन्टरनेट पर सर्च के बाद नमूदार हुए टेक्स्ट में से अगर बिना पढ़े कुछ पूछना-ढूंढना है तब इसे भी यह 'सेलेक्टिव' आधार पर ढूंढकर ठीक सूचना देने में सक्षम है।

दुनिया में कहीं भी स्थापित चुनींदा 'सर्वर्स' में सूचना आधार की विशालता और वर्ल्ड-वाइड इन्टरनेट- हाइवेज पर लोकवार्ता के संग्रहों तक हमारी एक्सेस बनाकर प्रकाश की गति से काम करते हुए संदेशों का ट्रांसपोर्टेशन ही पर्याप्त नहीं है बल्कि को-पायलट और चैट-जीपीटी की क्षमता का आकलन भी अपरिहार्य बनता नज़र आता है। ऐसे में जर्मन चिन्तक वाल्ते बेंजामिन की सन 1935 में प्रकाशित हुई किताब के छहों अध्यायों के सभी 46 निबंधों में से विशेष तौर से 'द वर्क ऑफ़ आर्ट इन द एज ऑफ़ इट्स टेक्निकल रिप्रोड्यूसिबिलिटी' निबंध और 'स्क्रिप्ट, इमेज और 'स्क्रिप्ट-इमेज' अध्याय के निबंधों का मुझे स्मरण हो रहा है जिसमें पिछले लिट्रेचर को नए युग के अनुसार ढालने की प्रक्रिया की शुरुआत होने और इसे एक फैक्ट्रीनुमा प्रोडक्शन हाउस में तब्दील कर देने की इच्छा पर चर्चा की गई है। मैन्युअल मॉड से शिफ्ट होकर एआई मॉड में आंशिक तौर से प्रवेश करने में भी मुझे ख़तरा नज़र आता है। लगता है इंटरप्रिटेशन ऑफ़ डेटा एंड स्टेटिस्टिकल वेलिडेशन हेतु मशीन इंटेलिजेंस का इस्तेमाल होने जैसा नया काम वास्तव में अधिक सृजनात्मक छवि पेश करने में मानवीय क्षमता का मुकाबला नहीं कर पाएगा और एक तरह की साहित्यिक अशांति को भी जन्म दे सकता है। विद्वानों का कहना है कि मनुष्य की कुदरती, विश्लेषणात्मक प्रतिभा का व्यक्तिगत दखल बनाए रखना जरूरी होगा। मानवीय प्रतिभा के इस्तेमाल की अनिवार्यता को नतीजे के अंतिम दौर में पहुंचने से पहले ही जागृत करना जरूरी होगा। सभ्यताओं के ही नहीं बल्कि मानव समुदायों के अस्तित्व को बचाए रखने की यह अंतिम शर्त होगी। विदेशी शोधकर्ता और इंडोलॉजिस्ट्स की रुचि इंडियन फोकलोर स्टडीज में बढ़ी है। विद्वज्जन विशिष्ट मनोभाव के कारण साहित्यिक विधा में मूल्यांकन कर पाते हैं। लिट्रेचर में 'इनटेंजीबल फैक्टर्स' जैसे कि भावप्र धानता और अलंकार, की मौजूदगी को आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस सूंघ कर अगर एनालिसिस के लिए पकड़ न पाए तो भी एआई एक आधारभूमि तैयार करती है, बशर्ते विद्वज्जन इसमें से पक्षपात के तत्वों की पहचान करने और इन्हें निष्प्रभावी करने में सक्षम हैं।

प्रसंगवश

धर्म और तिकड़म का समन्वय

देश को तो एक मुश्त ही आगे बढ़ना होगा, कुछ लोगों की आर्थिक प्रगति से काम नहीं चलेगा। हम खुश हो लेते हैं कि हम चौथी आर्थिक ताकत बन गए या तीसरी बन गए,पर सत्यता यह है कि इसमें आपकी जनसंख्या का भी कमाल है। इतनी बड़ी जनसंख्या वाले देश को तो कुछ देशों के मुकाबले कुल जीडीपी के लिहाज से उनसे आगे निकलना ही है,पर असली परीक्षा पर व्यक्ति जीडीपी की है। उसके लिए बहुत प्रयास की जरूरत है। इंग्लैंड,जर्मनी और जापान पर व्यक्ति जीडीपी में वे हमसे कई गुना आगे हैं,वे पूर्ण विकसित हैं। आज हमें अपने देश में साफ-साफ दिखायी देता है कि तमाम भारतीय एक तरफ अध्यात्म की बात करते हैं, पूजा स्थल खूब जाते है,पर वहीं निम्न भौतिक स्वार्थों में आकंठ डूबे है? देश में धर्म और तिकड़म का अद्भुत समन्वय दिखता है। उदाहरण के लिए आइए देश के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की बात करें।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

देश के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में कभी कपड़ों और दवाओं के उत्पादन में,उनके निर्यात में हम काफी आगे थे,पर कपड़ों में ज्यादातर आर्डर अब बांग्लादेश को मिल रहे हैं। बीच में मैं उज्बेकिस्तान गया था,पता चला हमारे यहां निर्मित दवाओं को खाकर वहां कुछ बच्चे मर गए। भारत की तमाम विख्यात दवा कंपनियों की दवाइयों मानक पर खरी नहीं उतर रही हैं। पिछले दिनों विदेश से आई मेरी बेटी को एंटीबायोटिक की जरूरत पड़ी,एक अच्छी कंपनी की दवा ली,कोई सुधार नहीं हुआ,फिर केमिस्ट ने कहा कि आप मेरे कहने से वही दवा एक साधारण कंपनी की ले जाइए,बेटी तत्काल उससे ठीक हो गई। मतलब हम दवाओं के उत्पादन में अपनी भौतिक आकांक्षा के कारण लाखों जिंदगियों से खेल रहे हैं। देश के विकास के लिए जरूरी मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर अब नीचे जा रहा है,इनका निर्यात घट रहा है। मतलब साफ है,पहले हम अपना स्वार्थ छोड़े,आर्डर के पूरी सदिच्छा से तैयार कराकर निर्यात करें,क्वालिटी से समझौता न करें वरना हम पिछड़ते ही जाएंगे। हमारे सपने कभी पूरे नहीं होंगे। हमारी अनैतिक आकांक्षाओं का खामियाजा देश को उठाना पड़ रहा है। एक तो लाल फीताशाही के कारण वैसे ही उत्पादन कीमत काफी ज्यादा हो जाती है, ऊपर से हमारी बेईमान सोच।

जीवन से कटी हमारी शिक्षा

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हिंदी विभाग में भयंकर ईर्ष्या, द्वेष और कटुता देखी गई। जात-पात और संप्रदाय से ग्रस्त लोग आपस में झगड़ रहे हैं। स्वाभिमान की जगह खुशामदी स्वभाव आ गया।

आजादी के बाद हमारे शासकों ने शिक्षा के स्वरूप को बदलने की दिशा में थोड़ा भी काम नहीं किया। उसी शिक्षा में इन शासकों का भी हित था जिसमें अंग्रेजों का हित था। इसलिए पूरी की पूरी अंग्रेजी शिक्षा आत्मसात कर ली गई और धीरे-धीरे सभी दलों ने अपना गुलाम अंधभक्त तैयार कर लिया।

पढ़े-लिखे लोगों के भीतर चिंतन-शक्ति और रचनात्मकता का ह्रास होता चला गया। अन्य विषयों को छोड़कर यहां मैं हिंदी साहित्य के अध्यापन पर विचार करूंगा। जिस तरह से विश्वविद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई हो रही है,उससे बहुत अधिक नुकसान हुआ है। छात्रों की कल्पनाशीलता,संवेदनशीलता और रचनात्मकता पर कुठाराघात हुआ है। किसी भी विषय की पढ़ाई तभी सही मानी जाएगी,जब उस विषय का उद्देश्य पूरा होता हो। साहित्य का उद्देश्य क्या है? कहा जाता है कि साहित्य हमारे भावों का परिष्कार करता है। हमारे सौंदर्य बोध को निखारता है। हमारी कल्पना-शक्ति को जगाता है। हमें संवेदनशील बनाता है। हमारे भीतर छिपी मनुष्यता को उभारता है,इत्यादि। प्रश्न है कि क्या हमारे अध्ययन-अध्यापन से साहित्य का यह उद्देश्य पूरा हुआ? मेरे देखे तो इसका उल्टा ही हुआ।

हिंदी विभाग में भयंकर ईर्ष्या, द्वेष और कटुता देखी गई। जात-पात और संप्रदाय से ग्रस्त लोग आपस में झगड़ रहे हैं। स्वाभिमान की जगह खुशामदी स्वभाव आ गया। प्रेम की जगह घृणा ने ले ली। वीरता के स्थान पर कायरता आ गई। सत्य का स्थान झूठ ने ले लिया। लोग अपने छोटे परिवार और अपने में ही सिमटते चले गए। धन, पद और यश की दौड़ में मनुष्यता भूलते चले गए। इन सबके पीछे हमारी पढ़ाई और परीक्षा की पद्धति है। मैं सीधे-सीधे एक सवाल करना चाहता हूं। क्या हिंदुस्तान के किसी भी विश्वविद्यालय में एक भी ऐसा हिंदी विभाग है,जहां छात्रों की सृजनशीलता पर अंक हो? क्या कोई विद्यार्थी उपन्यास, कहानी, कविता, नाटक आदि लिखकर एमए पास कर सकता है? उत्तर है नहीं। आपको दूसरों की रचनाएं पढ़नी होंगी। उन्हीं पर विचार रखने होंगे। क्या यह छात्रों की रचनात्मकता को मारने वाली पद्धति नहीं है?

अगर साहित्य का उद्देश्य भावों का परिष्कार है तो यह देखना चाहिए कि जीवन के व्यवहार में हमारे भाव परिष्कृत हुए या नहीं,लेकिन ऐसा नहीं देखकर हम लिखित परीक्षा लेते हैं कि अमुक कविता के भाव स्पष्ट करें या उसकी समीक्षा करें। दूसरों के भावों की हम समीक्षा करते हैं,लेकिन अपने भावों का पता ही नहीं। जीवन प्रतिदिन कोई नया प्रश्न खड़ा करता है,उससे जूझने और उसका समाधान निकालने का कोई प्रशिक्षण हमारी शिक्षा में नहीं है। हम तो घिसे-पिटे पुराने प्रश्नों पर ही विचार करते रहते हैं। जैसे-तुलसीदास की नारी-भावना पर प्रकाश डालें। हमारे घर,समाज और देश में नारी की क्या स्थिति है और उसे कैसे बेहतर बना सकते हैं, इस पर कोई विचार नहीं।

कबीर दास की विद्रोह-भावना को अपने शब्दों में लिखें,लेकिन हमारी विद्रोह भावना मरती जा रही है,इसकी चिंता शिक्षा को नहीं है। विद्यापति भक्त कवि थे या श्रृंगारिक? विद्यापति चाहे जो हों। सवाल है कि हम क्या हैं? विद्यापति सहज श्रृंगार के अद्वितीय कवि हैं। सवाल तो यह उठना चाहिए था कि करीब आठ सौ वर्ष पहले विद्यापति श्रृंगार को लेकर जितने सहज थे,उतने असहज हम कैसे हो गए? विद्यापति सही थे या हम सही हैं? अगर हम सही हैं तो उसका प्रमाण क्या है? नारियों के साथ छेड़खानी,बलात्कार? मीरा की भक्ति भावना पर प्रकाश डालें। क्या हमारा जन्म इसीलिए हुआ है कि जिंदगी भर दूसरों की भक्ति पर चर्चा करते रहें और अपने भीतर कैसे भक्ति पैदा हो,इसका ख्याल तक न रह जाए?

'उर्वशी' में दिनकर ने पुरूरवा के द्वंद्व का सफल चित्रण किया है,इसे अपने शब्दों में लिखें। हो सकता है,हमारा द्वंद्व कुछ अलग हो। उससे हम कैसे बाहर निकलें,यह सिखाने वाला कोई नहीं। द्वंद्व में रहना दुख है,उससे बाहर निकलने का रास्ता क्या हो सकता है,इससे किसी को मतलब नहीं। इस तरह पूरी की पूरी हमारी शिक्षा ने हमें जीवन से काटकर अपाहिज बना दिया है और हमने दो टकिए की नौकरी पर लाखों के जीवन की बलि चढ़ा दी है। वह सरकारी नौकरी भी मात्र डेढ़-दो प्रतिशत को मिलती है। बाकी अठानवे प्रतिशत किस हाल में हैं,इसकी खबर लेने वाला कोई नहीं।

सोशल फोरम

करे कोई और भरे कोई

करे कोई और भरे कोई। यह कथन सत्य के कितना निकट है,इसका निर्णय आप पर छोड़ रहा हूं। कल चन्द्रशेखर की दुकान चाय पीने पहुंचा तो उन्होंने एक प्रश्न दाग दिया। उनका स्वाभाविक प्रश्न था कि एक नया साल संवत्सर प्रतिपदा से शुरू हो गया तो एक कल वैशाखी से शुरू हुआ ऐसा क्यों है?

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

जब तक मैं युधिष्ठिर प्रवृत्त संवत के बीते वर्ष की चर्चा शुरू कर ही रहा था। बीच में एक विद्वान और शिक्षित सज्जन कूद पड़े और बोले कि यह सब पंडितों का किया हुआ है। शुरुआत की लाइन पर आ जाइए कि करे कोई।

हस्तिनापुर के राजा युधिष्ठिर ने,उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने,शालेय धारा के शालिवाहन सम्राट ने, चित्रकूट के शासक विजयाभिनंदन ने,नागार्जुन ने,भृगुकच्छन के राजा बलि ने अपने शासन काल में अलग-अलग पंचांग प्रारंभ करवाए और अलग-अलग दिनों को नया वर्ष का आरंभ मनाया गया। बेचारे पंडित तो निरीह थे आज भी हैं,उनका तो प्रयास यही रहा कि समस्त भारतीय पंचांग का समावेश कर इसे राष्ट्रीय स्वरूप दिया जाए। यहां तक कि इस्लामिक कलेंडर जो मुहर्रम की पहली तारीख से शुरू होता है को (इस बार आठ जुलाई से हिजरी 1446) भी भारतीय पंचांग में स्थान दिया गया है। ग्रेगेरियन कैलेंडर तो है ही,जो पहली जनवरी से शुरू होता है और आज का समाज इसे नया साल मानकर अरबों लीटर शराब पी जाता है। बेचारे पंडितों ने केवल इन पर्वों को पूजा पाठ और सात्विक मार्ग के अनुसरण की याद दिलाने के प्राथमिकता देने का प्रयास किया है।

मेरे एक मित्र सेना के उच्च पद से रिटायर हैं,मेरे गोल्फ कोर्स के गुरु भी हैं। उनके साथ केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम की यात्राएं की गई हैं। एक बार चर्चा के दौरान भारत को गुलाम बनवाने में अपने ही लोगों के लोगों की भूमिका पर बात शुरू हो पड़ी। स्वाभाविक था कि जयचंद, मानसिंह जैसे अनेक क्षत्रिय राजाओं के पारस्परिक विद्वेष और अच्छी कन्याओं के वरण के लिए भयानक खून-खराबा से लेकर विदेशी आक्रमणकारी को बुलाने के इतिहास का जिक्र हो गया। मैंने उनसे पूछा कि क्या इस प्रकार का कोई कृत्य किसी गरीब ब्राह्मण के नाम दर्ज है? वह तो अपने पांडित्य का मुखड़ा लगाकर भिक्षावृत्ति ही करता रहा।

-फेसबुक वॉल से

बंगाली समाज के सकारात्मक पहलू

स्वामी विवेकानंद वस्तुतः बंगाली जाति के निर्माताओं में एक हैं,उनकी बेहतरीन उक्ति है- 'दरिद्र,पददलित तथा अज्ञ लोग तुम्हारे ईश्वर बनें।' गरीबों के पक्ष में इतनी बड़ी बात पहली कभी इतनी दृढ़ता के साथ कही नहीं गई। बंगाली जाति का आधुनिककाल में सबसे बड़ा योगदान यह है कि उसने धर्म और ईश्वर को मानवीय बनाया। पहले धर्म और ईश्वर वायवीय थे। दरिद्रों से प्रेम करना सिखाया। अभिजन की भाषा और जनभाषा में भेद खत्म करके अभिजन की भाषा को जन-जन की भाषा बनाया। व्यक्तित्व विकास को सामाजिक विकास का मूलाधार बनाया। बंगाली जाति पहली जाति है जिसने हिंदू धर्म को अस्पृश्यता की दलदल से बाहर निकाला।

बंगाली जाति के भाषा प्रेम और संस्कृति बोध का एक रोचक अनुभव बताता हूं। मैं एक बार मिनीबस से कहीं जा रहा था। मिनीबस में काफी भीड़ थी। अचानक देखा दो व्यक्ति आपस में गरमागरम बहस कर रहे हैं और एक-दूसरे के प्रति नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं,प्रतिवाद कर रहे हैं। मैंने पता किया माजरा क्या है,पता चला,एक सज्जन ने अपने पास बैठे सज्जन को किसी पर पर "बोका" कहा, वे कुछ न बोले, बाद में इडियट कहा तो वे सज्जन भड़क गए और बोले इडियट केनो बोले छो,उस व्यक्ति ने कहा मैंने पहले "बोका" कहा तब आपको गुस्सा क्यों नहीं आया,उसे तो चुपचाप सहन कर गए अब इडियट कहने पर भड़क क्यों रहे हो? सारी मिनीबस इस उत्तेजना को देखकर हंस रही थी और मजा ले रही थी। मुझे बंगालियों को देखकर मन में ईर्ष्या होती

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भावुकता उनकी कमजोरी नहीं,शक्ति है। इसका हृदय और कल्पनाशक्ति से गहरा संबंध है। निस्संदेह बुद्धि का स्थान ऊंचा है,लेकिन कल्पनाप्रियता के बिना आप शक्ति पैदा नहीं कर सकते।

है 'स्व' की इतनी गहरी अनुभूति,मान-अपमान का इतना गंभीरबोध,भाषा के प्रयोग को लेकर सटीकपन। काश,मैं बंगाली होता। बंगाली जाति के दस गुण-बंगाली जाति के कई बेहतरीन गुण हैं जिनके कारण यह जाति मुझे बहुत प्रिय है। पहला गुण है,उत्सवधर्मिता और आनंद भाव। ये लोग उत्सव के दिन उत्सव भाव में रहते हैं। हर परिवार में विशिष्ट खाना बनेगा। आज आप कहीं भी जाइए पहला वैशाख की मीठी-मीठी गंध पाएंगे। नए कपड़े और स्वादिष्ट भोजन। क्या कहने हैं,सारा राज्य छुट्टी के मूड में। बंगाली जाति का दूसरा बड़ा गुण है सामूहिकता। उत्सव का दिन और सामूहिक खान-पान। कई दिन हैं जिनमें यह जाति सामूहिक भोज करती है। जैसे पहला वैशाख पर जगह-जगह विभिन्न कॉलोनी में रहने वाले मिलकर एक साथ खाते पीते हैं,नाचते-गाते हैं। लोकल बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का मौका भी मिलता है। बंगाली जाति का तीसरा गुण है-यह कभी बीच का रास्ता नहीं पकड़ता। जिस राह जाते हैं,उस पर दौड़ ही लगाते हैं,जिस भाव का अवलंबन करते हैं,उसका चरम दृष्टांत ही पेश करते हैं। बंगाली जाति का चौथा गुण है-गंभीर बात को गंभीर भाव से न सुनना। गंभीर बात को हंसकर उड़ा देना। बंगाली जाति का पांचवां गुण है-प्राइवेसी या निजता का सम्मान करना। बंगाली लोग एक-दूसरे की निजता को मानते हैं और सम्मान करते हैं। छठा गुण है वर्जनाओं से मुक्ति। आमतौर पर पश्चिम बंगाल में पुरानी वर्जनाओं का नामोनिशां नहीं मिलेगा। जाति-धर्म आदि की वर्जनाओं से यह जाति पूरी तरह मुक्त है। इसके कारण शरीर को भी इस जाति ने वर्जनाओं से मुक्त किया है। भारत में संपूर्ण राज्य को वर्जनाओं से मुक्त देखना हो तो बंगाल आएं और कुछ दिन गुजारें।

बंगाली जाति का सातवां गुण है मुक्त हृदय। वे मुक्तभाव से एप्रिसिएट करते हैं। वे एप्रिसिएशन कला में पारंगत हैं। मिलें और सुख लें। बंगाली जाति का आठवां गुण है कि उन्होंने गरीबी को देश का प्रधान एजेंडा बनाया। गरीबी को अपराध, नैतिकता,भाग्य,पूर्वजन्म आदि से मुक्त किया। बंगाली जाति का नौवां गुण है मित्रभाव। परिचय होते ही बातें करेंगे,मित्र हो जाएंगे। बातचीत होते ही मित्रता मान लेंगे। फिर दूसरे ही क्षण घर आने के लिए कहेंगे और फिर दिल खोलकर अपने हृदय की सारी बातें रख देंगे। बंगाली जाति का दसवां गुण है भावुकता। भावुकता उनकी कमजोरी नहीं,शक्ति है। इसका हृदय और कल्पनाशक्ति से गहरा संबंध है। निस्संदेह बुद्धि का स्थान ऊंचा है,लेकिन कल्पनाप्रियता के बिना आप शक्ति पैदा नहीं कर सकते।

देश को एक सूत्र में पिरोती रेल



रेल दिवस

विश्व इतिहास का सतत सर्वेक्षण बताता है कि रेल के आगमन ने इसके हर आयाम चाहे वह सामाजिक हो अथवा आर्थिक अथवा सांस्कृतिक सबको प्रभावित किया। भारत के संदर्भ में तो रेल राष्ट्र का आधार है जैसा कि पर्सिवल स्पीयर लिखते हैं कि "रेल भारत में वो कार्य करेगी,जो अकबर की उदारता और टीपू की तलवार न कर सकी। यह भारत को एक सूत्र में पिरो देगी"। यह कथन अक्षरशः सत्य भी हुआ। इसने विभिन्न प्रांतों,बोलियों के लोगों को एक सूत्र में पिरो दिया। भारत में पहली रेल 16 अप्रैल 1853 को बोरीबंदर से ठाणे स्टेशन के मध्य चली,तब इसे इक्कीस तोपों की सलामी तथा हजारों लोगों की करतल ध्वनि के मध्य चलाया गया। इसे खींचने वाले इंजन सुल्तान,सिंध तथा साहिब थे। रुहेलखंड रीजन में रेल के विस्तार की बात करें तो यह अनेक कंपनियों द्वारा पूरा किया गया। क्षेत्र की मुख्य लाइन जो बनारस-लखनऊ से गाजियाबाद तथा आगे दिल्ली तक जाती थी। अवध रुहेलखंड रेल द्वारा बिछाई गई। तब यह बरेली नहीं आती थी। इसका मार्ग चंदौसी होकर था। वर्ष 1888 में इसका एक एक्सटेंशन बरेली तक खोला गया तथा चंदौसी लाइन, तब चंदौसी कार्ड के रूप में जानी गई। बाद में बरेली से होकर निकलने वाली लाइन कम दूरी के कारण मुख्य लाइन हो गई। बरेली से रामपुर होते हुए मुरादाबाद लाइन वर्ष 1894 को खुली तथा वर्ष 1898 में दिल्ली इस लाइन से सीधा जुड़ गया। रेल का दूसरा विस्तार कुमायूं रुहेलखंड रेल का था। यह कंपनी 1882 में शुरू हुई। सर अलेक्जेंडर आईजेड इसके मुख्य अभियंता थे जिनकी महारथ रेल के पुल बनाने में थी। यह रेल की मीटर गेज प्रणाली थी तथा इसके अधीन रेल विस्तार 957 मील था। प्रमुख लाइंस में भोजीपुरा-काठगोदाम, लालकुआं-काशीपुर, शाहजहांपुर-पीलीभीत, पीलीभीत-सीतापुर क्रमशः 1906,1907,1916,1906 एवं 1916 को खुल गई। बरेली से पीलीभीत होते हुए गोला स्टेट रेल का विस्तार नेपाल की सीमा के साथ-साथ बिहार तथा आगे बंगाल तक किया गया। इसकी एक शाखा अप्रैल 1895 में दुधवा तक खोली गई। रेल ने पूरे रुहेलखंड रीजन में व्यापक प्रभाव छोड़े। इसके आने से पहले जहां मात्र नदियां ही आवागमन का साधन थीं,रेल ने क्षेत्र के व्यवसाय और संस्कृति को उच्च शिखर तक पहुंचा दिया। जनपद शाहजहांपुर में भी रेल का विस्तार अत्यंत लाभकारी रहा जिसके कारण केरू जैसी विख्यात कंपनियां यहां लगीं जिसमें बनी रम,क्रिस्टल चीनी का निर्यात ब्रिटेन तक किया जाता था। आजकल जहां रेल के आमान (गेज) परिवर्तन का कार्य जारी है तथा परंपरागत सिग्नल्स तथा स्टेशन की घंटियों का प्रतिस्थापन किया जा रहा है। अनेक विदेशी यात्रियों जिनमें इयान मैनिंग प्रमुख है कि यात्रा वृत्तांत बीते दिनों की याद दिलवाते हैं।

डॉ.विकास खुराना
शाहजहांपुर

एक नजर

आग लगने से जली गेहूं की फसल

महराजगंज, रायबरेली। सोमवार को क्षेत्र के जमुलिया गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग से दो बिस्वा के करीब गेहूं की फसल तथा ढेड़ बीघे के करीब मशीन से कटने के बाद भूसा बनने के लिए खेत में पड़ी नरई जलकर राख हो गई। गांव निवासी तीन सगे भाइयों हनुमान सिंह, राजनरायन सिंह व सूर्य बक्स सिंह के खेतों में मशीन से गेहूं की फसल कटने के बाद भूसा बनने के लिए नरई पड़ी थी। लेखपाल अद्या प्रसाद ने बताया कि रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दी जा रही है।

संकटा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

सरेनी, रायबरेली। गेगासों में स्थित मां संकटा देवी मंदिर में रविवार को बासंतिक नवरात्र के छठवें दिन श्रद्धालुओं ने मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने आज जहां अशोक घाट पर पतित पावनी मां गंगा में स्नान कर मां संकटा की विधि विधान से पूजा अर्चना किया और मां को पुष्प नैवेद्य अर्पित किया। वहीं मंदिर में दुर्गा सप्तशती के श्लोक भी बोलते रहे। मंदिर के पुजारी संतोष तिवारी ने बताया कि मां संकटा की विधि विधान से पूजा अर्चना करने से भक्तों के दुख दूर हो जाते हैं। इसी तरह श्रद्धालुओं ने मनकामेश्वर धाम मुरारमऊ के मां अंबिका व काली की पूजा अर्चना किया।

गर्मी बढ़ते ही बढ़ने लगी मटके की मांग, खरीदारी शुरू

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। अप्रैल से बढ़ी गर्मी के साथ अब लोग गर्मी से राहत पाने व ठंडा पानी पीने से गला तर करने के जतन शुरू कर दिये है। संपन्न लोग जहां वाटर कूलर, फ्रिज और एयर कंडीशनर के सहारे गर्मी से बचने का जतन कर लेते हैं। वही आम आदमी ठंडा पानी पीने के लिए आज भी पारंपरिक मिट्टी के घड़े व सुराही के पानी से अपने गले को तर करता है।

ठंडे पानी को लेकर शहर से ग्रामीण अंचलों में मिट्टी से बने घड़े व सुराहियों की दुकानें सज गई है। लोग अभी से दुकानों से घड़े खरीदने शुरू कर दिए हैं। सुबह से लेकर शाम तक दुकानों पर लोगों का आना जाना बना रहता है। हर बार कि तरह इस बार फिर महंगाई ने छलांग लगाई है और पहले की अपेक्षा इस बार मटकों की जहां मांग बढ़ रही है वही मंहगाई भी है। आधुनिकता के इस दौर में आज भी लोग बड़े चाव से घड़े खरीदते हैं। शहर के मधुबन रोड, अस्पताल चौराहा के निकट, डिग्री कालेज मधुबन, चंदापुर कोठी सहित अन्य कई जगहों पर मटके की दुकानें सज गई है और सुबह से लेकर देर शाम तक खरीदारी की बिक्री शुरू हो गई है।

पहले सामान्य घड़े व सुराही मिलती थी लेकिन अब आधुनिक दौर में अब स्टाइलिश घडों की डिमांड भी बाजारों में बढ़ गई है। पहले जहां 50 से 100 रुपये तक घड़े मिल जाते थे वहीं अब इनका दाम भी बढ़ गए है, और वहीं अब 100, 150 व 200 तक घड़े बिक रहे हैं। शहर के मधुबन रोड दुकानदार दुर्गेश ने बताया कि बालू से बने मटकों की डिमांड लगातार बढ़ रही है। बालू से बने मटकों में लंबे समय तक पानी ठंडा बना रहता है। मंहगाई के बारे में बताया कि बालू जहां महंगी है वही मिट्टी भी आसानी से नहीं मिल पाती है ऐसे में थोड़ा मुश्किल होता है।

मिट्टी के घड़े बेचता दुकानदार। अमृत विचार

नए ट्रेन्ड के मटकों का चलन

आधुनिकता के इस दौर में अब हर कोई रंग बिरंगी डिजाइनों से सजी चीजों को खरीदने के लिए आगे रहते है। मटकों की बात करें तो लोग आज भी गर्मी में मिट्टी के घड़ों को में पानी पीना पसन्द करते है। अब नए दौर मे डिजाइनर मटकों की मांग बाजार में बढ़ गया है। बाजार में टोटी वाले मटकों की मांग इन दिनों खूब है। इन मटकों की कीमत भी सामान्य मटकों से अधिक है।

राधे ने बना ली सपा से दूरी, अब हो रही रामनवमी उत्सव की तैयारी !

पोस्टर से समाजवादी पार्टी का झंडा हटाकर राममय हुआ राधे का परिवार

अभिषेक सिंह, सीतापुर

अमृत विचार। सीतापुर सदर विधानसभा सीट से कई बार सपा विधायक रहे राधेश्याम जायसवाल अब सपा से दूरी बनाते नजर आ रहे हैं। पार्टी के कार्यक्रमो में उनकी गैरमौजूदगी चर्चा का विषय भी रही। वहीं जिले में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के आगमन पर भी राधेश्याम या उनके पुत्र सचिन जायसवाल मिलने तक नहीं गए। राजनीति के गलियारों में यह सब खूब चर्चा का विषय रहा। इसके साथ ही पूर्व विधायक उनके पुत्र व पुत्र वधू की फोटो के साथ आगामी रामनवमी के दिन उत्सव मनाने की तैयारी का पोस्टर भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

समाजवादी पार्टी से कई बार विधायक व नगर पालिका चेयरमैन रहे राधेश्याम जायसवाल के बिना पार्टी की कोई महत्वपूर्ण बैठक पूरी नहीं होती थी, लेकिन वक्त बदला तो सब कुछ बदलने लगा। विधायकी का चुनाव हारने के बाद पुत्र को नगर पालिका की गद्दी पर आसीन कराने की चाह ने भाजपा से नजदीकी पर खूब चर्चा हुई। आखिर में राधे ने सपा के टिकट पर ही अपनी बहू को नगरपालिका अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ाया, लेकिन फिर से भाजपा प्रत्याशी नेहा अवस्थी से हार का सामना करना पड़ा। इस चुनाव के बाद से राधेश्याम और उनके बेटे और बहू का समाजवादी पार्टी से मोह से भंग होने लगा। गठबंधन की ओर से पूर्व विधायक राकेश राठौर को लोस प्रत्याशी घोषित किया गया। चुनाव को लेकर पार्टी कार्यालय पर बैठक भी हुई, लेकिन राधेश्याम जायसवाल और उनके बेटे सचिन जायसवाल इन बैठकों से गायब ही रहे। इसके बाद कुछ दिन पहले लहरपुर से विधायक अनिल वर्मा के घर पधारे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से भी मुलाकात करने यह पिता पुत्र नहीं पंहुचे। जिसके बाद से राधेश्याम और सचिन जायसवाल की सपा से दूरी की चर्चा आम हो गई। इसके साथ ही राधे के परिवार की ओर से की जा रही रामनवमी उत्सव की तैयारी को लेकर भी शहर में काफी चर्चा है। तैयारी के पोस्टर में पार्टी के झंडे वाला रंग अब गायब नजर आ रहा है।

शहर की दीवारों पर लगा राम नवमी को लेकर पोस्टर। अमृत विचार

- अखिलेश यादव के आगमन सहित गठबंधन की बैठक पर भी नहीं पहुंचे थे पूर्व सपा विधायक राधेश्याम जायसवाल

पंचायत भवन बदहाल होने से नहीं मिल रहीं सुविधाएं

अव्यवस्थाओं का शिकार हरगांव का ग्राम पंचायत भवन। अमृत विचार

हरगांव, अमृत विचार। विकास खण्ड हरगांव की ग्राम पंचायत बेलमाऊ कला में रखरखाव के अभाव मे पंचायत भवन अव्यवस्थाओं का शिकार हो रहा है। पंचायत भवन सिर्फ अराजक तत्वों के बैठने का स्थान है ग्रामीणों की माने तो इस पंचायत मे भवन सफाई न होने से गंदगी का अम्बार लगा है।

पंचायत भवन मे बिजली की व्यवस्था भी नही है न पीने के पानी की। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत की एक भी बैठक पंचायत भवन में नही होती। जबकि सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत भवन संचालित करने के निर्देश दिए थे ताकि उन्हें मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके इसके लिए पंचायत सहायक भी नियुक्त किए गए थे। सरकार ने पंचायत घरों को इंटरनेट आदि सुविधाओं से जोड़ने के भी निर्देश दिए हैं। पंचायत घर ग्रामीणों के लिए सिर्फ शोपीस बनकर रह गया है। ग्रामीण मिथिलेश शुक्ला ने बताया कि पंचायत भवन में न तो कोई बैठक होती है न साफ सफाई। ग्रामीणों को ब्लॉक के चक्कर लगाने पड रहे है। पंचायत भवन में कोई भी सामान उपलब्ध नहीं है। पंचायत सहायक के पद पर पारुल सिंह की नियुक्ति है लेकिन पंचायत सहायक के पंचायत भवन मे कोई बैठने का स्थान नही है। खंड विकास अधिकारी आत्म प्रकाश रस्तोगी ने बताया जांच करके कार्यवाई की जायेगी।

सार-संक्षेप

दो पर प्रतिबंधित वृक्ष काटने का केस दर्ज

खीरों, रायबरेली। थाना क्षेत्र के गांव मालपुर भोड़रा में दो आरोपी प्रतिबंधित वृक्ष काटकर चोरी से लकड़ी उठा ले गए। क्षेत्रीय वनरक्षक ने खीरों थाने में दो नामजद लोगों के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है। क्षेत्रीय वनरक्षक सन्तोष तिवारी ने आरोप लगाया है कि मालपुर भोड़रा निवासी फतेह बहादुर सिंह पुत्र राम गुलाम और सरेनी क्षेत्र के गांव बजरंगपुर निवासी महेश लोधी पुत्र गौरी मालपुर भोड़रा गांव में खड़े हरे प्रतिबंधित वृक्षों को अवैध रूप से काटकर चोरी से लकड़ी उठा ले गए। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि क्षेत्रीय वनरक्षक के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध वनसंरक्षक अधिनियम तथा अभिवहन नियमावली 1978 के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच के उपरान्त कार्रवाई की जाएगी।

ई-रिक्शा चालक ने तोड़ा रेलवे गेट, केस दर्ज

रायबरेली। शहर के नेहरू नगर रेलवे क्रासिंग पर बन्द रेलवे गेट पर ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी, जिससे गेट क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे लोगों को घण्टों इंतजार करना पड़ा। कड़ी धूप के बीच लोगों को उधर से निकलने के दौरान काफी परेशानियों से गुजरना पड़ा। वहीं कई लोगों ने रास्ता बदल कर लम्बी दूरी तय कर अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। घंटों मेहनत के बाद गेट को दुरुस्त किया जा सका। तब आवागमन शुरू हो सका। उधर घटना की जानकारी होते ही रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक हमराहियों के साथ पहुंच कर मामले की जानकारी ली। जबकि रिक्शा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। रेलवे निरीक्षक आलोक मौर्य ने बताया कि रिक्शा को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत

मृतक होरीलाल

सेमरी, रायबरेली। थाना क्षेत्र के एक युवक की उन्नाव जनपद के पोरई मोड़ पाटन में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। थाना क्षेत्र के बखतखेड़ा गांव निवासी होरीलाल पुत्र स्व भीखा रविवार के दिन अपने रिश्तेदार के यहां पोरई गांव गया था। वहां से सोमवार की सुबह 4 बजे अपनी बड़ी बेटी पूजा के घर जाने के लिए तकिया रेलवे स्टेशन जा रहा था। जैसे ही वह उन्नाव-लालगंज नेशनल हाइवे पर पोरई मोड़, पाटन पहुंचा उसी दौरान अज्ञात लोडर ने उसे टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार की देर शाम मृतक होरीलाल का शव घर पहुंचा, तो परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी विशुन देई, पुत्री रचना, बेटा आलोक, छोटा बेटा अंशुमान व परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। मृतक होरीलाल राजगीरी का काम कर किसी तरह घर का खर्च चलाता था।

लालगंज कस्बे में हुई चोरी से लोगों में मचा हड़कंप

लालगंज, रायबरेली। नगर के शांति नगर मोहल्ले में राजेंद्र सोनी पुत्र अंबिका सोनी के घर में चोरों ने हाथ साफ करते हुए लाखों का माल पार कर दिया है। चोरी की वारदात के समय घर में बाहर से ताला बंद था और घर वाले अपने पैतृक गांव बेहटा कला गए हुए थे। पड़ोसियों के द्वारा सूचना मिलने पर जब वह लालगंज स्थित अपने घर पहुंचे तो देखा कि चोरों ने सोने के जेवरात व नकदी पार कर दिया था। मामले की सूचना पीड़ित राजेंद्र सोनी ने पुलिस को दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की तहकीकात करते हुए चोरों को पकड़ने की बात कही है। राजेंद्र सोनी के घर घुसे चोरों ने रविवार की रात सूना घर प्रकार चोरी की वारदात की है। चोरों ने चोरी करने के पहले राजेंद्र सोनी के आसपास के घरों में बाहर से कुंडी लगा दी थी और आराम से चोरी करते हुए माल पार कर दिया। सुबह जब लोगों ने देखा कि उनके घर के बाहर की कुंडी बंद है तो मोबाइल से फोन करके दूसरे लोगों से कुंडी खुलवाया, तब जाकर पता चला कि राजेंद्र सोनी के घर में चोरी की घटना हुई हैं। राजेंद्र सोनी ने बताया कि सोने के जेवरात और 20-25 हजार रुपए नकद चोरों ने पार कर दिया है।

ट्रैक्टर ट्रॉली बैक करते समय चपेट में आया पिता, मौत

महराजगंज रायबरेली। भट्ठे पर ट्रैक्टर बैक कर रहे चालक के पिता की ट्रॉली की टक्कर लगने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बेटे के द्वारा बैक करते हुए हुई घटना के बाद से चारों ओर हड़कम्प मच गया। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बसकटा निवासी श्याम लाल पुत्र सत्यनारायण ने पिछले महीने एक सेकेंड हैंड ट्रैक्टर खरीदा था। जिसे उसने दौतरा गांव के पास स्थित मां बिमला बिक्र फिल्ड पर लगा रखा था। उसके साथ उसका बेटा शिवम भी सहयोग करता था। सोमवार की दोपहर को वह भट्ठे पर ट्रैक्टर ट्रॉली पर कच्ची ईंटे लादकर शिवम भट्ठे में भराई के लिए लाया था। तभी ट्रैक्टर ट्रॉली बैक करते समय पीछे साइड बता रहे पिता को ट्रॉली की जोरदार टक्कर लग गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जांच पड़ताल की जा रही है।

आज आएंगी सांसद कई कार्यक्रमों में करेंगी शिरकत

सलोन, रायबरेली। लोकसभा चुनाव को लेकर सलोन विधान सभा के एक दिवसीय दौरे पर सांसद स्मृति जुबिन ईरानी मंगलवार को सलोन पहुंच रही हैं। अपने तय समय के अनुसार वह सुबह दस बजे लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पहुचेंगी। इसके बाद सड़क मार्ग से होते हुए सूची कस्बे पहुचेंगी। वहां सूची में कार्यकर्ता को सम्बोधित करेगी। इसके बाद जगदीश भवन पारी, झारखंडेश्वर मन्दिर, बसंतगंज बाजार में कार्यक्रम समापन के बाद दोपहर 3 बजे सलोन नगर के विशाल सिनेमा हॉल के बगल ग्राउंड में संसद का कार्यक्रम होगा। इसी कड़ी में राजापुर चकबीबी, कमालगंज बाजार, करहिया बाजार, लहुरेपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने के बाद सांसद अपने आवास मेदन मवई गौरीगंज जाएगी। विधायक अशोक कोरी ने बताया कि मंगलवार को सांसद पूरा दिन सलोन विधान सभा में रहेंगी और कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगी।

स्कूल में हुआ होली मिलन का कार्यक्रम

रायबरेली। रंग और प्रेम के पर्व होली के बाद एक होली मिलन का दौर चलता है जो लगभग एक माह तक चलता है। इस मिलन के तहत लोग एक दूसरे से सारे गिले शिकवे भुलाकर बधाई देते है। इसी तहत बछरावा के लोदीपुर उतरावा गांव में स्थित एसजीआईसी स्कूल में एक होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि विधायक व पूर्व मंत्री मनोज पांडेय रहे। लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह पर्व लोगों को एक दूसरे से जोड़ने का काम करता है। इस दौरान आयोजकों ने मुख्य अतिथि का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक अमित शुक्ला, अतुल शुक्ला, व्यवस्थापक संजय तिवारी, दीनू सिंह कोटेदार, अजय सिंह, कुलदीप सिंह, गुड्डू पंडित, साकेत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

नवोदय विद्यालय में बेबी का हुआ चयन

रायबरेली। जवाहर नवोदय विद्यालय में जीडी पब्लिक स्कूल की एक छात्रा का चयन होने पर शिक्षकों ने उसे बधाई दी। पिछले वर्ष भी इसी स्कूल के तीन बच्चे चयनित हुए थे। इस बार पूरे जिले में दो सीट थी जिसमें क्लास 9 में पूरे सूबेदार सारी मानिक की सुशील कुमार यादव की पुत्री व स्कूल की छात्रा बेबी यादव का चयन हुआ है। छात्रा के चयन पर शिक्षकों ने उसे स्कूल में सम्मानित किया।

दबिश देकर पुलिस ने बरामद की कच्ची शराब

संवाददाता, सिधौली, सीतापुर

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की दृष्टिगत को लेकर जिला आबकारी अधिकारी सीतापुर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जनपद सीतापुर के सिधौली के थाना कमलापुर अंतर्गत ग्राम सुजौलिया व गढ़ी में आबकारी विभाग की टीम ने दबिश देकर 60 लीटर कच्ची शराब बरामद की व लगभग 400 किलोग्राम लहन बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।इस दौरान टीम ने एक भट्ठी व कच्ची शराब बनाने के अन्य उपकरण बरामद किया।

आबकारी विभाग ने पांच के खिलाफ अभियोग दर्ज किया है। छापेमारी में आबकारी निरीक्षक अरुण कुमार, हेड कांस्टेबल विनय श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल संदीप सिंह, कांस्टेबल तसनीम अहमद व कांस्टेबल शुभम कुमार टीम मौजूद रहे।

दो बाईकों की भिड़त में दो लोगों की मौत

सदरपुर, अमृत विचार। थाना इलाके में सोमवार देर शाम दो बाईकों की आमने सामने भिड़न्त हो गई। हादसे में बाइक सवार दोनो चालकों की मौत हो गई है। पुलिस ने शवो को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा।

कस्बा निवासी मो ईशान पुत्र कलीम कुरैशी उम्र 15 वर्ष अपनी बाइक से बिसवां से काम निपटा कर वापस अपने घर आ रहा था। इस दौरान रामू पुत्र मुन्नीलाल उम्र 45 वर्ष निवासी इनायतपुर थाना सदरपुर जो अपनी बाइक से आवश्यक कार्य से तिलोकपुर जा रहा था। रास्ते में बिसवां सदरपुर रोड पर गंगेला के सामने दोनों बाइकें आमने सामने से टकरा गईं। जिससे दोनो बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों ने सूचना सदरपुर पुलिस और एंबुलेंस को दी। पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी बिसवां भेजा गया। जहां पर डॉक्टर ने दोनों घायलों को मृत घोषित कर दिया। मृतक रामू के तीन छोटे छोटे बेटे हैं। जबकि ईशान अपने तीनों भाइयों में सबसे छोटा था। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

हादसा

- आमने सामने भिड़न्त में हुआ हादसा,दो बाइक सवारों ने नही पहना था हेलमेट

रामू। (फाइल फोटो)

ईशान। (फाइल फोटो)

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

सरेनी, रायबरेली

अमृत विचार। सेमरी मोड़ पर सरेनी बाजार के दरियावखेड़ा मोड़ पर बीआरसी से पुस्तकें लेकर देवपुर जूनियर हाईस्कूल जा रहे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अजय श्रीवास्तव की बाइक सेमरी की ओर से आ रही कार से टक्कर हो गयी जिससे बाइक में सवार अजय की मौके पर ही मौत हो गयी। उसे एम्बुलेंस से पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरेनी भेजा किन्तु चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार चैनपुर मवइया जनपद उन्नाव के अजय श्रीवास्तव सरेनी क्षेत्र के देवपुर स्थित जूनियर हाईस्कूल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। आज वह बीआरसी कार्यालय में विद्यालय के बच्चों के लिए पुस्तकें लेने आया था, जैसे ही वह पुस्तकें लेकर सरेनी-सेमरी मोड़ पर पहुंचा तो उत्तर दिशा यानी सेमरी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार से टकरा गयी जिससे अजय की मौके पर ही मौत हो गयी। अजय श्रीवास्तव चैनपुर मवइया जनपद उन्नाव निवासी विश्वम्भर नाथ श्रीवास्तव का पुत्र है। उसकी मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

दुर्घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

शॉर्ट सर्किट से गेहूं की 20 बीघे फसल जलकर खाक

शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के भुइयन पुरवा मजरे रानीखेड़ा में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से करीब 20 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस दौरान खेतों में काम कर रहे किसानों एवं मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। भाजपा किसान मोर्चा के जिलामंत्री अखिलेश पटेल ने जिसकी सूचना शिवगढ़ पुलिस एवं फायर ब्रिगेड को दी।

सूचना मिलते ही शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए। किसानों ने इंजन एवं पम्पी सेट चलाकर जीन पाइपों एवं बाल्टियों की मदद से किसी कड़ी मसक्कत से आग पर काबू पाया। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक कृषक सहाबदीन पुत्र नरायन, रामखेलावन पुत्र गंगादीन, गुरु पुत्र गंगादीन, इंद्रपाल पुत्र चंद्रिका प्रसाद, सुन्दरलाल पुत्र रामदत्त, छत्रपाल पुत्र भवानी, रामदेव आदि किसानों की करीब 20 बीघे गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल सुशील शर्मा ने फसल जलने से हुए नुकसान का जायजा लेकर अपनी रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है।

आग से डेढ़ बीघे की गेहूं की फसल जलकर राख

सरेनी, रायबरेली। सोमवार को शार्ट सर्किट से लगी आग से दो किसानों की डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग काबू किया। थाना क्षेत्र के दूलापुर गांव के रहने वाले प्रमोद त्रिवेदी व गोवर्धन त्रिवेदी के खेतों के ऊपर से बिजली की हाई टेंशन लाइन गुजरी है। आज सुबह करीब 10 बजे अचानक शार्ट सर्किट से फसल पर सोलों की बरसात होने लगी। इससे गेहूं की पकी फसल में आग लग गई। घटना से अफरा तफरी मच गई। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी व अरहर के पेड़ों से आग बुझाने शुरू किया। तब आग शांत हुई लेकिन दोनों किसानों की 15-15 विस्वा फसल जल गई।

आयोजन शोरगुल और भीड़ के बीच पहचानना मुश्किल हुआ कौन कार्यकर्ता और पत्रकार

अव्यवस्थाओं के बीच संपन्न हुई भाजपा की प्रेस वार्ता

सीतापुर, अमृत विचार। सदर विधानसभा के भाजपा चुनाव कार्यालय पर सोमवार को आयोजित एक पत्रकार वार्ता दुश्वारियों के बीच संपन्न हुई। बड़े सभागार में आयोजित इस पत्रकार वार्ता में मीडिया कर्मियों से ज्यादा पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से पूरी पत्रकार वार्ता अव्यवस्थाओं से घिरी नजर आई। इस भीड़ में यह पहचानना मुश्किल हो रहा था कि कौन पत्रकार है और कौन पार्टी कार्यकर्ता है।

इसी हाल के एक किनारे पर पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रचार सामग्री का वितरण भी किया जा रहा था। जहां से आने वाला शोर भी मीडिया कर्मियों की मुश्किलों को बढ़ाता नजर आया। हैरत बात यह भी है कि पत्रकार वार्ता में सीतापुर संसदीय सीट के प्रत्याशी एवं मौजूदा सांसद राजेश वर्मा अनुपस्थित रहे। उनकी गैरहाजिरी में प्रदेश सरकार के नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु व जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने मोदी सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों व संकल्प पत्र के बारे में मीडिया कर्मियों को जानकारी दी।

नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने भाजपा के संकल्प पत्र को पढ़कर आगामी योजनाओं के विषय में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का मूल मंत्र लेकर भारत के उत्थान का कार्य कर रही है।

जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि गरीब परिवारों की सेवा की गारंटी, मध्यम वर्ग के विश्वास की गारंटी, मत्स्य पालक परिवार जन की समृद्धि की गारंटी, श्रमिकों के सम्मान छोटे व्यापारियों एवं विश्वकर्माओं का सशक्तिकरण, समृद्ध भारत की गारंटी नारी शक्ति के सशक्तिकरण की गारंटी युवाओं को रोजनगा के अवसर, वरिष्ठ नागरिकों को वरीयता, किसानों को सम्मान, सुशासन की गारंटी इस प्रकार हर क्षेत्र में विकसित भारत के निर्माण की इबारत लिख रही है। भारत की आंतरिक व्यवस्था मजबूत बन रही है।

चुनाव कार्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान मौजूद नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु व जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित पवन सिंह शिल्पी।

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि ने की लोगों के साथ बैठक

ग्राम बारा में लोगों से मिलते केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता।

परशदेपुर, रायबरेली। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने डीह व छतोह ब्लॉक में कई स्थानों पर बैठक कर लोगों से भेंट किया। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि ने छतोह विकासखंड के ग्राम सभा कांटा, बभनपुर, मेदापुर में लोगों के साथ बैठक की और ग्राम बारा में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह के आवास पर न्याय पंचायत के लोगों से भेंट किया। प्रधान संघ अध्यक्ष बृजपाल पासवान, भूपेंद्र सिंह, रमाकांत तिवारी, देवेश प्रताप सिंह, गोलू सिंह, अभय तिवारी आदि मौजूद रहे। उसके बाद विजय गुप्ता ने चेयरमैन विनोद कौशल के आवास व डीह ब्लॉक के जीडी पब्लिक स्कूल में लोगों से भेंट की। रजनीश पांडेय, रिंकू मिश्रा, गुलाब चंद्र वैश्य आदि मौजूद रहे।

अपनी ढपली अपना राग

लोगों को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। विकसित भारत की आकांक्षाओं का आधार ये संकल्प पत्र बनेगा। – योगी आदित्यनाथ

जिन्होंने अपने वादे पिछले दस वर्षों के राज में पूरे नहीं किए, वो भला भविष्य की गारंटी देने की बात कैसे कह सकते हैं। यह केवल धोखा है। – अखिलेश यादव

कांग्रेस की तरह वर्तमान सरकार भी जातिवादी हैं। पूरे देश में गरीबों, दलितों और मुस्लिमों का शोषण हो रहा है। – मायावती

पश्चिम उप्र. को अलग राज्य बनाने की बात अच्छी पर, उन्हें मौका नहीं मिलेगा। जनता ने मोदी को फिर से पीएम बनाने का मन बना लिया। – डॉ. संजीव बालियान, केंद्रीय मंत्री

पुलिस अधिकारी और कर्मचारी अपनी औकात में रहें। भाजपा के लिए काम करना बंद कर दें। –रुचि वीरा (मुरादाबाद से इंडी उम्मीदवार)

देश में बदलाव का माहौल है। चाहे वह राजनीति में रहें या न रहें, पर देश और देश के लोगों के लिए मेहनत करते रहेंगे। – रॉबर्ट वाड्रा

सपा और राजद का चुनावी घोषणा पत्र कंगाल बैंक के चेक जैसा: नन्दी

अमृत विचार, लखनऊ: सपा और राजद के चुनावी घोषणा पत्र, किसी कंगाल बैंक के चेक सरीखे हैं। बिना बुनियाद की इमारत बनाने के दावे और हवा-हवाई खोखले वादे किये गये हैं। दोनो पार्टियां जनता को मूर्ख समझने की भारी भूल कर रहे हैं। यह बात सोमवार को औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने अमेठी संसदीय क्षेत्र में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन अवसर पर कही।अमेठी संसदीय क्षेत्र के तिलोई, जगदीशपुर, गौरीगंज, अमेठी और सलोन विधानसभा क्षेत्र में भाजपा चुनाव कार्यालयों में उन्होंने कहा कि इनके घोषणा पत्र में मतदाताओं को भ्रमित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस, सपा और आरजेडी जैसी पार्टियों ने साझा घोषणा पत्र न जारी करके अपनी ढपली अपना राग अलापना यह साबित किया है।

नन्दी ने कहा कि इंडी गठबंधन की न तो नीति तय है और न ही नेता। एक अनार सौ बीमार वाली हालत है। ऐसे में इन दलों का अपना-अपना घोषणा पत्र कोढ़ में खाज की तरह है! उन्होंने सपा के घोषणा पत्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इनके घोषणा पत्र में, जैसे बैल यह दावा करे कि वह दूध देगा और मुर्गा यह वादा करे की वह अण्डा देगा ।गौरीगंज में नन्दी ने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल दलों में बिखराव साफ नजर आ रहा है। विपक्षी गठबंधन अपना एक साझा घोषणा पत्र तक नहीं जारी कर पाया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और इसकी बदौलत भाजपा उत्तर प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के साथ-साथ 400 पार के लक्ष्य को भी हासिल करने में सफल होगी।

वो भी क्या दिन थे जब फुटपाथ पर तैयार हो जाते थे नेताजी

30 साल पहले लकड़ी के खोखो में बिकती भी जनप्रतिनिधियों की ड्रेस

फाइव स्टार संस्कृति ने बढ़ा दिया नेताजी की वर्दी का खर्च

नीरज मिश्र,लखनऊ

अमृत विचार: अभी ज्यादा वक्त नहीं बीता, करीब तीन दशक पहले की ही बात है जब 'दारुलशफा' में नेताजी बाकायदा 'तैयार' किए जाते थे। उन्हें टीप टॉप नेता बनाने के लिए 50 से अधिक दुकानें विधायक निवास के विभिन्न ब्लॉक में बने 'गैराज' और 'सड़कों' पर मौजूद थीं। नेताजी इन्हीं 'टेलरिंग शॉप' में अपनी 'वर्दी'' सिलवाते थे। वहीं कपड़ा लिया टेलर मास्टर को नाप दिया और पैदल ही चल पड़े जनता के बीच। एक बार तन पर खादी पहनी तो रात तक शरीर से उतरने का नाम नहीं लेती थी। अब न टेलर के पास काम है और न ही छोटी-छोटी गुमटियों से कपड़ा खरीदने का चलन। अब नेता जी हाईटेक हो चुके हैं ब्रांडेड कपड़ों की पसंद अब वे खोखे पर नही सीधे शोरूम में जाकर करते हैं। केवल ब्रांडेड पैंट-शर्ट नहीं कोटी भी साथ में पसंद करते हैं। जाहिर सी बात है कि इसके साथ मैचिग पटका भी चाहिए।

बीते कुछ वर्षों में राजनीति का मिजाज पूरी तरह से बदल चुका है। पैठ बना चुकी 'फाइव स्टार संस्कृति' ने राजनीति में एक बड़ा बदलाव ला दिया है। अब जनप्रतिनिधियों का एक-दो जोड़ी ड्रेस से काम नहीं चलता है। रोज कम से कम चार बार सूट बदलते हैं। जनता से मिलने के लिए अलग और जनसभाओं एवं रोड शो के लिए अलग। पहले खादी थी। इनका स्थान अब महंगे और कीमती 'लेनिन' और ब्रांडेड वस्त्रों ने ले लिया है। एक बार की 'कड़क वर्दी' नेताजी की जेब से करीब पांच हजार रुपया तो आसानी से निकलवा ही लेती है। नेताओं के बदलते परिवेश और ड्रेस कोड पर एक रिपोर्ट।

लेनिन कपड़ा	रुपये प्रति पीस
शर्ट	1,800 से 2,100 रुपये
पैंट	1,500 से 1,800
कोटी	1,200 से 1,500

सेमी लेनिन कपड़ा	रुपये प्रति पीस
शर्ट	1,000 –1,500
पैंट	600 – 800
कोटी	1,000 –1,200

सिलाई	रुपये प्रति पीस
शर्ट	400– 450
पैंट	600–700
कोटी	800 –1,000

गिने-चुने लोग ही आते हैं नाप देने, 'टेलर मास्टर' का सम्मान अब गुजरे जमाने की बात

दशकों से दारुलशफा गैराज में दुकान चला रहे टेलर मो. शकील बताते हैं कि एक दौर था जब जनप्रतिनिधि आते और कपड़ा देखते। नाप देते और चलते बनते। तीन-चार दिन बाद पूरी ड्रेस तैयार कर उनके कमरे में भिजवा दी गई या फिर वे खुद आए और पहनकर चले गए। दूसरी और तीसरी जोड़ी एक अखबार में लपेट कर उन्हें थमा दी। न केवल वह उनके साथ कई बार पार्टी कार्यकर्ता भी अपनी नाप देकर कपड़ा सिलवा लेते थे।''मास्टर'' कह कर हमें सम्मान भी दिया जाता था।अब वह दिन नहीं रहे, फैशन और कीमती कपड़ों और डिजाइनों का दौर है। बस गिने-चुने लोग ही कपड़ा सिलवाने आते हैं। इन्हीं के सहारे धंधा चल रहा है। अली मोहम्मद कहते हैं कि अब उतनी आमदनी नहीं है। बस कुछ लोगों के सहारे ही धंधा किसी तरह आगे बढ़ रहा है।

कड़क वर्दी तैयार करने पर रोज 150 रुपया खर्च

जब लेनिन के कड़क सूट और इसमें कलफ लगी पैंट, शर्ट, कॉटन कोटी और पटका। इसे घर में धोया जाना आसान काम नहीं। लांड्री धुलाई कल्चर पर रोज एक सूट पर करीब 150 रुपया व्यय होता है। यानी चार से पांच सूट अगर धुलने गए 600 से 750 रुपया रोज का औसतन खर्च। अगर 24 से 48 घंटे में धुलाई चाहिए तो यह व्यय बढ़कर दोगुना हो जाता है।

20 से 30 फीसद महंगी हुई नेताजी की लेनिन ड्रेस

लेनिन का एक सूट कपड़ा लेकर सिलवाया तो 5,000 रुपये खर्च : उप्र.कपड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक मोतियानी और लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कपड़ा व्यवसायी प्रभू जालान बताते हैं कि लोक सभा चुनाव की घोषणा के साथ ही लेनिन वस्त्रों की मांग तेज हो गई है। एक तो बढ़ती गर्मी और दूसरे नेताओं का पसंदीदा रंग सफेद कपड़ा काफी महंगा हो गया है। पहले लेनिन कपड़ों पर तेजी 20 फीसद के आसपास रही जो अब बढ़कर 25 से 30 प्रतिशत तक हो गई है। रेडीमेड और ब्रांडेड का भाव अलग है। ब्रांडेड लेनिन कपड़ों का शूट हजारों का बैठता है। पटका तक डिजाइनर चाहिए। सत्ता पक्ष से जुडे.हैं तो सफेद के अलावा गुलाबी और नारंगी रंग पसंदीदा। सफेद रंग सभी दल के लोग पहनते हैं।

कुर्ता पैजामा सिलवाने आये युवक की नाप लेते शकील।

दारुलशफा में नेताओं के कपड़े सिलते अली मोहम्मद।

सोशल इंजीनियरिंग में फंसी बीजेपी

बसपा ने उदय राज वर्मा और सपा ने राम भुआल निषाद को मैदान में उतारा

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

अमृत विचार: लगातार तीसरी बार सुलतानपुर लोकसभा सीट जितने का मंसूबा पाले बैठी बीजेपी को बीएसपी ने बड़ा झटका दिया है। सोशल इंजीनियरिंग को साध कर बीएसपी ने कुर्मी वोट बैंक में सेंधमारी का प्रयास किया है। बीएसपी ने सुलतानपुर से युवा नेता व जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। आम तौर पर पिछले चुनाव में कुर्मी वोट बैंक बीजेपी के लिए जिताऊ साबित हुआ था। वहीं, निषाद वोट भी बीजेपी से खिसकता दिख रहा है। क्योंकि, सपा ने पहले घोषित भीम निषाद को वापस बुलाकर यहां अपने कद्दावर नेता राम भुआल निषाद को प्रत्याशी बनाकर बीजेपी को उसी की मांद में घेरने की कोशिश की है।

भारतीय जनता पार्टी ने सुलतानपुर में फिर से मेनका गांधी को अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा हैं। 2014 में यहां पर वरुण गांधी ने कमल खिलाया था तो 2019 में उनकी मां मेनका संजय गांधी ने इस सीट को भाजपा के पाले में डाल दिया था। लंबी जद्दोजहद के बाद भाजपा ने मेनका गांधी को यहां दोबारा मौका दिया है। वह चुनाव मैदान में मजबूती से उतर पड़ी हैं।

सबसे मजबूत माने जाने वाले भाजपा व उसके संगठनों ने चुनावी तैयारियों में ताकत झोंक दी है। पार्टी के नेता व कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए घर-घर पहुंच रहे हैं और अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा दिए हैं। सुलतानपुर में छठवें चरण में 25 मई को होने वाले चुनाव में अभी काफी समय है। जैसे जैसे चुनाव तिथि नजदीक आएगा वैसे वैसे सुलतानपुर की चुनावी सरगर्मी अपने उफान पर होगी।

पांच विस में चार पर भाजपा, एक पर सपा का कब्जा: सुलतानपुर जिले की कुल पांच विधानसभा सीटों में वर्तमान में चार पर भाजपा और एक पर सपा का कब्जा है। सुलतानपुर सीट से भाजपा के विनोद सिंह, लंभुआ सीट से भाजपा के सीताराम वर्मा, जयसिंहपुर सदर सीट से भाजपा के राज बाबू उपाध्याय, कादीपुर सुरक्षित सीट से भाजपा के राजेश गौतम और इसौली सीट से सपा के मोहम्मद ताहिर खान विधायक हैं।

चुनेंगे अपना सांसद: जिले की पांचों विधानसभाओं में मिलाकर कुल 18,34,355 मतदाता है। इनमें 9,54,358 पुरुष तो 8,79,932 महिला वोटर शामिल हैं। 65 ट्रांसजेंडर मतदाता है। इनमें युवा मतदाता ही निर्णायक होंगे। 18 से 19 साल के 22,819 तो 20 से 39 साल के 8,28,479 वोटर्स है। इस वर्ग के ज्यादातर मतदाता बूथ तक पहुंचते है और निर्णायक बनते हैं।

ऐसा था परिणाम

2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी चार लाख 58 हजार 281 मत पाकर विजयी हुई थीं। सपा-बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ने वाले चंद्रभद्र सिंह सोनू को चार लाख 44 हजार 422 वोट मिले थे, जबकि पूर्व मंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी अमीता सिंह को महज 41 हजार 588 मतों से संतोष करना पड़ा था। इस बार अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि हाईकमान जिसे भी टिकट देगा, उसी के लिए पूरे तन-मन से लगेंगे।

बसपा: सुलतानपुर सीट पर दो बार सांसद दे चुकी बहुजन समाज पार्टी ने इस बार भी सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को दोहराया है। आंबेडकर जयंती के अवसर पर यहां पहुंचे बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने उदराज वर्मा को प्रत्याशी घोषित कर दिया। साफ-सुथरी छवि, युवा चेहरा और जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा बसपा के मूल वोट के साथ कुर्मी बिरादरी को अपने पाले में लाने के लिए पूरा दम लगा देंगे। जबकि, भाजपा के जिलाध्यक्ष डा. आरए वर्मा व लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा है। इस लिहाज से यहां का कुर्मी वोटर भाजपा का वोट बैंक माना जाता रहा है। यदि उदराज अपनी बिरादरी का वोट बसपा के पाले में लाने में कामयाब होते हैं तो भाजपा को नुकसान होना तय है।

सपा: अमेठी से सटी सुलतानपुर सीट कांग्रेस के लिए खास मानी जाती रही है। फिर भी यह सीट इस बार इंडी गठबंधन में समाजवादी पार्टी के खाते में चली गई है। अब तक सुलतानपुर में साइकिल जीत का स्वाद नहीं चख सकी है। कई बार नजदीकी मुकाबला होने के बाद भी सपा यहां पर जीत नहीं हासिल कर सकी। बीते दिनों सपा ने अंबेडकरनगर के मूल निवासी भीम निषाद को उम्मीदवार बनाकर भेजा था। जब से भीम यहां प्रत्याशी बने थे सपा संगठन दो धड़ों में बंट गया था। दबाव इस कदर पड़ा कि सपा शीर्ष शीर्ष नेतृत्व ने यहां का प्रत्याशी रविवार की शाम बदल दिया। सपा मुखिया ने भीम निषाद को वापस बुलाकर अब गोरखपुर के मूल निवासी राम भुआल निषाद को यहां का प्रत्याशी बना दिया है। राम भुआल का निषाद समाज में अच्छी पकड़ मानी जाती है। वह गोरखपुर में सीएम योगी के खिलाफ भी चुनाव लड़ चुके हैं। जिले का निषाद समुदाय का वोट पिछले चुनाव में काफी हद तक भाजपा का रहा था। ऐसी स्थिति में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि निषादों का कितना वोट सपा प्रत्याशी अपने पाले में ला पाएगा।

लोकसभा सीट का इतिहास

सुलतानपुर लोकसभा सीट के इतिहास पर नजर डाले तो वर्ष 1952 में एम.ए. काजमी उर्फ काजिम अली एडवोकेट पहली बार कांग्रेस सांसद चुने गए। 1957 में गोविंद मालवीय, इनकी मृत्यु के बाद हुए उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार बाबू गनपत सहाय सांसद बने थे। वर्ष 1962 में कांग्रेस से उनके पुत्र कुंवर कृष्ण वर्मा सांसद बने। 1967 में बाबू गनपत सहाय ने जीत हासिल की थी। उनकी मृत्यु के पश्चात हुए 1969 में हुए उपचुनाव में चौधरी चरण सिंह की बीकेडी से पं. श्रीपति मिश्र सांसद बने, उन्होंने महज 249 वोटों से कांग्रेस के डा. कैलाश नाथ सिंह को हराया था। यह सुलतानपुर सीट के इतिहास का सबसे नजदीकी मुकाबला रहा है। 1970 में कांग्रेस से केदारनाथ सिंह, 1977 से जनता पार्टी के जुल्फिकार उल्ला, 1980 में कांग्रेस के गिरिराज सिंह, 1984 में कांग्रेस से राजकरन नाथ सिंह, 1989 में जनता दल से राम सिंह, 1991 में बीजेपी का खाता इस सीट पर खुला और अयोध्या के महंत विश्वनाथ दास शास्त्री सांसद बने। 1996 व 1998 में बीजेपी के डीबी राय, 1999 बसपा के जयभद्र सिंह, 2004 में बसपा के मो. ताहिर खान, 2009 में कांग्रेस से डा. संजय सिंह यहां के सांसद बने। 2014 में भाजपा के वरुण गांधी और 2019 में भाजपा से वरुण गांधी की मां मेनका संजय गांधी सांसद चुनी गई।

आईना : सुलतानपुर लोकसभा सीट

2019 चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
मेनका संजय गांधी	4,58,281
चन्द्र भद्र सिंह	4,44,422
अमिता सिंह	4,1,588

2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	वरुण गांधी	4,10,348
बसपा	पवन पांडेय	2,31,446
सपा	शकील अहमद	2,28,144
कांग्रेस	अमिता सिंह	41,983

2019 नोटा	2014 नोटा
9,771	5,412

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	डॉ. संजय सिंह	3,00,411
बसपा	मोहम्मद ताहिर	2,01,632
सपा	अशोक पांडेय	1,07,895
बीजेपी	सूर्यभान सिंह	44,425

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952	एम.ए. काजमी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	गोविंद मालवीय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1961	गनपत सहाय	निर्दलीय
1962	कुँवर कृष्ण वर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	गणपत सहाय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1971	केदार नाथ सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	जुल्फिकारुल्ला	जनता पार्टी
1980	गिरिराज सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	राज करण सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	राम सिंह	जनता दल
1991	विश्वनाथ दास शास्त्री	भारतीय जनता पार्टी
1996व 98	देवेन्द्र बहादुर राय	भारतीय जनता पार्टी
1999	जय भद्र सिंह	बहुजन समाज पार्टी
2004	ताहिर खान	बहुजन समाज पार्टी
2009	संजय सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014	वरुण गांधी	भारतीय जनता पार्टी
2019	मेनका गांधी	भारतीय जनता पार्टी



कुल मतदाता- 18,34,355

पुरुष मतदाता- 9,54,358

महिला मतदाता- 8,79,932

निर्दल प्रत्याशियों पर नोटा पड़ रहा भारी

2014 में लोकसभा चुनाव में पहली बार नोटा को किया गया था लागू

लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनावों में भी दिख रहा असर

इस लोकसभा चुनाव में भी हो सकता है इजाफा

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव 2014 में देश में पहली बार नोटा को लागू किया गया था, इसके बाद से चुनाव में वोटिंग के ट्रेंड में बड़ा बदलाव देखने को मिला है, इसके तहत यदि मतदाता को चुनाव में खड़ा कोई भी प्रत्याशी योग्य नहीं समझ में आता है तो वह नोटा बटन दबाकर अपना मत दे सकता है। ऐसे में बात यदि बीते दो चुनाव में नोटा के ट्रेंड की कर लें तो, यूपी की सियासत में नोटा बढ़ता हुआ दिखाई दिया है, देवीपाटन मंडल में भी इसका व्यापक असर है जहां 2014 व 2019 लोकसभा चुनाव में सभी निर्दल उम्मीदवारों से अधिक नोटा पर मतदान हुआ।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में गोंडा, कैसरगंज, बहराइच व श्रावस्ती सीटों के लिए हुए चुनाव में 47926 नोटा के वोटों की गिनती हुई थी। वहीं 2019 में 51883 लोगों ने नोटा के बटन दबाए थे। यानि 2014 के मुकाबले 2019 में नोटा की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में माना जाए तो नोटा की संख्या में इस बार भी इजाफा हो सकता है। हालांकि चुनाव के बाद ही पता चलेगा।

2019 के चुनाव में नोटा के आंकड़े



2014 में नोटा की स्थिति

श्रावस्ती	– 14,587
बहराइच	– 13,498
कैसरगंज	– 11,853
गोंडा	– 7,988

2013 में ईवीएम में मिला स्थान

पीपुल्स यूनियन आफ सिविल लिबर्टीज(पीयूसीएल) संगठन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। इसमें सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को नागरिकों के अधिकार का हवाला देते हुए यह आदेश पारित किया था कि चुनाव के दौरान यह आप्शन रखा जाए जिसमें किसी प्रत्याशी के पसंद न आने पर लोगों को विकल्प मिल सके। 2013 में सरकार ने ईवीएम में सबसे नीचे एक लाल रंग की बटन की व्यवस्था की जिसका नाम नोटा(नन आफ एवब) यानि इनमें से कोई नहीं का विकल्प दिया गया। इसका असर 2014 के लोकसभा व अन्य विधानसभाओं के चुनाव में खूब दिखा।

सभी निर्दल उम्मीदवारों को नोटा से कम मिले वोट

लोकसभा चुनाव 2014 में गोंडा लोकसभा में 14 उम्मीदवार थे। इसमें आठ उम्मीदवारों को नोटा से कम मत प्राप्त हुए थे। 2019 में 15 उम्मीदवार मैदान में थे जिनमें 12 उम्मीदवारों को नोटा से कम मत प्राप्त हुए थे। इसी तरह कैसरगंज सीट से 2014 में 14 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें 10 उम्मीदवारों को नोटा से कम वोट मिले थे। 2019 में 12 उम्मीदवारों में 9 प्रत्याशियों को नोटा का आधा वोट भी नहीं मिला था। यही हाल बहराइच व श्रावस्ती में था। श्रावस्ती में 2019 में 17 हजार से अधिक नोटा का प्रयोग किया गया था।

लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट से मुकेश सिंह चौहान कांग्रेस प्रत्याशी

अमृत विचार, लखनऊ। विधानसभा की खाली सीटों पर उप चुनाव के तहत कांग्रेस ने लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट से मुकेश सिंह चौहान प्रत्याशी घोषित किया है।

मुकेश सिंह चौहान नगर निगम के पार्षद व प्रदेश कांग्रेस के महासचिव हैं। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डॉ अलीमुल्लाह खान ने कहा कि एक लोकप्रिय प्रत्याशी घोषित होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ पूरे विधानसभा में आम लोगों में उत्साह है।

उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में जीत हासिल करेगी। मालूम हो कि भाजपा नेता पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन के निधन के कारण यह सीट खाली हुई थी। भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा की खाली चार सीटों लखनऊ पूर्वी, दुद्धी, ददरौली व गैसड़ी शामिल हैं।

चुनावी चक्कर

अखिलेश के पोस्टर के साथ शर्मनाक हरकत :

वाराणसी में एक शख्स ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के पोस्टर के साथ शर्मनाक हरकत की। यहां तक कि अपनी अभद्र भाषा का शिकार वह अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को भी बनाता है। उसने फेसबुक पर लाइव आकर यह हरकत की। घटना का वीडियो वायरल हुआ तो सपा के पदाधिकारियों ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज करायी। आरोपी की पहचान दीपक चौहान उर्फ बड़ेलाल चौहान के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 504 और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

हे 'राम' आपने भी बोल दिया? :

लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाओं का बाजार भी गरम है। कोई संविधान खत्म करने की बात कर रहा तो कोई बदलाव की। अयोध्या से भाजपा सांसद लल्लू सिंह के बाद अब मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल का भी संविधान में बदलाव करने का एक वीडियो वायरल हुआ है। अरुण गोविल पत्रकारों से कह रहे हैं, जब संविधान बनाया गया था उस समय परिस्थितियां कुछ और थीं, आज की कुछ और हैं। इसके बाद पत्रकारों ने अरुण गोविल से भाजपा के 400 पार वाले नारे पर सवाल किया। इस पर अरुण गोविल बोले- मुझे ये महसूस होता है क्योंकि मोदी जी ऐसे ही कोई बात नहीं कहते हैं, उसके पीछे कोई न कोई अर्थ जरूरत होता है।

धर्म दर्शन

मर्यादा और अनुकरणीय

गुणों के स्वामी श्रीराम

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम भारतीय जनमानस में बसते हैं। इतिहास का कोई पृष्ठ नहीं जहां श्रीराम का प्रभाव न हो, समाज का कोई वर्ग नहीं, जो राम भक्ति से अछूता हो। यहां पिछले सहस्त्र वर्षों से आज तक जनता यदि किसी आदर्श शासनतंत्र को जानती है तो वो है रामराज्य। राम शक्ति की मर्यादा भी जानते हैं और अपनी शक्ति से दूसरे के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण नहीं करते। इसीलिए राम मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाते हैं। श्रीराम सत्य में धर्म की मूर्ति के समान हैं।

'सत्ये धर्म इवा पर' भगवान श्रीराम को वाल्मीकि ने धर्म का मूर्त रूप कहा है- रामो विग्रहवान् धर्मः। धर्म तो निराकार है, किंतु यदि उसकी मूर्ति की कल्पना की जाए तो श्रीराम के समान वह मूर्ति होगी। इसी बात को यहां कहा गया है। वे सभी शास्त्रों के तत्व को जानने वाले। सर्वशास्त्रार्थ तत्वज्ञ वे श्रीराम सभी उत्कृष्ट गुणों से संपन्न हैं। स च सर्वगुणोपेत वैशेषिक दर्शन में 24 गुण माने गए हैं। सभी का समावेश श्रीराम में है। भगवान श्रीराम का धैर्य हिमालय के समान है, जिस प्रकार हिमालय कभी अपने स्थान से हिलता-डुलता नहीं है, उसी प्रकार भगवान श्रीराम कभी विचलित नहीं होते हैं। भगवान राम विषम परिस्थितियों में भी नीति सम्मत रहे। उन्होंने वेदों और मर्यादा का पालन करते हुए सुखी राज्य की स्थापना की। स्वयं की भावना व सुखों से समझौता कर न्याय और सत्य का साथ दिया। फिर चाहे राज्य त्यागने, बालि का वध करने, रावण का संहार करने या सीता को वन भेजने की बात ही क्यों न हो। भगवान श्रीराम संपूर्ण संसार को अपने वश में करने वाले हैं। भगवान राम का व्यक्तित्व भी अनुपम था। महर्षि वाल्मीकि ने उनके व्यक्तित्व का वर्णन करते हुए लिखा है, 'उनका चेहरा चंद्रमा के समान सौम्य, कांतिवाला, कोमल और सुंदर था। उनकी आंखें बड़ी और कमल के समान थीं। उनकी नाक उन्नत और चेहरे के अनुरूप सुडौल थी। उनके होंठों का रंग उगते हुए सूर्य की तरह रक्ताभ था। वह विद्वान, बुद्धिमान और अच्छे वक्ता थे। संपूर्ण विद्याओं में पारंगत और वेदों के ज्ञाता थे। शस्त्र विद्या में वे अपने पिता से भी आगे थे, उनकी स्मरण शक्ति अद्भुत थी। कोई कितना भी प्रयास कर ले, उन्हें कभी क्रोध नहीं आता था।' ये राम के आदर्श गुण ही हैं, जो सदियों से हमारी संस्कृति के नायक हैं। भगवान श्रीराम की प्रतिज्ञा सत्य होती है। उनकी प्रतिज्ञा है कि "सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते। अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद् व्रतं मम।।" अर्थात् जो कोई एक बार भी मेरी शरण में आ जाता है और याचना करता है कि मैं आपका हूं तो उसे मैं सभी प्राणियों के भय से मुक्ति दिलाता हूं। भगवान की यह प्रतिज्ञा सत्य है, इसलिए उन्हें सत्यसंधः कहा गया है।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

शीलगुण निधान मर्यादा पुरुषोत्तम

चक्रवर्ती राजा दशरथ के महल (अयोध्या) में धरती का समस्त वैभव विद्यमान था। फिर भी वे मन ही मन निस्संतान होने के दुख में डूबे रहते थे। दंपति की सारी संपदा ढेले के समान है। यदि घर में बच्चों की किलकारी की मिसरी घुली गूंज न हो। थोड़ी कल्पना कीजिए, राजा दशरथ और तीनों माताओं को महल का वह ऐश्वर्य, सुख-भोग-विलास उनके मन से कितना उत्साहित कर पाता होगा।

मर्यादा मानवोत्तम श्रीराम ने पुत्ररूप में जन्म (अवतरण) लेकर इसी इक्ष्वाकु वंशी अयोध्या नरेश दथरथ के राजमहल के सूनेपन को किलकारियों से भर दिया। इस निमित्त के अनेक गूढ़ार्थ को ज्ञानीजन भलीभांति समझते हैं। चौथेपन में पुत्र-प्राप्ति के लिए पुत्रेष्ठि यज्ञ फलीभूत हुआ किया, किंतु श्रीहरि के विशायकाय रूप को देखकर कौशल्या का अचरज से भर जाना स्वाभाविक था। हे प्रभु! वात्सल्य-स्नेह की पूर्णता इसी में है कि आप मेरे गर्भ से जन्म लीजिए। मैं प्रसव पीड़ा के सुख के लिए वर्षों से तरस रही हूं। माता कौशल्या की मनौती पूरी हुई। नवजात शिशु रूप में रामलला चैत्र मास के शुक्ल पक्ष, तिथि नवमी पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न की शुभ मुहूर्त बेला में श्रीराम सहित चारों भाइयों के जन्मते ही कौशल्या के अलावा कैकेयी और सुमित्रा की सूनी गोद भी भर गई। चैत्र नवरात्रि के पवित्र दिवस (नवमी) शक्ति उपासना-आराधना के विराम का भी होता है। यही दिवस प्रभु राम के जन्म का भी है। तीनों लोक सहित अयोध्या, इस जन्मोत्सव पर इस भांति आनंदमग्न हो गई जैसे वहां के प्रत्येक घर में राम पैदा हुए हों। राजा दशरथ ने आदेश दिया कि प्रत्येक पुरवासी के घर को महल जैसा सजा दिया जाए। पथ फूलों से पाट दिए जाए। राजा और रानियों ने तो नेकचार के रूप में हीरे-जवाहरात, माणिक, मोती बांटे। महल में मैय्या कौशल्या सहित दो अन्य माताएं क्रमशः कैकेई से धर्मधुरीण-भरत और सुमित्रा से साक्षात शेषनाग अवतार लक्ष्मण और शत्रुओं का दमन करने वाले सबसे छोटे और सबके दुलारे भैया शत्रुघ्न ने जन्म लिया था। श्रीराम सहित अनुजों के बालपन की अगणित बालसुलभ चेष्टाओं से दशरथ महल का कोना-कोना पुलकित हो गया।

संतोष कुमार तिवारी
शिक्षक, नैनीताल

गुरु वशिष्ठ से दीक्षित श्रीराम कालांतर में आज्ञाकारी, शांत स्वभाव, आजानुबाहु, विशाल वक्ष और धीरोदात्त नायक के समस्त गुणों से संपन्न चर्चा में तब आए, जब यज्ञ-रक्षा हेतु राम और लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ राजा जनक की पुत्री सीता के स्वयंवर (विवाह) में जनकपुर पहुंचे और शिव-पिनाक भंग कर सियावर रामचंद्र कहलाए। वे आजीवन पिता, पुत्र, पति, भाई, सखा व प्रजा सहित समस्त प्राणी मात्र के प्रति समदर्शी, समर्पित व उदारमना महापुरुष के रूप में जाने जाते रहे। जीवन को साक्षी भाव से तटस्थ मुद्रा में देखते हुए कर्तापन और उपलब्धि का श्रेय लेने की दौड़ से वे हमेशा दूर रहे। राम द्वारा शिव धनुष पिनाक के भंग हुआ, तब परशुराम के क्रोध से विचलित हुए बिना हाथ जोड़कर अपना परिचय देते हुए कहा मेरा दो अक्षर का नाम राम है और आप परशुराम। मुझे अपना सेवक मानकर आज्ञा दीजिए।

कैकेई के दो वरदान जिनमें स्वयं के लिए वनगमन का समाचार सुन श्रीराम मुस्काते हुए तैयार हो गए तथा सबसे पहले आशीर्वाद लेने माता कैकेई के ही पास पहुंचे। अपनी इन्हीं अगणित विशिष्टताओं के फलस्वरूप ही तो वे शीलगुण निधान मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाते हैं।

यह रामनवमी (17 अप्रैल) कई दृष्टि से विशिष्ट हैं। आज पांच सौ वर्षों के अंतराल पर अयोध्या राजा विक्रमादित्य की अयोध्या नगरी के समान दिव्य-भव्य और नव्यता को प्राप्त हो गई है। राम मंदिर में बालरूप में श्रीराम (रामलला) विराज रहे हैं। उनकी एक झलक पाने के लिए प्रतिदिन देशभर से श्रद्धालु श्रीधाम अयोध्या पहुंच रहे हैं। अपने खोए हुए वैभव को पुनः प्राप्त कर आज अयोध्या नगरी की वीथियां मोगरा सदृश्य फूलों से पटी पड़ी हैं। रामजन्म पर गाए जाने वाले सुमंगल गीत सोहर की अनुगूंज चारो दिशाओं में विद्यमान हैं।

ब्रह्म का महत्व

ब्रह्म ह देवेभ्यो विजिग्ये। तस्य ह ब्रह्मणो विजये देवा अमहीयन्त।। 'ह' शब्द यहां इतिहास अर्थात् ऐसा कहा जाता है के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। कहते हैं कि ब्रह्म ने देवताओं के लिए देवासुर संग्राम में विजय प्राप्त की। ब्रह्म की इस विजय में देवता गण अपनी विजय मानकर स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करने लगे। देवासुर संग्राम में परब्रह्म पुरुषोत्तम ने देवों पर कृपा करके उन्हें शक्ति प्रदान की थी जिससे देवताओं ने असुरों पर विजय पाई थी। इस विजय में देवता तो निमित्तमात्र थे, परंतु इस ओर देवताओं का ध्यान नहीं गया और वे अभिमान वश यह मानने लगे कि हमने ही अपने बल व पौरुष से असुरों को पराजित किया है।

तद्धैषां विजज्ञौ तेभ्यो ह प्रादुर्वभूव तन्न व्यजानत किमिदं यक्षमिति।। कहते हैं कि वह ब्रह्म देवताओं के इस अभिप्राय को जान गया और उनके सामने यक्ष के रूप में प्रकट हुआ। देवता लोग यह न जान सके कि यह भव्य मूर्ति कौन है? समस्त जीवों के मन एवं इंद्रियों के प्रेरक अंतर्यामी परमब्रह्म ने देवताओं के मिथ्याभिमान को जान लिया। उन्हें आशंका हुई कि कहीं असुरों के समान देवगण भी अपने मिथ्याभिमान के कारण पतन को न प्राप्त हो जाएं। अतः देवताओं पर कृपा करके उनका मिथ्याभिमान दूर करने के लिए अपनी योगमाया से अत्यंत अद्भुत रूप धारण करके वह परब्रह्म उन्हीं देवताओं के समक्ष यक्ष के रूप में प्रकट हुए। देवता यह नहीं जान सके कि यक्ष रूप में प्रकट यह महापुरुष कौन हैं। अग्नि, वायु, इन्द्र आदि देवता चकित हो उसे देखते रहे। जातवेदा अग्निदेव को सबसे अधिक बुद्धिमान जानकर देवताओं ने उन्हें यक्ष के पास भेजा। यक्ष ने अग्निदेव से पूछा, आप कौन हैं? आपकी विशेषता क्या है? अग्निदेव ने कहा कि वे जातवेदा हैं, किसी भी वस्तु को जला सकते हैं। तब यक्ष ने उनके सामने एक तिनका रख दिया और कहा कि इसे जलाओ। अग्निदेव अपनी पूरी ताकत लगाकर उस तिनके को जला न सके और लज्जित होकर वापस चले आए। तत्पश्चात वायुदेव उस यक्ष के पास गए। उनका परिचय पाकर यक्ष ने उसी तिनके को उनके सामने रख दिया और उसे उड़ाने को कहा, लेकिन अपनी पूरी शक्ति लगाने के बावजूद वायुदेव उस तिनके को हिला तक नहीं सके।

इसके बाद जब इन्द्र स्वयं उस यक्ष के पास गए तो इन्द्र को लज्जाजनक स्थिति से बचाने के लिए वह यक्ष वहीं अदृश्य हो गया। इन्द्र उस यक्ष के बारे में काफी देर तक सोचते रहे। इस बीच वहां एक देवी प्रकट हुईं। उन्होंने अपना परिचय उमा के रूप में दिया और बताया कि सर्वशक्तिमान ब्रह्म ही देवताओं का मिथ्याभिमान दूर करने के लिए यक्ष के रूप में प्रकट हुआ था। इतना कहकर वह देवी वहीं अंतर्ध्यान हो गईं। ब्रह्म का परिचय उसकी शक्ति है। शक्ति के बिना शक्तिमान कैसा? इकारांत 'इ' के बिना शिव शव हो जाता है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

संपूर्ण जगत की ईश्वरी हैं मां ललिता

त्रिपुरसुंदरी मां ललिता जिसमें सृष्टि का सारा सौंदर्य समाहित है उनकी उपासना में श्रीचक्र की आराधना का विधान है। श्रीचक्र एक ऐसा विज्ञान है, जो बिंदु, त्रिकोण, वलय रेखा और दल के माध्यम से संपूर्ण ब्रह्मांड की सृष्टि, स्थिति और लय के साथ विग्रह और अनुग्रह की विवेचना प्रस्तुत करता है। मानव शरीर एक श्रीचक्र है, जो ब्रह्मांड में है, वही पिंड में है। श्रीचक्र के नौ आवरण मानव शारीर के नवद्वार हैं। मां भक्ति से पूर्ण साधक की गुरु की भांति संरक्षण भी करती है और जीवन को संतापों से मुक्त भी करती है।

मां ललिता की उपासना प्रेम, आनंद एवं सौंदर्य के नैसर्गिक भावों से परिपूर्ण रहती है। आसुरी तत्वों का विनाश मां क्रोध और ज्ञान द्वारा नहीं करती, बल्कि भक्ति की आह्लादिनी शक्ति द्वारा मधुर भाव से परिपूर्ण शुद्ध सात्विक रूप से आसुरी शक्ति को निष्क्रिय कर पराजित करती है। शक्ति संगम तंत्र में उल्लेख है कि "कदाचिदाद्या ललिता पुरुषा कृष्ण विग्रहा" अर्थात् किसी समय श्रीमां ललिता ने ही कृष्ण रूपी पुरुष का रूप धारण किया था। "ममैव पौरुषं रूपं गोपिका जन मोहनं" अर्थात् गोपियों के हृदय को मोहित करने वाला कृष्ण ललिता का ही रूप है। श्रीविद्या की साधना गोपी भाव से ही करना चाहिए।

श्रीमां ललिता त्रिपुरसुंदरी सुंदरतम मूल्यों की देवी हैं। शोभा, विलास, मधुरता, गंभीरता, स्थिरता, तेज, सौंदर्य और उदारता का गुण प्रदान करती हैं। तंत्र चूड़ामणि में कहा गया है कि बावन शक्तिपीठों में, प्रयाग भी एक प्रमुख शक्तिपीठ है, जहां सती की हस्तांगुल गिरी थी, "अन्गुल्यश्चैव हस्तस्य प्रयागे ललिता भव्"। संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी के अनुसार सती की हस्तांगुल यमुना तट पर गिरी जिससे महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती के समन्वित स्वरूप में राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मां ललिता का प्रादुर्भाव हुआ। शक्तिपीठ का प्रमुख केंद्र कालिंदी तट मीरपुर में स्थित है।

वस्तुतः प्रयाग शाक्तक्षेत्र भी रहा है। प्रयागे तू ललिता के त्रिकोण में मां ललिता का एक बिंदु मीरापुर है। दूसरा बिंदु कल्याणी देवी हैं तो तीसरे बिंदु पर मां अलोप्शंकरी के रूप में विराजमान है। प्रयाग क्षेत्र में मां ललिता ही शांतादेवी के रूप में श्रृंगवेरपुर में विराजमान है तो ऐन्द्रीदेवी के रूप में सैदाबाद के समीप दुर्वासा ऋषि के आश्रम के समीप प्रतिष्ठित हैं। मां ललिता इमलियन देवी के रूप में यमुना के किनारे वास करती हैं तो खेमामाई के रूप में नगर में तथा मांडवी देवी के रूप में मांडा में निवास करती हैं।

मां ललिता ही संपूर्ण जगत की ईश्वरी हैं, विश्व ऊर्जा के रूप में विचरण करने वाली, संपूर्ण प्राणियों के के शरीर में जीव रूप में निवास करती हैं। ब्रह्मांड के शिरोभाग पर स्थित द्युलोक का जन्म मां ललिता से ही हुआ है। मां ललिता से ही प्रकृति पुरुषात्मक सद्रूप और असद्रूप जगत उत्पन्न हुआ। नमो देव्यै महा देव्यै शिवाय सततं/नमः नमः प्रक्रत्यै नियतः प्रणताः स्मताम।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

प्रदेश

नमक मोदी की मेहरबानी नहीं आपके टैक्स का पैसा : मायावती

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को आयोजित जनसभा में कहा कि देश में कुछ समय से अति गरीब परिवारों को अस्थायी तौर पर फ्री में जो थोड़ी सी खाद्य सामग्री दी जा रही है। उससे भला होने वाला नहीं है। ये भी पता चला है कि चुनाव के दौरान भाजपा, आरएसएस के लोग गांव-गांव जाते हैं। अपना थैला लटकाते हैं और कहते हैं कि मोदी ने आपको खाद्य सामग्री दी है, दाल दी है, चावल दिया है, और उसके साथ नमक भी दिया है।

आपको मोदी का नमक जरूर हलाल करना है। ध्यान रखना ये नमक मोदी का नहीं, बल्कि आपके टैक्स के पैसे का है। इसमें मोदी की मेहरबानी नहीं है। ये आपका अपना टैक्स का पैसा है, गुमराह मत होना। देश की जटिल समस्या का समाधान राशन से नहीं हर हाथ को काम देने से होगा। हमारी सरकार इसका विशेष ध्यान देगी।

मंच से जनसभा में आए लोगों का अभिवादन करतीं बसपा सुप्रीमो मायावती।

▸▸ बसपा सुप्रीमो ने की मुस्लिम, दलित और पिछड़े मतदाताओं को साधने की कोशिश

पीलीभीत के बीसलपुर में आयोजित चुनावी जनसभा के दौरान बसपा अध्यक्ष मायावती ने वर्तमान भाजपा और पूर्व की कांग्रेस की सरकारों पर जमकर सियासी वार किए। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस, भाजपा व अन्य किसी भी विरोधी पार्टी के साथ मिलकर नहीं, बल्कि अकेले अपने बलबूते पर पूरी दमदारी से चुनाव लड़ रही है। टिकट बंटवारे को लेकर भी सर्वसमाज को उचित भागीदारी दी है। कहा कि भाजपा व इनके सहयोगी दल केंद्र व कई राज्यों की सत्ता में काबिज हो गए हैं। मगर अब भाजपा की भी जातिवादी, पूंजीवादी, सांप्रदायिक व द्वेषपूर्ण नीतियों और कथनी -करनी के अंतर से ऐसा लगता है कि केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस होने वाली नहीं है। बशर्ते यदि ये चुनाव फ्री एंड फेयर हो, या फिर आम चर्चा के मुताबिक वोटिंग मशीनों में कोई गड़बड़ी आदि न की जाए। भाजपा ने अच्छे दिन के वादे किए और कागजी गारंटी भी दी है। उनका जमीनी हकीकत में अभी तक लगभग एक चौथाई काम भी पूरा नहीं किया है।

आजम परिवार की ओर से सिब्बल ने कोर्ट में रखा पक्ष

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में अगली सुनवाई अब 22 को

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सपा नेता आज़म खान और उनके परिवार को फिलहाल कोई राहत ना देते हुए मामले की सुनवाई आगामी 22 अप्रैल को सुनिश्चित कर दी है। जेल में बंद सपा नेता आज़म खान के बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष हुई। सोमवार को हुई सुनवाई में आजम खान के परिवार का पक्ष रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल हाईकोर्ट में प्रस्तुत हुए।

उन्होंने अपनी बहस पूरी कर ली है और अगली सुनवाई पर सरकार अपना पक्ष रखेगी। रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने दो जन्मतिथि प्रमाण पत्र मामले में आजम खान, उनकी पत्नी और बेटे को सात साल की सजा सुनाई थी, जिसे चुनौती देते हुए वर्तमान याचिका दाखिल की गई है। दरअसल रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में रामपुर के गंज थाने में सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाण पत्र होने का मामला दर्ज कराया था। मामले में पिता आजम खान और मां डॉ तंजीन फातिमा को भी आरोपी बनाया गया है। मालूम हो कि इससे पूर्व वर्ष 2017 में भी बसपा उम्मीदवार नवाब काजिम अली खान ने अब्दुल्ला आजम के स्कूल और बर्थ सर्टिफिकेट में दो अलग-अलग जन्मतिथि को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर उनकी सदस्यता रद करने की मांग की थी, जिस पर सुनवाई करने के बाद कोर्ट ने अब्दुल्ला की सदस्यता को रद करने का आदेश दिया था। इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी हालांकि वहां से अब्दुल्ला को कोई राहत नहीं मिली।

वर्ग पहेली-41

बाएं से दाएं

1.1. उत्सव या समारोह के लिए निकलने वाली यात्रा, जनयात्रा, (रैली) 2. लोगों का वह विशाल समूह जो विरोध या उल्लास प्रदर्शित करने के लिए निकलता हो 3. किसी अवसर पर धूमधाम की सवारी 4. किसी मंत्री या राजनेता की शोभायात्रा या नगर-भ्रमण।

3.1. पीड़ा न देना, उत्पीड़ित न करना 2. दया, अनुकंपा।

4. कर्मचारी को किसी अतिरिक्त कार्य के लिए वेतन के अलावा दी जाने वाली रकम

5.1. गाय 2. बैल 2. वृष राशि 3. गाय की शक्ल का शराब का प्याला।

6.1. अच्छा व्यवहार या चालचलन, सादगीपूर्ण बरताव 2. सात्विक व्यवहार, सदाचार 3. उत्तम व्यवहार, सद्व्यवहार।

ऊपर से नीचे

1. छालों से संबंधित

2.1. धातु के बरतनों के टकराने से होने वाला शब्द 2. बच्चे के रुक-रुक कर रोने का शब्द 3. बच्चे का मचलना।

3.1. किसी कार्य की विशेष विधि समझाना, शिक्षा 2. निर्देश, हिदायत 3. संकेत।

4.1. केवल आभास के रूप में होने वाला मिथ्या ज्ञान 2. प्रतीति 3. चमक 4. झलक 5. दिखाई देना।



वर्ग पहेली -40 का हल

1 रु	णि	त	■	■	2 अ	■
ख	■	■	3 सं	■	भि	■
4 स	खा	■	चा	■	भा	■
त	■	5 प	रि	जी	वि	त
■	6 गि	रि	का	■	त	■
■	■	क	■	■	7 बा	■
■	8 धी	र	शां	त	■	पू

सुडोकू-120

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		3				9		
4	8		3				5	7
		9		7		6		
6				1	5		7	
	3						8	
	9		2	3				4
		7				8		3
3	6				8		2	
		1				4		

सुडोकू -119 का हल

5	8	1	2	3	7	4	6	9
4	7	3	9	1	6	8	2	5
6	9	2	5	8	4	7	1	3
8	6	5	4	7	2	9	3	1
9	3	7	6	5	1	2	4	8
1	2	4	8	9	3	6	5	7
7	4	8	3	6	5	1	9	2
2	5	9	1	4	8	3	7	6
3	1	6	7	2	9	5	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 13 .23 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुष्य 17 अप्रैल 05 .16 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

मेष — आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। मित्रों की छोटी-मोटी बातों को तूल न दें। जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। आप अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं।

वृष — आज दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं।

मिथुन — आज मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार के कार्यों में मन लगाएं। आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहेगी। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है।

कर्क — आज आपको फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहना चाहिए। उच्च स्तरीय शोध कार्यों में आप जुड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात पर झगड़ा हो सकता है। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है।

सिंह — आज समाज में अपयश जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

कन्या — आज भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में दिन बहुत शुभ है। आप शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी।

तुला — आज आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में अच्छे, नए और उत्तम विकल्प मिल सकते हैं।

वृश्चिक — आज विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। संपत्ति से जुड़े मामलों में लापरवाही न करें। आपको परिजनों को लेकर काफी चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सुझाव लेकर काम करना हितकारी होगा।

धनु — आज जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। किसी को कर्ज या उधार बिल्कुल भी न दें। जीवनसाथी आपसे कुछ शिकायत कर सकता है। बीमा संबंधित कारोबार से लाभ मिलेगा।

मकर — आज परिवार का खर्च बढ़ सकता है। घर की मरम्मत आदि की योजना बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है। आपके सभी काम शांतिपूर्वक पूर्ण होंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे।

कुंभ — आज भावनाओं में आकर ज्यादा खर्च न करें। उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। आपके टीमवर्क की प्रशंसा होगी। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। शाम को परिवार के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।

मीन — आज अत्यधिक आदर्शवादी होने से आपको बचना चाहिए। आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- पृथ्वी — सुबह : 08 .35
- राम बलराम — दोपहर : 01 .05

SONY PIX
- ग्रैन टूरिस्मो — सुबह : 11 .00
- वंडर वुमन — रात : 08 .29

SONY SMAX
- थानेदार — सुबह : 11 .00
- चेक — शाम : 06 .00

ZEE CINEMA
- हमेशा — सुबह : 10 .20
- ऐतराज — रात : 07 .20

colors CINEPLEX
- दुनिया — सुबह : 11 .18
- बद्रीनाथ की दुल्हनियां — रात : 08 .55

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07 .20 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया- सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

हैट्रिक मारेगी भाजपा या बैंड बजा देंगे
निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी

छात्र राजनीति से आए भाटी की सभाओं में उमड़ने वाली भीड़ कर रही बहुत कुछ इशारा

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। बाड़मेर के रण में इस बार मुकाबला काफी दिलचस्प है। हैट्रिक लगाने की तैयारी में जुटी भाजपा की राह में रोड़ा बन गए हैं, निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी। कभी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मजबूत कार्यकर्ता रहे भाटी के बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंकने से मुकाबला काफी रोचक हो गया है। भाटी और भाजपा की लड़ाई में कांग्रेस खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है, उसके रणनीतिकारों को लगता है कि 2014 में मिले हार के जख्म को इस बार वह आसानी से भर लेगी। हालांकि ऊंट किस करवट बैठेगा यह कह पाना तो किसी जानकार के लिए भी बहुत आसान नहीं है, लेकिन जिस तरह भाटी के साथ मतदाताओं का हुजूम उमड़ रहा है, उसने बड़े- बड़ों के माथे पर बल जरूर ला दिया है। वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस क्षेत्र में जनसभा कर माहौल भाजपा के पक्ष में करने की कोशिश की है पर इसमें उन्हें कितनी कामयाबी मिली यह परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा।

भाजपा के लिए नाक का सवाल बनी बाड़मेर सीट

- राजस्थान की सत्ता पर हाल ही में काबिज हुई भाजपा के लिए बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट नाक का सवाल बन गई है। इसी जिले की शेओ विधानसभा सीट से रवींद्र सिंह भाटी निर्दलीय विधायक हैं। उन्होंने यहां से भाजपा के उम्मीदवार को हरा दिया था। भाटी की चुनौती से निपटने के लिए भाजपा ने प्रधानमंत्री की रैली कराने के साथ ही जल्द ही अन्य बड़े नेताओं की सभा कराने की तैयारी शुरू कर दी है। इन परिस्थितियों में कांग्रेस के नेता इस रोचक होते जा रहे मुकाबले में मैदान मारने की जुगत लगा रहे हैं।
- भाटी को उम्मीद थी कि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधायक बनने के बाद भाजपा उन्हें लोकसभा का टिकट दे देगी पर पार्टी ने यहां से केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी को पुन: मैदान में उतार दिया है तो कांग्रेस ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से आए उम्मेदा राम बेनीवाल को अपना चेहरा बनाया है। भाजपा के स्थानीय नेताओं ने भाटी को मनाने की काफी कोशिश की पर वे सफल नहीं हुए। भाजपा के वोट बैंक में सेंधमारी कर भाटी लगातार मजबूत हो रहे हैं, पार्टी इसी बात से चिंतित है।

कांग्रेस नेता सचिन पायलट से लोग कर रहे तुलना

राजपूत समुदाय से आने वाले 26 वर्षीय भाटी छात्र राजनीति से निकले हैं। उनकी चुनावी रैलियों में खासकर बाड़मेर क्षेत्र में भारी भीड़ जुटती है और उनका हौसला बढ़ाती है। युवाओ, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच उनकी बढ़ती लोकप्रियता का जिक्र करते हुए लोग उनकी तुलना सचिन पायलट से करते नजर आते हैं। उधर, रविंदर भाटी का कहना है कि " मुझे भरोसा है, सभी पिता समान लोग, मातृ शक्ति और युवा साथी और 36 समुदायों के लोग जो आ रहे हैं, उनके समर्थन से रविंदर आगे आएगा और एक नेता की तरह नहीं, बल्कि एक बेटे की तरह क्षेत्र के लिए काम करेगा।"

मानवेंद्र सिंह की घर वापसी से भाजपा को मिली राहत

भाजपा के दिग्गज नेता रहे पूर्व विदेश मंत्री स्व .जसवंत सिंह के पुत्र मानवेंद्र सिंह की भाजपा में वापसी हो गई है। मानवेंद्र सिंह भाजपा नेतृत्व से नाराज होकर अक्टूबर 2018 में कांग्रेस में चले गए थे। उनकी वापसी से भाजपा को राहत मिली है क्योंकि रवींद्र सिंह भाटी के निर्दलीय मैदान में आने से भाजपा को यहां नुकसान होता दिख रहा था। पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की घर वापसी से पार्टी को बड़ी राहत मिली है। पिता जसवंत सिंह को लोकसभा टिकट न मिलने के बाद मानवेंद्र सिंह ने भाजपा को अलविदा कहा था।

6.5 लाख ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में

बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार कैलाश चौधरी जाट समुदाय से हैं तो रवींद्र सिंह भाटी राजपूत हैं। कांग्रेस उम्मीदवार उम्मेदाराम बेनीवाल भी जाट हैं। यहां अगर जातिगत आधार पर मतदाताओं की स्थिति देखें तो ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। यहां पर सबसे ज्यादा 4 .5 लाख जाट मतदाता हैं तो राजपूतों की संख्या भी करीब सवा तीन लाख है। मुस्लिम मतदाता 2 .7 लाख और ओबीसी मतदाताओं की संख्या 6 .5 लाख है। एससी- एसटी मतदाताओं की बात करें तो उनकी संख्या चार लाख के आसपास है।

तालों के लिए मशहूर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कारण देश-दुनिया में जाना जाता है। मुस्लिम बहुल अलीगढ़ लोकसभा सीट पर बीते दो चुनावों से भाजपा जीत रही है। इस बार उसकी नजर जीत की हैट्रिक पर है, लेकिन पार्टी के मौजूदा ब्राह्मण सांसद के सामने बसपा के भी ब्राह्मण चेहरा उतारने और सपा-कांग्रेस गठबंधन से जाट प्रत्याशी होने से लड़ाई दो ब्राह्मण और एक जाट प्रत्याशी के बीच सिमटकर रोचक हो गई है। ऐसे में सपा कभी लहर तो कभी ध्रुवीकरण की चाबी से यहां खुलने वाला जीत का ताला खोलने की कोशिश में जुटी है।

अलीगढ़ का ताला खोलने का तिलिस्म तलाश रही सपा

- भाजपा की जीत की हैट्रिक से रोकने के लिए बसपा ने भी ब्राह्मण प्रत्याशी मैदान में उतारा
- समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस छोड़कर आए जाट बिरादरी के पूर्व सांसद पर खेला दांव

1991
1996, 1998 और 1999 में भाजपा की शीला गौतम ने लगाया था जीत का चौका

मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र लेकिन बीते 67 साल से कोई मुस्लिम प्रत्याशी यहां नहीं जीता
इस बार के चुनाव में किसी भी प्रमुख दल ने मुस्लिम चेहरे को मैदान में नहीं उतारा

02
ब्राहमण प्रत्याशियों की जंग में जाट उम्मीदवार दिखा पाएगा कमाल, बड़ा सवाल

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: 1952 और 1957 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां बड़ी जीत दर्ज की थी। लेकिन इसके बाद हर चुनाव में इस लोकसभा सीट पर गैर कांग्रेसी दलों का ही परचम लहराता रहा। 1967 और 1971 में भारतीय क्रांति दल तो 1977 और 1980 में जनता दल ने चुनावी जीत हासिल की। हालांकि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां वापसी की। लेकिन 1989 के चुनाव में जनता दल के सत्यपाल मलिक ने कांग्रेस को हरा दिया। इसके बाद राम मंदिर आंदोलन आगे बढ़ा तो अलीगढ़ की राजनीति भारतीय जनता पार्टी की तरफ मुड़ गई। वर्ष 1991, 1996, 1998 और 1999 के चुनाव में भाजपा की शीला गौतम ने लगातार जीत दर्ज करके यहां कमल खिलाए रखा। 2004 के चुनाव में कांग्रेस को आखिरी बार अलीगढ़ सीट से जीत मिली थी। 2009 के चुनाव में बसपा की राजकुमारी चौहान को जीत मिली। लेकिन 2014 की मोदी लहर में जीतने वाली भाजपा ने अपनी जीत की लय को 2019 में बरकरार रखा है।

2019 का जनादेश

दल	प्रत्याशी	मत मिले	मत प्रतिशत
भाजपा	सतीश कुमार गौतम	6,56,215	56 .80
बसपा	डॉ . अजीत बलियान	4,26,954	37 .10
कांग्रेस	विजेंद्र सिंह	50,880	04 .50

2022 विधान सभा चुनाव में प्रमुख दलों का मत प्रतिशत



बसपा के खाते में एक जीत पर सपा पहली जीत को तरस रही

अलीगढ़ लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी अभी तक पहली चुनावी जीत के लिए तरस रही है। इस सीट से लगातार प्रत्याशी उतारने के बावजूद वह आज तक अलीगढ़ की राजनीति का बंद ताला नहीं खोल पाई है। बहुजन समाज पार्टी को भी इस सीट पर केवल एक बार 2009 में ही जीत नसीब हुई है।

विकास और ट्रैफिक जाम स्थानीय मुद्दे

1957 के बाद कोई मुस्लिम प्रत्याशी इस मुस्लिम बाहुल्य सीट से नहीं जीत पाया

- मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद अलीगढ़ लोकसभा सीट से 1957 के बाद किसी मुस्लिम उम्मीदवार को जीत नहीं मिल सकी है। 1957 में अलीगढ़ से मुस्लिम सांसद बनने वाले जमाल ख्वाजा एकमात्र नेता थे। इस बार के लोकसभा चुनाव में तो किसी भी प्रमुख दल ने किसी मुस्लिम प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा है। यहां तक कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) का नारा लगाकर चुनावी सफलता की उम्मीद लगाने वाली समाजवादी पार्टी ने भी यहां अल्पसंख्यक प्रत्याशी नहीं दिया है। भाजपा और बसपा के साथ उसने भी हिंदू चेहरे पर ही दांव लगाया है।

लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा ने जमाया था कब्जा : अलीगढ़ लोकसभा क्षेत्र के तहत कुल पांच विधानसभा सीटें खैर, बरौली, अतरौली, कोल और अलीगढ़ आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांच सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था।

कल्याण सिंह के बिना पहला चुनाव बन सकते नए राजनीतिक समीकरण : अलीगढ़ की राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह 'बाबूजी' का प्रभाव गहरे तक है। उनके बिना यह पहला लोकसभा चुनाव है। भाजपा उनके प्रभाव से खुद को मजबूत मान रही है। लेकिन विरोधी दल कल्याण सिंह के नहीं होने पर नए समीकरण गढ़कर लोकसभा सीट पर खासतौर पर लोध मतदाताओं के बीच तस्वीर बदलना चाहते हैं।

20 लाख
मतदाताओं में मुस्लिम, जाट, जाटव, ठाकुर व ब्राह्मण मत सर्वाधिक

अलीगढ़ में मतदाताओं की संख्या करीब 20 लाख है। जातीय समीकरणों के लिहाज से यहां 3 .50 लाख मुस्लिम मतदाता हैं। करीब 2 .5 लाख जाट मतदाता, 2 लाख जाटव, 2 लाख के आसपास ठाकुर मतदाता, 1 .5 लाख ब्राह्मण और एक-एक लाख की संख्या में बघेल, वैश्य, लोध, यादव मतदाता हैं।

प्रत्याशियों का प्रोफाइल

चौधरी विजेंद्र सिंह : समाजवादी पार्टी प्रत्याशी

विजेंद्र सिंह कांग्रेस से एक बार सांसद और तीन बार विधायक रह चुके हैं। जाट नेता विजेंद्र सिंह ने वर्ष 2020 में कांग्रेस का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। तभी से वह लोकसभा चुनाव का टिकट पाने की कोशिश में लगे थे। चौधरी विजेंद्र सिंह ने वर्ष 2004 में कांग्रेस के टिकट पर अलीगढ़ से लोकसभा चुनाव जीता था। लेकिन इसके बाद वह लोकसभा के लगातार तीन 2009, 2014 और 2019 में चुनाव हार चुके हैं। 2014 व 2019 के चुनाव में उनकी जमानत भी नहीं बची थी। माना जा रहा है कि विजेंद्र सिंह के जरिए सपा ने जाट लैंड पर निशाना साधा है।

सतीश गौतम : सांसद भाजपा के प्रत्याशी

अलीगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद सतीश गौतम लगातार दो चुनाव जीत चुके हैं। हालांकि उनका कई विवादों से नाता रहा है। इसके चलते भाजपा से टिकट की दौड़ में पूर्व सांसद शीला गौतम की पुत्र वधू नमिता गौतम, पूर्व उर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, विधायक जयवीर सिंह और अनिल पाराशर शामिल थे। लेकिन गौतम ने सभी को पछाड़ कर हाईकमान का भरोसा जीतने में सफलता पाई। इससे पहले सतीश गौतम का नाम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में प्रमुखता से लिया जा रहा था।

हितेंद्र उपाध्याय बंटी : बसपा से प्रत्याशी

बहुजन समाज पार्टी ने अलीगढ़ से पहले एआईएमआईएम के नेता गुफरान नूर का टिकट घोषित किया था। लेकिन उन्हें हार्ट अटैक आने और अस्पताल में भर्ती होने के बाद पार्टी ने टिकट काटकर भाजपा में सक्रिय रहे हितेंद्र उपाध्याय बंटी को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी का यह फैसला चौंकाने वाला माना जा रहा है। रीयल स्टेट कारोबारी बंटी लंबे समय से ब्राह्मण समाज की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव में भी अलीगढ़ से भाजपा से टिकट की दावेदारी की थी।

तीनों प्रत्याशियों को साधना पड़ रहा संगठन और जातीय आधार

पहले बसपा ने अलीगढ़ लोकसभा सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी उतारा था। लेकिन बाद में उसका टिकट काटकर रीयल एस्टेट के कारोबारी और भाजपा से आए ब्राह्मण चेहरे हितेंद्र उपाध्याय पर दांव लगा दिया। इससे अलीगढ़ में इस बार चुनाव के सियासी समीकरण बदल गए हैं। बदली परिस्थितयों में जानकार भाजपा के ब्राह्मण प्रत्याशी और मौजूदा सांसद सतीश गौतम की राह आसान नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि टिकट की जंग में तो गौतम जीत गए हैं, मगर असली चुनौती अब सभी को साथ लेकर चुनाव लड़ने की है, तभी उन्हें बड़ी जीत मिल पाएगी। हालांकि कुछ ऐसा ही हाल समाजवादी पार्टी के भीतर भी है। कांग्रेस से आए चौ . बिजेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाने का फैसला कुछ सपा नेता पचा नहीं पा रहे हैं। उधर, बसपा के पास अपना कैडर वोट है। लेकिन नामांकन से पहले आए ब्राह्मण प्रत्याशी को दलित मतदाताओं के सामने अपनी पहचान बनाने और ब्राह्मण समाज के वोट बांटने का हुनर दिखाना है।

चप्पल मिला चुनाव निशान : अलीगढ़ में एक निर्दलीय प्रत्याशी पंडित केशव देव लोगों के कौतुहल का विषय बने हैं। वह चप्पलों की माला पहनकर सुबह चुनाव प्रचार के लिए निकल पड़ते हैं। इसकी वजय यह है कि उन्हें चुनाव आयोग से चप्पल चुनाव चिह्न आवंटित हुआ है।

अमेठी और रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा 26 के बाद

- वायनाड में 26 को मतदान, इससे पहले राहुल गांधी को प्रत्याशी घोषित करने पर दक्षिण भारत में जा सकता है गलत संदेश

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश में कुछ सीटों को लेकर कांग्रेस एवं भाजपा काफी असमंजस में हैं। रायबरेली व अमेठी संसदीय क्षेत्र से किसे मैदान में उतारा जाए, इस सवाल का जवाब खोजना कांग्रेस के लिए काफी भारी पड़ रहा है। कांग्रेस हाईकमान ने 26 अप्रैल के बाद दोनों सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल करने के संकेत दिए हैं। करनैल गंज सीट पर भाजपा की भी कुछ ऐसी ही स्थिति है।

2019 के चुनाव में राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हार गए थे। अब कांग्रेस इसे भाजपा का दुर्ग समझ कर देख रही है, जबकि स्थानीय जनता का दबाव है कि रायबरेली एवं अमेठी सीट से गांधी परिवार के ही किसी सदस्य को मैदान में उतारा जाए क्योंकि दोनों सीटों पर लंबे समय तक कांग्रेस का ही कब्जा रहा है। हालांकि इस बार अमेठी और रायबरेली की सभी विधानसभा सीटों में एक भी कांग्रेस के पास नहीं है।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक रायबरेली एवं अमेठी संसदीय क्षेत्र से राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के साथ रॉबर्ट वाड्रा का नाम भी संभावित प्रत्याशियों में चल रहा है। इंडिया गठबंधन के नेताओं का तर्क है कि यदि गांधी परिवार से इन दोनों सीटों पर उम्मीदवार आएंगे तो पूरे प्रदेश में संदेश जाएगा, अन्यथा कांग्रेस के परंपरागत मतदाता हताश हो सकते हैं। इन स्थितियों को देखते हुए कांग्रेस ने अब दोनों सीटों पर 26 अप्रैल के बाद उम्मीदवार घोषित करने की डेडलाइन तय कर दी है। दरअसल, 26 अप्रैल को वायनाड संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। यदि 26 से पहले राहुल को उत्तर प्रदेश से भी चुनाव लड़ने की बात तय की जाएगी तो इसका विपरीत असर न सिर्फ केरल बल्कि पूरे दक्षिण भारत में पार्टी की संभावनाओं पर पड़ सकता है।

उधर, भाजपा करनैलगंज सीट पर फंसी है। यहां से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का महिला खिलाड़ियों ने काफी विरोध किया था। लेकिन एक जातीय संगठन भाजपा हाईकमान पर दबाव बना रहा है कि बृजभूषण या उनके परिवार को ही टिकट दिया जाए।

रोज 100 करोड़ की नकदी व शराब की जा रही बरामद

नई दिल्ली, ब्यूरो। चुनाव संहिता लागू होने के बाद रोज औसतन 100 करोड़ से ज्यादा की नकदी व शराब बरामद की जा रही हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात व्यय पर्यवेक्षकों की सतर्कता से अब तक 4658 करोड़ से ज्यादा की नकदी और शराब पकड़ी जा चुकी है। इनमें वे राज्य भी शामिल हैं, जहां पूर्ण शराबबंदी है। इस बरामदगी ने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। गुजरात, बिहार, मिजोरम एवं नागालैंड जहां शराब प्रतिबंधित है, वहां भी शराब पकड़ी गई है। हालांकि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में कम शराब बरामद हुई है। सर्वाधिक शराब कर्नाटक में एक करोड़ 30 लाख लीटर बरामद हुई है। इसके बाद राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, बंगाल, मध्य प्रदेश, असम का नंबर है। इस बार आयोग ने राज्य सरकार एवं नागरिकों की मदद से ऐसी तकनीक विकसित की है जिसके तहत काला धन के साथ-साथ शराब, ड्रग्स एवं लुभावने उपहार बरामद हो रहे हैं।

दिग्विजय, कमलनाथ क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रहे

- भाजपा की कड़ी चुनौती के सामने दिग्गज कांग्रेसियों को बहाना पड़ रहा अपनी सीटों पर पसीना

भोपाल

अमृत विचार : मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए अपने वरिष्ठ नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें राजगढ़ से दिग्विजय सिंह, छिंदवाड़ा में कमल नाथ के पुत्र नकुल नाथ और रतलाम से कांतिलाल भूरिया हैं। लेकिन भाजपा की चुनौती से निपटने में हालत यह है कि तीनों नेता अपने निर्वाचन क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

कांग्रेस ने अपने दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को राजगढ़ से चुनाव मैदान में उतारा है। वह 33 साल बाद राजगढ़ से चुनाव लड़ रहे हैं। पूरे क्षेत्र में उन्होंने पदयात्रा की है। लेकिन राजगढ़ से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। राजगढ़ से भाजपा ने मौजूदा सांसद रोडमल सिंह नागर को टिकट दिया है। इसी तरह कमल नाथ छिंदवाड़ा में उलझे हैं। कांग्रेस ने उनके पुत्र नकुल नाथ को दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। कमल नाथ बेटे के चुनाव प्रचार की कमान संभाले हैं और क्षेत्र से बाहर ही नहीं निकले हैं। छिंदवाड़ा सीट पर पिछले 45 साल से कमलनाथ का कब्जा है। प्रदेश में यही एकमात्र सीट है जो भाजपा नहीं जीत पा रही है। इस बार भाजपा ने यहां से बंटी साहू को टिकट दिया है। चुनाव से पहले ही कई दिग्गज कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं, जो कमलनाथ की परेशानी और बढ़ा रहे हैं।

कुछ ऐसी ही स्थिति कांतिलाल भूरिया की है। वह भी रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट पर उलझे हैं। भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद गुमान सिंह डामोर का टिकट काटकर प्रदेश में कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनीता चौहान को टिकट दिया है, जो भूरिया को कड़ी टक्कर देती नजर आ रही हैं।

हम हाथ के साथ
कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी वायनाड लोकसभा सीट से दूसरी बार मैदान में हैं। चुनाव प्रचार के लिए वह नीलगिरी कॉलेज पहुंचे तो छात्राओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	07	361
रियान पराग (राजस्थान)	06	284
संजू सैमसन (राजस्थान)	06	264

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	06	11
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	06	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	05	10

इंडियन प्रीमियर लीग में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले खिलाड़ियों में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर हैं। वहीं उनसे ऊपर केवल क्रिस गेल हैं। इसके साथ ही वह आईपीएल में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों में पहले स्थान पर हैं। उनके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और चेन्नई सुपरकिंग्स के एमएस धोनी का नंबर आता है। वहीं विदेशी खिलाड़ियों में एबी डिविलियर्स टॉप-5 में मौजूद हैं।

357

272

251

248

245

खेल डायरी

माइकोलास ने चक्का फेंक में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

रेमोना (अमेरिका)। लिथुआनिया के माइकोलास एलेकना ने ओकलाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में चक्का फेंक में 1986 में बना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इक्कीस साल के माइकोलास ने रविवार को चक्के को 243 फीट 11 इंच (74.35 मीटर) की दूरी तक फेंका और छह जून 1986 को बनाए जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट के 243 फीट (74.08 मीटर) के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। माइकोलास के थ्रो को शुरू में 244 फीट एक इंच (74.41 मीटर) मापा गया था, लेकिन विश्व एथलेटिक्स के अनुसार बाद में इसे संशोधित किया गया।

जेहान ने फार्मूला ई में पहला अंक जुटाया

मिसानो (इटली)। भारत के जेहान दारूवाला ने पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज फार्मूला ई में अपने पहले सत्र में खराब शुरुआत के बाद पहले अंक जुटाए। फार्मूला टू में चार सत्र बिताने के बाद फार्मूला ई से जुड़ने वाले जेहान ने मासेराती एमएसजी रेसिंग की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हुए रविवार को यहां मिसानो ई-प्री की दूसरी रेस में नौवें स्थान पर रहते हुए दो अंक हासिल किए। उन्होंने रेस की शुरुआत 21वें स्थान से की थी। फिया विश्व चैंपियनशिप का दर्जा रखने वाली इस सीरीज में इससे पहले जेहान की शुरुआत खराब रही थी। अब तक उन्होंने जिन रेस में हिस्सा लिया, उनमें से दो को पूरा नहीं कर पाए।

बैंगनी रंग का होगा ओलंपिक का एथलेटिक ट्रैक

पेरिस। एथलीट इस साल पेरिस ओलंपिक खेलों में जब नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे तो दर्शकों को बैंगनी रंग का एथलेटिक ट्रैक देखने को मिलेगा। पारंपरिक ईंट जैसे लाल रंग से हटकर पहली बार ओलंपिक ट्रैक इस बार बैंगनी रंग का होगा। 'वल्केनाइज्ड रबर ट्रैक' (रासायनिक प्रक्रिया से तैयार होने वाला बेहतर कृत्रिम रबर) के टुकड़ों का उत्पादन उत्तरी इटली की एक फैक्ट्री में किया गया है और कर्मचारी उन्हें ट्रैक स्पर्धाओं की मेजबानी करने वाले राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डी फ्रांस' में बिछा रहे हैं।

विदित गुजराती ने फिर नाकामूरा को हराया

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने पिछले मैच में शिकस्त के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के दूसरे वरीय हिकारू नाकामूरा को हरा दिया। डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि किसी अन्य बाजी का भी नतीजा नहीं निकला। रूस के इयान नेपोमनियाची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के साथ अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका। साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में अब पांच दौर का खेला बाकी है।

भाटिया संयुक्त 35वें, थीगाला संयुक्त 45वें स्थान पर

अगस्ता। भारतीय-अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया और सहिथ थीगाला रविवार को यहां अगस्ता नेशनल गोल्फ टूर्नामेंट में क्रमश: संयुक्त 35वें और संयुक्त 45वें स्थान पर रहे। स्कॉटी शेफलर ने चार शॉट के अंतर से तीन साल में अपना दूसरा अगस्ता मास्टर्स खिताब जीता। मास्टर्स टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे भाटिया ने अंतिम दौर में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया जबकि दूसरी बार मास्टर्स टूर्नामेंट में खेल रहे थीगाला अंतिम दौर में तीन ओवर 75 का स्कोर ही बना सके। थीगाला पिछले साल शीर्ष 10 में रहे थे। शेफलर ने अंतिम दिन 68 के स्कोर से कुल 11 अंडर के स्कोर से चार शॉट की बढ़त के साथ खिताब अपने नाम किया।

मैच में चैलेंज बनी रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

हैदराबाद ने 25 रनों से हराया, हेड के शतक और क्लासेन के अर्धशतक के दम पर आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया



ट्रेविस हेड

बेंगलुरु, एजेंसी

ट्रेविस हेड 102 रन की तूफानी शतकीय और हेनरिक क्लासेन 67 रन की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 30वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 25 रनों से हरा दिया है। छह मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की यह चौथी जीत है।

288 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले पहले विकेट के लिये 80 रन जोड़े। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विराट कोहली को बोल्ड कर दिया। कोहली ने छह चौके और दो छक्के लगाते हुए 42 रन बनाये। उसके बाद विल जैक्स सात रन बनाकर रनआउट हो गये। कप्तान फाफ डुप्लेसी ने सात चौके और चार छक्के लगाते हुए 62 रन बनाये। उन्हें पैट कमिंस ने आउट किया। रजत पाटीदार नौ रन बनाकर आउट हुये। सौरव चौहान बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये।

एक समय 122 के स्कोर पर पांच विकेट गंवाकर संकट में फंसी टीम को दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर की पारी ने संभाला। महिपाल लोमरोर 19 रन बनाकर आउट हुये। मार्कंडेय ने कार्तिक की शानदार पारी का अंत किया। कार्तिक गुड लेंथ गेंद को ऑफ स्टंप के बाहर कवर के ऊपर से खेलने के प्रयास में बल्ले का बाहरी किनारा लगा और कीपर क्लासेन ने कैच पकड़ लिया। कार्तिक के आउट होते के साथ आरसीबी की जीत उम्मीदें भी समाप्त हो गईं। कार्तिक ने पांच चौके और सात छक्के लगाते हुए 83 रन बनाये। अनुज रावत 25 रन और विजय कुमार वैशाख एक रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी 20 ओवर में सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी और 25 रन से मुकाबला हार गई। हैदराबाद की ओर से पैट कमिंस को तीन विकेट मिले और मयंक मार्कंडेय ने दो विकेट लिये।

सोमवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 108 रनों की साझेदारी की। नौवें ओवर में रीस टॉप्ली ने अभिषेक शर्मा 34 रन को लॉकी फर्ग्युसन के हाथों कैच कराया। ट्रेविस हेड ने नौ चौके और आठ छक्कों की मदद से 102 रन ठोके। वहीं हेनरिक क्लासेन ने भी ताबड़तोड़ अंदाज में दो चौके और सात छक्के लगाते हुए 67 रन बनाये। इन दोनों बल्लेबाजों को लॉकी फर्ग्युसन ने आउट किया। एडन मार्करम 32 और अब्दुल समद 37 रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 287 रनों का स्कोर खड़ा किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट लिये। रीस टॉप्ली ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	6	5	1	10	+0.767
कोलकाता	5	4	1	8	+1.688
चेन्नई	6	4	2	8	+0.726
हैदराबाद	6	4	2	8	+0.502
लखनऊ	6	3	3	6	+0.038
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
पंजाब	6	2	4	4	-0.218
मुंबई	6	2	4	4	-0.234
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	7	1	6	2	-1.185

हैदराबाद 287/3

20 ओवर, अतिरिक्त : 15

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अभिषेक शर्मा का फर्ग्युसन बो टॉपली	34	22	2/2
ट्रेविस हेड का डु प्लेसी बो फर्ग्युसन	102	41	9/8
हेनरिच क्लासेन का विशाख बो फर्ग्युसन	67	31	2/7
एडेन मार्करम नाबाद	32	17	2/2
अब्दुल समद नाबाद	37	10	4/3

गेंदबाजी : जैक्स 3-0-32-0, टॉपली 4-0-68-1, दयाल 4-0-51-0, फर्ग्युसन 4-0-52-2, विशाक 4-0-64-0, लोमरोर 1-0-18-0

बेंगलुरु 262/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 14

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली बो मार्कंडेय	42	20	6/2
फाफ डु प्लेसी का क्लासेन बो कमिंस	62	28	7/4
विल जैक्स रन आउट	07	04	1/0
रजत पाटीदार का रेड्डी बो मार्कंडेय	09	05	0/1
सौरव चौहान पगबाधा बो कमिंस	00	01	0/0
दिनेश कार्तिक का क्लासेन बो नटराजन	83	35	5/7
महिपाल लोमरोर बो कमिंस	19	11	0/2
अनुज रावत नाबाद	25	14	5/0
विजयकुमार विशाख नाबाद	01	02	0/0

गेंदबाजी : शर्मा 1-0-10-0, भुवनेश्वर 4-0-60-0, शाहबाज 1-0-18-0, नटराजन 4-0-47-1, कमिंस 4-0-43-3, मार्कंडेय 4-0-46-2, उनादकट 2-0-37-0

ऑस्ट्रेलिया के इनकार पर कुछ नहीं कर सकते : राशिद

नयी दिल्ली, एजेंसी

अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने कहा कि क्रिकेट उनके देशवासियों को खुशी के पल मुहैया कराता है लेकिन अगर कोई देश उनके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने से इनकार कर दे तो कुछ नहीं किया जा सकता। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से इनकार के बाद तर्क देते हुए कहा कि ऐसा करने से उनके देशवासी खुशी से महरूम हो गये।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तालिबान शासित देश में महिलाओं के साथ व्यवहार में गिरावट के चलते 2023 में अपने ही देश में अफगानिस्तान के साथ होने वाली वनडे श्रृंखला रद्द कर दी थी और इस साल के अंत में संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली टी20 श्रृंखला में खेलने से भी इनकार कर दिया। राशिद सहित अफगानिस्तान के अन्य खिलाड़ियों का 'बिग बैश लीग' में खेलना जारी है।

अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा केकेआर

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान, रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज। **समय :** मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग में यहां जब दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी तो उसके बल्लेबाजों के सामने ईडन गार्डन्स पर सुनील नरेन की गेंदबाजी का जवाब ढूंढने की चुनौती होगी। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नरेन ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

वर्ष 2012 में नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के बाद से नरेन ने ईडन गार्डन्स पर अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। मेंटर के रूप में टीम में गंभीर की वापसी के बाद नरेन ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताब के दावेदारों में शामिल कर दिया है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करता है तो 10 टीम की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा। रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ केकेआर की आठ विकेट की जीत में फिल सॉल्ट को नाबाद तूफानी अर्धशतक जड़ने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। लेकिन वह नरेन थे, जिनकी किफायती गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना सकी।

मौजूदा सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर जैसे बल्लेबाजों को हालांकि नरेन की चुनौती का हल ढूंढना होगा। यह देखना होगा कि जोस बटलर इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। मौजूदा सत्र में नरेन बल्ले से भी काफी अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। इस मैच में मुख्य मुकाबला केकेआर की गेंदबाजी और रॉयल्स की बल्लेबाजी के बीच होगा।

'हाइब्रिड पिच' पर खेले जायेंगे आईपीएल के मैच

धर्मशाला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ का खूबसूरत स्टेडियम बीसीसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त पहला स्टेडियम होगा जिसमें अत्याधुनिक 'हाइब्रिड पिच' बिछाई गई है जहां इस सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग के दो मैच होंगे। एचपीसीए के एक अधिकारी ने कहा, 'हाइब्रिड पिच बिछा दी गई है और आईपीएल के दो मैच खेले जायेंगे।'

नीदरलैंड की 'एसआईएस ग्रास' कंपनी को इसका जिम्मा दिया गया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह पिच अधिक टिकाऊ, स्थिर और हाई परफॉर्मिंग होगी। एचपीसीए अध्यक्ष आर पी सिंह ने कहा,'' भारत में हाइब्रिड पिच तकनीक का आगमन क्रिकेट के लिये बहुत महत्वपूर्ण पल है।' इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय निदेशक पॉल टेलर ने कहा, 'भारत में हमारे डिलिवरी साझेदार पिच विशेषज्ञ ग्रेटर टेन के साथ मिलकर एसआईएस ग्रास हाइब्रिड पिच जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं के जरिये भारतीय क्रिकेट के इकोसिस्टम में निवेश करने को लेकर प्रतिबद्ध है।'' हाइब्रिड पिच में मैदान के भीतर की कुदरती टर्फ के साथ कुछ प्रतिशत पोलीमर फाइबर होता है। इससे पिच टिकाऊ रहती है और समान उछाल भी मिलता है।

बॉलीवुड हलचल

भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना हंसी के खजाना रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना ''हंसी के खजाना'' रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह और गायिका ममता राउत का शिक्षा से भरपूर गीत ''हंसी के खजाना'' यूट्यूब पर आ गया है। इस गाने में अक्षरा सिंह की अदाकारी और ममता राउत की आवाज है।यह गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इसके वीडियो में दिख रहा है कि अक्षरा लाल साड़ी पहने, आँखों पर सिंपल चश्मा और मांग में सिंदूर लगाये हुए अध्यापिका के गेटअप में स्कूल में बच्चों को पढ़ा रही हैं। उनका पढ़ाने का अंदाज एकदम निराला है। वह इस वीडियो में बच्चों को प्रेरणा स्रोत एवं शिक्षा पूर्ण गाना सुनाकर पढ़ा रही हैं और प्रेरणा दे रही हैं। इस गाने को फणीन्द्र राव ने लिखा है और संगीतकार ओम झा हैं। इस गाने में अक्षरा सिंह बच्चों को पढ़ाते हुए कह रही हैं कि...हंसी के खजाना लेके आइल बानी, तोहनी के पसंन के सुनाईब हम कहानी... त बच्चा लोग के के सुनी...हंसी के खजाना लेके आइल बानी, तोहनी के पसंन के सुनाईब हम कहानी... खोलिके तू कान से सुनि ला धियान से, ना होई परेशानी... हंसी के खजाना लेके आइल बानी...। गौरतलब है कि ''हंसी के खजाना'' गाना फिल्म ''अक्षरा'' का है। वर्ल्डवाइड चैनल और सबरंग फिल्म प्रोडक्शंस प्रस्तुत फिल्म ''अक्षरा'' के निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव, रत्नाकर कुमार हैं। निर्देशक देव पांडेय हैं। लेखक राकेश त्रिपाठी हैं।

फिल्म के लिए मिल रही तारीफ से भावुक हुईं परिणीति चोपड़ा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिये मिल रही तारीफ से भावुक हो गयी हैं। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका में हैं। ''अमर सिंह चमकीला'' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका में हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत कौर बनी हैं। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिये मिल रही तारीफ से परिणीति चोपड़ा भावुक हो गयी हैं। परिणीति चोपड़ा ने भावुक होकर इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में परिणीति चोपड़ा ने ''अमर सिंह चमकीला'' के सेट की बीटीएस फोटो शेयर कर कैप्शन लिखकर बताया है कि उनके आंसू नहीं थम रहे हैं। परिणीति चोपड़ा फोटोज में इम्तियाज अली और दिलजीत दोसांझ के साथ पोज करतीं और मस्ती करती नजर आ रही हैं। परिणीति ने फोटोज के साथ कैप्शन में लिखा, कंबल में लिपटी हूं और आपके शब्दों, कॉल और फिल्म रिव्यूज से अभिभूत हूं (मेरे आंसू नहीं रुक रहे हैं) परिणीति इज बैक, यह शब्द तेजी से गूंज रहे हैं। ऐसा नहीं सोचा था, हां मैं वापस आ गई हूं और कही नहीं जाने वाली हूं।

श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने का गाना तू मिल गया रिलीज



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' का गाना 'तू मिल गया' रिलीज हो गया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का गाना 'तू मिल गया' हो गया है। तनिष्क बागची द्वारा रचित यह गाना राजकुमार राव और अलाया एफ पर फिल्माया गया है। जुबिन नौटियाल और तुलसी कुमार द्वारा स्वरबद्ध किये गए इस गाने को श्लोक लाल ने लिखा है। फिल्म ''श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने'' उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिन्होंने अपनी दृश्यहीनता को अपने सपनों पर हावी नहीं होने दिया और बोलेंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की। फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव के अलावा अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर की भी अहम भूमिका है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

75 साल के चुनावी इतिहास में ईसी की सबसे बड़ी कार्रवाई

लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों का एलान हो चुका है। सभी पार्टियां चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। चुनाव आते ही पार्टी और प्रत्याशी धनबल का इस्तेमाल हर बार मतदाताओं को लुभाने के लिए करते ही हैं। इस बार भी ऐसा ही माहौल बना हुआ है लेकिन चुनाव आयोग ने इस साल धनबल के इस्तेमाल पर अब तक की सबसे बड़ी जब्ती की है।

- चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि उसकी निगरानी में अधिकारी लोकसभा चुनाव से पहले एक मार्च से हर दिन 100 करोड़ रुपये की जब्ती कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि प्रवर्तन अधिकारियों ने लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से पहले ही 4,650 करोड़ रुपये जब्त किए हैं और यह 2019 के चुनावों में की गई 'कुल जब्ती से अधिक' है।

2024 में चुनाव आयोग की सबसे अधिक जब्ती

चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि 2024 के आम चुनाव के साथ, ईसीआई देश में लोकसभा चुनावों के 75 साल के इतिहास में दर्ज की गई सबसे अधिक प्रलोभन की जब्ती की राह पर है। 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान शुरू होने से पहले ही प्रवर्तन एजेंसियों ने धनबल पर रोक लगाने के लिए 4,650 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड जब्ती की है।

तमिलनाडु में सबसे ज्यादा कैश, कर्नाटक में शराब

तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 53 करोड़ कैश, तेलंगाना में 49 करोड़, महाराष्ट्र में 40 करोड़, कर्नाटक और राजस्थान में 35-35 करोड़ रुपए से ज्यादा जब्त किए गए हैं। कर्नाटक में सबसे ज्यादा 124.3 करोड़ की शराब सीज की गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 51.7 करोड़, राजस्थान में 40.7 करोड़, उत्तर प्रदेश में 35.3 करोड़ और बिहार में 31.5 करोड़ रुपए की शराब जब्त की गई।

ड्रग्स जब्ती में गुजरात समेत 5 राज्य आगे

आंकड़ों के मुताबिक कुल जब्ती में 45 फीसदी ड्रग्स और नशीले पदार्थ हैं। गुजरात से सबसे ज्यादा करीब 485.99 करोड़ रुपए के ड्रग्स बरामद किए गए हैं। इसके बाद तमिलनाडु में 293.02 करोड़, पंजाब में 280.81 करोड़, महाराष्ट्र में 213.56 करोड़ और दिल्ली में 189.94 करोड़ के ड्रग्स जब्त किए गए हैं।

हर दिन करीब 100 करोड़ की जब्ती हो रही

आयोग के मुताबिक, 1 मार्च के बाद से जब्त किए गए सामान में 2068.85 करोड़ के ड्रग्स, 1142.49 करोड़ के मुफ्त में बांटे जाने वाले सामान, 562.10 करोड़ की कीमती धातुएं, 489.31 करोड़ की शराब और 395.39 करोड़ कैश शामिल है। कैश सहित सभी सामानों को मिलाकर हर दिन करीब 100 करोड़ रुपए सीज किए जा रहे हैं।

हवाई यात्रा के सपने की कीमत 150 रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

यदि विमान में बैठने का सपना हो और महंगे टिकट के चलते उसे पूरा नहीं कर पा रहे हों, तो आप असम जा सकते हैं। यहां सिर्फ 150 रुपये में आपका सपना पूरा हो सकता है।

असम के लीलाबाड़ी से तेजपुर तक के लिए विमान कंपनी अलायंस एयर केंद्र सरकार की 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) स्कीम के तहत यह सुविधा दे रही है। कंपनी की इस रूट पर रोज दो उड़ानें हैं, जो दो महीने से लगभग फुल चल रही हैं। यात्रा पोर्टल 'इक्सिगो' के अनुसार, तेजपुर से लीलाबरी बस से जाते हैं 216 किमी के सफर में 4 घंटे लगते हैं। जबकि इसी रूट पर हवाई दूरी 147 किमी है, जो फ्लाइट से 25 मिनट में पूरी हो जाती है। इस यात्रा में एक तरफ का किराया 150 रुपये है। इसी रूट पर वाया कोलकाता वाली फ्लाइट का किराया 450 रुपये है। जब से यहां सस्ती विमान सेवा शुरू हुई, तब से ऑक्यूपेसी 95 फीसदी तक है।

बता दें, 2017 में शुरू हुई 'उड़ान' का पूर्वोत्तर में अच्छा रिस्पॉन्स है। असम, मेघालय, नगालैंड, अरुणाचल, सिक्किम की 73 हवाई पट्टियां स्कीम से जुड़ी हैं। अलायंस एयर, फ्लाईबिग, इंडिगो यहां सेवा दे रही हैं। इसी स्कीम के तहत 2021 में इंफाल से शिलॉन्ग के लिए सीधी उड़ान शुरू हुई थी।

2016 से शुरू हुई उड़ान सेवा... इतनी सस्ती कैसे

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर किराए को किफायती बनाने के लिए उड़ान योजना के तहत एयरलाइंस को वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) दी जा रही है। इससे कंपनी को मूल किराए में हुए नुकसान की भरपाई हो जाती है। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और हवाईअड्डा परिचालक क्षेत्रीय उड़ान सेवा के तहत उड़ानों के लिए विभिन्न प्रोत्साहन देते हैं। अन्य बातों के अलावा, इन उड़ानों के लिए कोई 'लैंडिंग' या 'पार्किंग' शुल्क नहीं है। नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना को प्रोत्साहित करने तथा हवाई यात्रा को और अधिक किफायती बनाने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर, 2016 को उड़ान सेवा शुरू की।

एक नजर

अफ्रीका के पूर्वी हिस्से में भारी बारिश से अब तक 58 की मौत

दार एस सलाम। अफ्रीका के पूर्वी हिस्से में स्थित देश तंजानिया के 10 क्षेत्रों में भारी बारिश हो रही है। कई हिस्सों में बाढ़ से 58 लोग मारे गए हैं, जबकि, कई लापता हैं। मुख्य सूचना सेवा के निदेशक ने कहा कि पीड़ितों की मौत 01 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच हुई है। मतिनयी ने बंदरगाह शहर दार एस सलाम में रविवार को कहा कि 58 मौतों में से 10 अरुशा क्षेत्र में, चार गीता में, दो दार एस सलाम में, पांच इरिंगा में, एक किलिमंजारो में, चार लिंडी में, छह म्बेया में, पांच मोरोगोरो में, 11 कोस्ट में और 10 रुकवा में हुई हैं।

घाटी के दो जिलों में हिमस्खलन और हिमपात की चेतावनी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने अगले 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी के दो जिलों के ऊंची चोटियों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। जेकेडीएमए के अधिकारियों ने सोमवार को कहा है कि, उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा जिले और मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में 2,400 मीटर से ऊंची चोटियों पर मध्यम स्तर के खतरे' का हिमस्खलन होने का अनुमान जताया है। कश्मीर घाटी में पिछले दो दिनों से बड़े पैमाने पर व्यापाक बारिश हुई और कुछ ऊपरी चोटियों में ताजा हिमपात भी हुआ है।

नेपाल में वसंत आगमन के स्वागत में सिन्दूर यात्रा...

भक्तपुर। नेपाल के भक्तपुर स्थित बालकुमारी मंदिर में रविवार को सिंदूर जात्रा उत्सव मनाया गया। यह वसंत और नववर्ष के आगमन का प्रतीक है। लोगों ने सिंदूर और गुलाल उड़ाकर जश्न मनाया और 32 देवी-देवताओं के शाही रथ खींचे गए हैं।

हरियाणा के अंबाला में मिनी ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे श्रद्धालू

अंबाला। हरियाणा के अंबाला जिले में अधोया गांव के पास श्रद्धालुओं को ले जे रहे मिनी ट्रक का टायर फटने से वाहन पलट गया, जिस कारण कुछ यात्री घायल हो गए। पुलिस ने कहा- मिनी ट्रक में 18 श्रद्धालु त्रिलोकपुर माता मंदिर में माथा टेककर कैथल स्थित अपने घर लौट रहे थे। तभी अचानक ट्रक का टायर फट गया, जिससे सभी बाल-बाल बच गए।

ईरान में फंसे 17 भारतीयों से जल्द मिल सकेंगे अधिकारी: जयशंकर

जंग शुरू होने के बाद भारतीय दूतावास और ईरानी अधिकारियों के बीच जारी है बातचीत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने ईरान द्वारा जब्त किए गए पुर्तगाली मालवाहक जहाज पर सवार 17 भारतीयों को रिहा करने का आग्रह किया है। केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया कि भारतीय दूतावास और ईरानी अधिकारियों के बीच बातचीत हुई है।

उन्होंने कहा, मैंने कल रात अपने ईरानी समकक्ष हुसैन आमीर अब्दुल्लाहियन से बात की। मैंने उनपर दबाव डाला और उनसे कहा कि जहाज में 17 भारतीय सवार हैं। हम इन लोगों की रिहाई पर ईरानी सरकार से बात कर रहे हैं। हमने उनसे कहा कि इन लोगों को हिरासत में नहीं लिया जाए।

शनिवार को ईरानी सेना ने इस्राइल से जुड़े एक कार्गो जहाज को होर्मुज जलडमरूमध्य के पास जब्त कर लिया था। इस जहाज में 17 भारतीय भी सवार थे। जयशंकर ने आगे कहा, "मुझे कुछ रिपोर्ट मिले, लेकिन मैं चाहता हूं कि हमारे दूतावास के लोग वहां जाए और उन लोगों से मिले। यह मेरे लिए संतुष्टि का पहला पड़ाव होगा। मैं पूरी तरह से दबाव डालूंगा कि ये लोग भारत वापस आ जाए। मेरे ईरानी समकक्ष भी इससे बहुत हद तक सहमत थे।" जयशंकर ने बताया कि उन्होंने (ईरानी समकक्ष) कहा कि हम समझते हैं और हम कोशिश करेंगे और कुछ अच्छा करेंगे।

हमले में प्रयोग किए 80 ईरानी ड्रोन को अमेरिका ने किया नष्ट

वाशिंगटन। पेंटागन ने रविवार को कहा कि अमेरिका ने ईरान द्वारा इजराइल पर दागे गए 80 से अधिक यूएवी और कम से कम छह बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट कर दिया। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि अमेरिकी यूरोपीय कमांड विध्वंसक द्वारा समर्थित अमेरिकी बलों ने शनिवार और रविवार को ईरान और यमन से इजरायल को निशाना बनाने वाले 80 से अधिक ड्रोन और कम से कम छह बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट किया है। सेंटकॉम ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा, "इसमें लॉन्चर वाहन पर एक बैलिस्टिक मिसाइल और यमन में ईरान समर्थित हूतियों द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों में लॉन्च से पहले जमीन पर नष्ट किए गए सात यूएवी शामिल हैं। ईरान ने इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागीं जिसे तेहरान ने सीरिया में ईरान के दूतावास पर एक अप्रैल को किए उसके हमले की प्रतिक्रिया बताया है। ईरान के लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को इजराइली, अमेरिकी और सहयोगी सेनाओं ने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले हवा में ही मार गिराया। एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि शनिवार और रविवार सुबह अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने 80 ड्रोन और कम से कम छह बैलिस्टिक मिसाइलें मार गिरायीं जो ईरान तथा यमन की ओर से इजराइल की ओर छोड़ी गई थीं।



तनाव के बीच पाकिस्तान की यात्रा करेंगे ईरानी राष्ट्रपति

इस्लामाबाद। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी 22 अप्रैल को पाकिस्तान की यात्रा करने वाले हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, रईसी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और सैन्य नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे।

बता दें, रईसी की यात्रा ऐसे समय होगी जब तेहरान ने कुछ दिन पहले ही सीरिया में दमिश्क स्थित अपने वाणिज्य दूतावास पर कथित हमले में इजराइल पर रविवार को मिसाइलों से जवाबी कार्रवाई की है। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया है कि, जनवरी में, ईरान के सीमा पार हमलों के जवाब में पाकिस्तान ने ईरानी क्षेत्र के अंदर आतंकवादियों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन और रॉकेट का उपयोग करके सटीक हमले किए थे। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच आतंकवादी समूह दो ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया था। जैश अल-अदल 2012 में बनाया गया एक बलूच सुन्नी आतंकवादी समूह है जो ज्यादातर पाकिस्तान में सक्रिय है।

ऑस्ट्रेलिया में फिर चाकू से हमला, पादरी समेत कई घायल

सिडनी, एजेंसी

- पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को किया गिरफ्तार

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में चाकूबाजी की एक और घटना सामने आई है। वेकली में स्थित द गुड शेफर्ड चर्च में एक पादरी और इकट्ठा हुए कुछ और लोगों पर हमला किया गया है। चाकूबाजी में कई लोग घायल हुए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना चर्च सर्विस के दौरान हुई है। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही इलाके की घेराबंदी कर ली और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया है कि, आरोपी जांच में मदद कर रहा है।

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें बिशप मार मारी इमैनुएल चर्च की स्टेज पर खड़े हैं। इस दौरान काले जंपर पहने एक शख्स उनकी तरफ भागता है और उन्हें खींचकर सीने पर चाकू मार देता है। इसके बाद पादरी जमीन पर ही गिर जाते हैं और हमलावर उन्हें चार से पांच बार और चाकू मारता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पादरी व अन्य लोगों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में ही वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में शनिवार को चाकूबाजी और गोलीबारी के कारण हड़कंप मच गया था। इस घटना में पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए थे। इस घटना पर सिडनी पुलिस ने सोमवार को बड़े खुलासे किए हैं। पुलिस का कहना है कि हो सकता है कि हमलावर के निशाने पर सिर्फ महिलाएं थीं, क्योंकि घटना में मारे गए छह लोगों में से पांच महिलाएं हैं।

ट्रंप की रैली में लगे बाइडन को खत्म करने के नारे

न्यूयॉर्क। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के चलते अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के खिलाफ भी अमेरिका में भी नाराजगी बढ़ रही है। इसकी बानगी तब देखने को मिली, जब पेन्सिलवेनिया में डोनाल्ड ट्रंप एक रैली को संबोधित कर रहे थे, उसी दौरान कुछ लोगों ने जो बाइडन को खत्म करने के नारे लगाने शुरू कर दिए। जिसके बाद कई अन्य लोगों ने भी ऐसे ही नारे लगाए।

दरअसल डोनाल्ड ट्रंप रैली को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने 'जो बाइडन को खत्म करो' (जेनोसाइड जो) के नारे लगाने शुरू कर दिए। जिन्हें सुनकर डोनाल्ड ट्रंप ने अपना भाषण रोक दिया। इसके बाद कई और लोगों ने भी ऐसे ही नारे लगाने शुरू कर दिए।

रूपाला का टिकट काटने का अल्टीमेटम...

राजकोट: गुजरात की राजकोट लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला के विवादित बयान से खफा क्षत्रिय समाज ने शक्ति प्रदर्शन किया। राजकोट के करीब रतनपर में समाज ने महादरबार (क्षत्रिय अस्मिता महासम्मेलन) लगाया। समाज के नेताओं ने अल्टीमेटम दिया है कि अगर 19 अप्रैल तक रूपाला का टिकट रद नहीं हुआ तो गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों का विरोध होगा। ● एजेंसी

मणिपुर के विस्थापित लोगों की मांग सुनने से सुप्रीम इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा के लिए लगाई थी गुहार

उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में जातीय संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित लगभग 18 हजार लोगों के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इस अदालत का हस्तक्षेप, विशेष रूप से इस विलंबित चरण में, मणिपुर के लिए लोकसभा के आगामी आम चुनावों के संचालन में महत्वपूर्ण बाधाएं पैदा करेगा। पीठ ने कहा, आप अंतिम समय में आये हैं। इस स्तर पर, वस्तुतः क्या किया जा सकता है? हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं कर सकते है। वहीं, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने कहा कि 18,000 आंतरिक रूप से विस्थापित लोग हैं। वे मणिपुर में चुनाव में मतदान करना चाहते हैं।

मणिपुर मई 2023 से हिंसा की चपेट में है। 3 मई को पहली बार राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 160 से अधिक लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग घायल हैं, जब पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्चका आयोजन किया गया था।

सिंगापुर के अगले पीएम होंगे वोंग, ली सीन लूंग छोड़ेंगे पद

सिंगापुर। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने सोमवार को कहा कि वह 15 मई को अपने पद से इस्तीफा देंगे। लॉरेंस वोंग को अगला प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाएगा। वोंग फिलहाल देश के उप प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान में हैंडओवर की तारीख की घोषणा की है। बयान के अनुसार, ली सीन 15 मई को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देंगे और डीपीएम लॉरेंस वोंग अगले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। ली 2004 से सिंगापुर के तीसरे प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी के महासचिव के रूप में कार्यरत हैं।

गैंगस्टर लखबीर लांडा के 12 गुर्गे गिरफ्तार

- कारोबारी से मांगी थी दो करोड़ की रंगदारी, दो लग्जरी बाइक समेत हथियार बरामद

कपूरथला, एजेंसी

पकड़े गए सभी आरोपियों के साथ मौजूद पंजब पुलिस की टीम।

अमेरिका में बैठे गैंगस्टर लखबीर सिंह लंडा के 12 गुर्गों को कपूरथला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने लंडा और उसके यूके रहते साथी हरजीत सिंह भंडाल के कहने पर सुल्तानपुर लोधी के एक कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग करके दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी।

आरोपियों पर पहले भी कई लूटपाट व आर्म्स एक्ट के केस दर्ज हैं। इनसे पुलिस ने 7.65 बोर की एक पिस्टल, एक देसी रिवाल्वर 32 बोर, एक देशी पिस्तौल 7.62 बोर, 26 रौंद और 2 लग्जरी बाइक बरामद किए हैं। एससपी वत्सला गुप्ता ने बताया कि 10 मार्च को कपूरथला से संबंधित एक धनाढ्य व्यक्ति के घर के बाहर फायरिंग करके दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस के पास मामला पहुंचने के बाद सीआईए स्टाफ कपूरथला, डीएसपी-डी और काउंटर इंटेलीजेंस जालंधर की टीम के साथ संयुक्त आपरेशन चलाया गया। इस दौरान तफ्तीश में मालूम हुआ कि अमेरिका बैठा गैंगस्टर लखबीर सिंह उर्फ लंडा निवासी हरिके जिला तरनतारन अपने यूके में रहते साथी हरजीत सिंह भंडाल निवासी गांव चिट्टी थाना लांबड़ा जिला जालंधर के जरिये जिला कपूरथला व इसके आसपास के एरिया में धनाढ्य व एनआरआई को धमकियां देकर रंगदारी की मांग कर रहे हैं। इस पर आपरेशन टीम ने इनपुट और तकनीकी आधार पर ट्रैप लगाकर 12 गुर्गों को सुल्तानपुर लोधी, तरनतारन, संगरूर, जालंधर और शाहकोट से काबू करने में सफलता हासिल की।

पहले मुख्य आरोपी जसवीर सिंह उर्फ जस्सा निवासी गांव गिल नकोदर, यूके रहते हरजीत सिंह का भाई मनिंदर सिंह निवासी गांव चिट्टी जालंधर, गुरजीत सिंह उर्फ ज्ञानी निवासी नकोदर को पहले गिरफ्तार किया गया।

कांगो में आतंकी हमला, 11 लोगों को उतारा मौत के घाट

किंशासा (कांगो)। कांगो में आतंकी हमला हुआ है। इस दौरान हमलावरों ने पूर्वी कांगो में कम से कम 11 लोगों की हत्या कर दी। मीडिया के अनुसार, इस्लामिक स्टेट से जुड़े हमलावरों ने लोगों की हत्या करने के बाद वाहनों में भी आग लगा दी।

इस्लामिक स्टेट से जुड़े हमलावरों ने यह हमला पूर्वी कांगो के गांवों पर हमला किया, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। हमलावरों ने इस दौरान लोगों के संपत्ति पर भी कब्जा कर लिया गया। बता दें, कि यह हमला शनिवार को हुआ था। हालांकि, स्थानीय मेयर ने इसकी जानकारी रविवार को दी। इस्लामिक स्टेट से जुड़े कई ग्रुप युगांडा के आसपास सक्रिय हैं। संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में कहा था कि इस साल इस क्षेत्र में आतंकियों के हमले में करीब 200 लोग मारे गए हैं।

विज्ञान हजारों ग्रहों की खोज के बाद इस उपग्रह के समुद्र में मिले सूक्ष्म जीवन के साक्ष्य

शनि के उपग्रह एन्सेलाडस में ठहरी जीवन की तलाश

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश शनिग्रह के उपग्रह पर जा ठहरी है। इस ग्रह के उपग्रह एन्सेलाडस के समुद्र में ऐसी कोशिकाएं (सूक्ष्म जीवन) के साक्ष्य मिले हैं, जो पृथ्वी के समुद्रतल में भी मौजूद हैं। इस खोज से पुष्टि होती है कि पृथ्वी के अलावा हमारे अपने सौर मंडल के दूसरे ग्रह में भी जीवन मौजूद है।

जीवन की तलाश मे वैज्ञानिक ब्रह्मांड की खाक छानने में जुटे हैं। हजारों ग्रहों की खोज के बाद अब जो सबूत मिले हैं, वह दूसरे ग्रहों पर जीवन बसाने की संभावनाओं को बल देता है। फिलहाल वैज्ञानिक मंगल पर जीवन बसाने की योजनाओं में जुटे हुए हैं, जबकि मंगल पर अभी तक जीवन के कोई ठोस चिन्ह नही मिले हैं। मगर एन्सेलाडस मे सूक्ष्म जीवन की मौजूदगी से उम्मीद जताई जाने लगी है कि भले ही जीवन बसाने का लक्ष्य मंगल ग्रह हो, लेकिन भविष्य में अधिक संभावनाएं शनि ग्रह के उपग्रहों में नजर आती है। बहरहाल एन्सेलेडस की सतह में समुद्र हैं और जलवाष्प के फब्बारे निकलते हैं। नासा के अंतरिक्ष यान कैसिनी के जरिए इसका पता चल पाया है। कैसिनी से प्राप्त डेटा के नए अध्ययन में सब-माइक्रोमीटर कणों के प्रमाण मिले हैं जो पृथ्वी के महासागरों में हाइड्रोथर्मल वेंट में जीवाणु कोशिकाओं के समान आकार के हैं। एन्सेलाडस की सतह पर बर्फ की दरारों से निकलने वाले फब्बारों के आंतरिक भाग में एक तरल महासागर है।

शनि ग्रह के उपग्रह एन्सेलाडस के समुद्र से निकलते फब्बारों की तस्वीर।

शनि ग्रह का उपग्रह एन्सेलाडस एक दिलचस्प छोटी सी दुनिया है, जिसकी बाहरी बर्फ की परत के नीचे खारे पानी का एक वैश्विक महासागर छिपा हुआ है। यह खोज पोलैंड के तीन वैज्ञानिकों द्वारा सामूहिक रूप से की गई है।

समाप्त हो चुका है कैसिनी का मिशन

नासा का अंतरिक्ष मिशन कैसिनी का मुख्य उद्देश्य शनि व इसके उपग्रहों की जांच पड़ताल करना था। इस अंतरिक्ष यान ने शनि के उपग्रहों के करीब पहुंचकर महत्वपूर्ण तस्वीरों को कैमरे में कैद किया और शनि समेत इसके उपग्रहों के अनेक राज हम तक पहुंचाए हैं। जिनका अध्ययन कर वैज्ञानिक आज भी नित नई जानकारी जुटा रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी मिशन का समय अब खत्म हो चुका है।